* ओड़िशा संस्करण

30 अप्रैल, 2023
वैशाख, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 190

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


झारखंड में भी कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज जैसे संस्थान खोलने की दिशा में सरकार करेगी पहल : हेमंत सोरेन






आजाद सिपाही
188100 Subscribers
YouTube Channel
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 30 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in



# आम आदमी का 45 करोड़ी शीशमहल

## ■ आठ-आठ लाख के पर्दे, चार-चार लाख का कमोड, मार्बल वियतनाम का

## ■ लोगों को पच नहीं रही आंदोलन से उपजे अरविंद केजरीवाल की यह शाहखर्ची

**आजाद सिपाही विशेष**

करीब 10 साल पहले जब भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी से सूचना के अधिकार की सीढ़ी के सहारे अन्ना आंदोलन के मंच पर चढ़े अरविंद केजरीवाल ने 2013 में एक नयी पार्टी के साथ दिल्ली की राजनीति में कदम रखा था, तब किसी ने सोचा नहीं था कि आम आदमी पार्टी का यह नेता राजनीति के मैदान में इतनी तेजी से सीढ़ियां चढ़ेगा। लेकिन केजरीवाल ने केवल 10 साल के अंदर ही पार्टी को देश भर में स्थापित कर दिया और इसके साथ ही उनके साथ विवादों का जुड़ना भी शुरू हो गया। एक वक्त था, जब अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के लिए मेट्रो से गये थे। उनके मंत्री शपथ लेने ऑटो और कुछ साइकिल से पहुंचे थे। केजरीवाल को अपना तीन कमरोंवाला ही घर पसंद था, लेकिन जैसे-जैसे उनकी राजनीतिक अभिलाषा बढ़ी, उनका रंग भी सामने आता गया। आज खुद को आम आदमी का मसीहा समझनेवाले अरविंद केजरीवाल को 45 करोड़ के आलीशान महल की जरूरत महसूस पड़ने लगी। लाखों के परदे, लाखों का टॉयलेट सीट, करोड़ों के इंटीरियर्स, मकराना का मार्बल और बेशकीमती लाइट फिटिंग्स की जरूरत महसूस होने लगी। एक आम आदमी का घर 45 करोड़ का! क्या बात है! यहां तो 45 लाख का घर खरीदने के लिए एक आम आदमी को 45 वर्ष की आयु लग जाती है। उसके बाद जीवन भर इएमआइ का लोड। यह होता है एक आम आदमी का जीवन। खैर जैसे-जैसे अरविंद केजरीवाल की लोकप्रियता बढ़ी, वैसे-वैसे लोकतंत्र और भ्रष्टाचार के नाम पर बनी आम आदमी पार्टी दिल्ली के बाद पंजाब में भी सत्तारूढ़ हुई, लेकिन केजरीवाल बीतते समय के साथ विवादों के दलदल में फंसते गये। पहले अपने मंत्रियों-विधायकों के भ्रष्टाचार के कारण केजरीवाल बदनाम हुए और अब अपने शीशमहल को लेकर उनकी खूब किरकिरी हो रही है। चुनावों में जनता ने उनका दिल्ली का विकास मॉडल पंसद किया, लेकिन अपनी शाहखर्ची के कारण इस बार केजरीवाल बुरी तरह घिर गये हैं। अरविंद केजरीवाल ने 2013 में नयी दिल्ली विधानसभा का चुनाव लड़ कर अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की थी और 15 साल से लगातार दिल्ली की सत्ता पर काबिज रही कांग्रेस को शिकस्त देकर भारत की राजनीति का सबसे बड़ा उलटफेर किया था। केजरीवाल ने भारत की सियासत में नया अध्याय तो जरूर जोड़ा है, लेकिन इस बार मामला थोड़ा अलग हो गया है और इस शीशमहल विवाद से उनकी चमक के फीकी पड़ने की आशंका जतायी जाने लगी है। क्या है शीशमहल का विवाद और इसका केजरीवाल की छवि पर क्या असर पड़ रहा है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



**राकेश सिंह**

भारत में कथित रूप से सड़ चुकी राजनीतिक व्यवस्था में करीब 10 साल पहले रोशनी की नयी किरण दिखी थी, जिसे आम आदमी पार्टी का नाम दिया था आइआइटी से स्नातक और भारतीय राजस्व सेवा के अधिकारी से सूचना के अधिकार के सहारे अन्ना आंदोलन के मंच से राजनीति के मैदान में आये खिलाड़ी अरविंद केजरीवाल ने। किसी अजूबे की तरह राजनीतिक फलक पर उभरे केजरीवाल को दिल्ली की जनता ने हाथों-हाथ लिया। महज 10 साल के भीतर ही केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी को क्षेत्रीय से राष्ट्रीय पार्टी बना दिया। इतना ही नहीं, केजरीवाल का मैजिक दिल्ली की सीमाओं से बाहर निकल कर पंजाब तक पहुंच गया और वहां भी आम आदमी पार्टी ने सत्ता हासिल कर ली। इस बात में कोई संदेह नहीं कि केजरीवाल ने महज 10 साल में राजनीति के फलक पर जो इबारत लिखी है, उससे किसी को भी ईर्ष्या हो सकती है। वास्तव में उन्होंने बता दिया है कि अब भारत की राजनीति में केवल कामकाज का मूल्यांकन होगा और वोट भी इसी आधार पर मिलेगा। जोड़-तोड़ और नकारात्मक राजनीति के दिन अब लद चुके हैं।

लेकिन लोकप्रियता बढ़ने के साथ केजरीवाल के साथ नये-नये विवाद भी जुड़ते गये। डॉ कुमार विश्वास जैसे अपने सहयोगियों के खिलाफ कार्रवाई के अलावा अपने विधायकों-मंत्रियों के भ्रष्टाचार, फर्जीवाड़ा और दूसरे आरोपों में घिरने के कारण केजरीवाल की छवि एक सामान्य से दिखनेवाले आम आदमी से हट कर एक ताकतवर और मगरूर राजनेता की बन गयी। इसलिए इस बार जब वह अपनी शाहखर्ची और अपने बंगले के सौंदर्यीकरण पर हो रहे खर्च को लेकर विवादों में घिरे हैं, तो कहा जा रहा है कि इस बार केजरीवाल की चमक फीकी पड़ रही है।

केजरीवाल का शीशमहल इस समय चर्चा का विषय बना हुआ है, क्योंकि जो अरविंद केजरीवाल कहते थे कि उन्हें तीन कमरों से ज्यादा बड़े मकान की जरूरत नहीं है, उनके पास अब दो-मंजिला शीशमहल है, जिसमें सात कमरे हैं। दो किचन, एक जिम और आलीशान ड्राइंग रूम भी है। यह बंगला सभी अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है और इसी शीशमहल की वजह से केजरीवाल पर कई आरोप लगाये जा रहे हैं।



### सीएम आवास को बड़ा बनाने के लिए आठ घरों को खाली कराया गया

केजरीवाल ने अपने घर के पुनर्निर्माण और सौंदर्यीकरण पर 45 करोड़ रुपये खर्च किये हैं। केजरीवाल के शीशमहल में दो टॉयलेट में स्मार्ट टॉयलेट कमोड सीट, जिसकी एक की कीमत चार लाख 27 हजार 872 रुपये है, दोनों की कुल कीमत आठ लाख 55 हजार 744 रुपये है। वहीं एक-एक पर्दा आठ-आठ लाख का, छह करोड़ रुपये के मार्बल, ढाई करोड़ रुपये के बिजली संबंधी फिटिंग और उपकरण, तीन करोड़ रुपये की अग्निशमन प्रणाली, हॉट वॉटर जेनरेटर 25 लाख रुपये, डेढ़ करोड़ रुपये का वार्डरोब और एक करोड़ रुपये के किचन उपकरण लगाये गये हैं। करीब 11 करोड़ रुपये आंतरिक साज-सज्जा के सलाहकार को दिये गये। सुपीरियर कंसल्टेंसी को एक करोड़ रुपये, इतना ही नहीं, इस आवास को बड़ा बनाने के लिए आसपास के आठ घरों को खाली कराया गया है और सीएम आवास कॉम्प्लेक्स का क्षेत्रफल 4.7 एकड़ से बढ़ा कर 7.2 एकड़ किया गया है।

### वियतनाम से मंगाया गया मार्बल

केजरीवाल के सरकारी आवास में मकराना का मार्बल या उसकी ही क्वालिटी का मार्बल लगना था। मकराना संगमरमर की कीमत साढ़े सात सौ रुपये प्रति वर्ग फीट तय की गयी थी, लेकिन तभी इस फैसले को बदल दिया गया और उसकी जगह वियतनाम का मार्बल लगाने पर जोर दिया गया। डियोर पर्ल मार्बल नामक इस संगमरमर की कीमत सवा करोड़ के करीब है और शीशमहल में इसे ही लगाया गया है।

### टेंडर की शर्तों को भी नहीं माना

केजरीवाल के सरकारी आवास के टेंडर की शर्तों के अनुसार ठेकेदार रात्रि पाली के साथ दो या दो से ज्यादा लोगों की शिफ्ट लगा सकता था। इसके लिए ठेकेदार को अलग से भुगतान नहीं किया जाना था। शर्तों के अनुसार घर के पुनर्निर्माण या उससे जुड़े किसी भी काम के लिए कोई अलग से भुगतान ठेकेदार को नहीं करना था, लेकिन यहां शर्तों का उल्लंघन कर केजरीवाल ने ठेकेदार को पूरे 50.30 लाख रुपये का अतिरिक्त भुगतान किया। यहां एक और नियम का जिक्र करना जरूरी है। दरअसल, नियम (जनरल फाइनेंशियल रूल्स) कहता है कि अगर कोई सरकारी काम 10 करोड़ की रकम के ऊपर का होता है, तब उसके संभावित खर्च से जुड़ी फाइलें सीनियर अफसरों के पास जाती हैं, जबकि ओपन टेंडर भी निकाला जाता है। टेंडर के प्रोसेस में आगे लोवेस्ट बिडर (कम बोली लगानेवाले) को टेंडर मिलता है। वहीं, जब यह रकम 10 करोड़ से कम होती है, तब किसी टेंडर की जरूरत नहीं होती। चूंकि, उनके सरकारी घर पर लगभग 45 करोड़ रुपये खर्च हुए, इस लिहाज से उसके लिए ओपन टेंडर निकाला जाना चाहिए था, मगर पूरी रकम पांच टुकड़ों में आवंटित की गयी और इस लिहाज से टेंडर की जरूरत नहीं पड़ी। ऐसे में इन्हीं नियम को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं।

### राजनीतिक भूचाल तो आना ही था

केजरीवाल की शाहखर्ची का मामला सामने आने के साथ स्वाभाविक रूप से राजनीतिक भूचाल भी पैदा हुआ। आम आदमी की छवि रखनेवाले केजरीवाल पहले ही अपने दो मंत्रियों, सत्येंद्र जैन और मनीष सिसोदिया की गिरफ्तारी को लेकर विवादों में घिरे थे। शीशमहल की जानकारी सार्वजनिक होने के बाद उनके लिए मुसीबत बढ़ गयी है। आम आदमी पार्टी की प्रतिक्रिया भी आयी है। पार्टी ने कहा कि सीएम हाउस पुराना हो गया था और वह रहने लायक नहीं था। इसलिए पुराने मकान को तोड़ कर नया मकान बनाया गया है। लेकिन पार्टी ने इस बात का कोई जवाब नहीं दिया कि आठ-आठ लाख के पर्दे और वियतनाम के मार्बल की क्या जरूरत थी। केजरीवाल पर उनके प्रतिद्वंद्वी हमलावर हैं। भाजपा और कांग्रेस, दोनों ही केजरीवाल पर लगातार हमले कर रहे हैं। इस तरह इस शीशमहल ने एक तरह से केजरीवाल की कलई खोल दी है। आम आदमी वाली पहचान रखनेवाले और गाड़ी के नाम पर सस्ती वैगन-आर और घर की लालसा न दिखानेवाले केजरीवाल के आलीशान बंगले की कीमत पता चलने के बाद उनके इस्तीफे की मांग ने भी जोर पकड़ लिया है।

अब केजरीवाल के सामने सबसे बड़ा संकट अपनी छवि को बचाने का है। 10 साल में उन्होंने अपनी और आम आदमी पार्टी की जो छवि बनायी थी, वह अब ध्वस्त हो रही है। अब दिल्ली ही नहीं, पूरे देश की जनता उनकी शाहखर्ची से भौंचक है। जनता यह सवाल खुद से पूछ रही है कि उसने राजनीतिक बदलाव के लिए जिस शख्स को अपना नेता चुना था, वह 10 सालों में ही इतना कैसे बदल गया। जनता के इस सवाल का जवाब अब केजरीवाल को ही देना है।

---

# बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद इडी की रडार पर

दीपक सिंह

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव की कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की रडार पर हैं। बता दें कि झारखंड में इडी राज्य के कई भ्रष्ट नेता और भ्रष्ट अधिकारियों पर कार्रवाई कर रही है। सूत्रों की मानें, तो इडी एक लिखित शिकायत को आधार बनाते हुए अंबा प्रसाद पर कार्रवाई की तैयारी में है। खबर है कि विधायक अंबा प्रसाद के खिलाफ रांची जोनल आफिस में मनी लॉड्रिंग की शिकायत की गयी है। शिकायत के आधार पर इडी के डिप्टी डायरेक्टर स्तर के अधिकारी ने पुलिस से पत्राचार कर अंबा प्रसाद के खिलाफ चल रहे मामलों की सूची मांगी है।



### इडी ने पुलिस से मांगी जानकारी

इडी ने पुलिस विभाग को पत्र भेज कर पूछा है कि अंबा प्रसाद के खिलाफ प्रिडिकेटिव आफेंस का कोई केस दर्ज है? पुलिस ने इस संबंध में पूरी जानकारी इडी को उपलब्ध करायी है है। अंबा प्रसाद के खिलाफ जिन-जिन कांडों की सूची तैयार की गयी है, उनमें केरेडारी, बड़कागांव और कटकमदाग में दर्ज मामले सामने हैं। केरेडारी कांड संख्या 37/18 में अंबा प्रसाद समेत छह लोगों को आरोपी बनाया गया था। इस केस में पुलिस ने चार्जशीट दायर कर दी है। बड़कागांव कांड संख्या 113/21 में अंबा समेत 11 नामजद पर केस दर्ज है। पुलिस ने इडी को लिखे पत्र में बताया है कि कुछ मामलों में अभी जांच चल रही है। कटकमदाग थाना के केस 96/21 में विधायकअंबा प्रसाद को आरोपी बनाया गया है, इस मामले की अब तक जांच चल रही है। कटकमदाग में ही दर्ज कांड संख्या 217/21 में विधायक समेत चार नामजद हैं।

### अंबा बोलीं, मुझे कोई जानकारी नहीं

इडी की कार्रवाई के सवाल पर विधायक अंबा प्रसाद ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। उन्होंने बातचीत में कहा है कि जब नोटिस आयेगा या कार्रवाई होगी, तभी इस मामले में कोई टिप्पणी की जा सकती है। मुझे इस संबंध में बिल्कुल भी जानकारी नहीं है कि इडी क्या कर रही है। इडी की कार्रवाई पर टिप्पणी जानकारी के आधार पर ही होगी।

# मई में 26 हजार शिक्षकों की नियुक्ति का विज्ञापन संभावित

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के प्रारंभिक और माध्यमिक स्कूलों में जल्द की शिक्षकों की नियुक्ति होगी। जिलावार रोस्टर की प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। नियुक्ति के लिए राज्य शिक्षा परियोजना को रोस्टर क्लियर कर जिला से 25,996 पदों पर नियुक्ति की अधियाचना भेज दी गयी है। मई के पहले सप्ताह में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग को यह अधियाचना भेज दी जायेगी। वहीं उम्मीद जतायी जा रही है कि मई के दूसरे सप्ताह तक नियुक्ति का विज्ञापन जारी कर दिया जायेगा। दिवंगत जगरनाथ महतो के रहते हुए प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में 50 हजार शिक्षकों की नियुक्ति के लिए पद सृजित हुए थे। तब जिलों को विभाग से भेजे गये निर्देश में आरक्षण रोस्टर क्लियर करने को कहा गया था। इनमें कक्षा एक से पांच के लिए 20,825 और कक्षा छह से आठ के लिए 29,175 पद शामिल थे।

# झारखंड में दो सरकारें काम कर रहीं: सरयू राय

सुधीर सिन्हा

**गिरिडीह (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय कोलियरी कांग्रेस के अध्यक्ष सह विधायक सरयू राय ने शनिवार को यहां कहा कि उत्तरप्रदेश के माफिया डॉन अतीक अहमद की तर्ज पर झारखंड में भी योगेंद्र तिवारी और प्रेम प्रकाश जैसे लोग काम कर रहे हैं। वह शनिवार को सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने शराब के अवैध कारोबार की बाबत कहा कि जिसने भी शिकायत की, उसे लगातार धमकियां मिल रही हैं। राज्य में स्थिति ऐसी है कि निर्दोष फंस रहे हैं और दोषी बच रहे हैं। राज्य में दो सरकार चल रही हैं। एक हेमंत सोरेन की सरकार और दूसरी कांग्रेस की सरकार। मुख्यमंत्री का भी सरकार पर नियंत्रण नहीं है। जो पावर मुख्यमंत्री का है, वह काम कांग्रेस के मंत्री करते हैं। विधायक सरयू राय ने कहा कि रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन ने सेना की जमीन को भी क्लीन चिट दे दी। डीसी ने दस्तावेज बदल कर सेना की जमीन की भी बिक्री करा दी, लेकिन इडी ने इस फर्जीवाड़े को पकड़ लिया। उन्होंने कहा कि झारखंड में फिलहाल एक कहावत प्रचलित हो रही है कि जो जमीन सरकारी है, वह हमारी है। सरकार के संरक्षण में सरकारी जमीन अधिकारी बेचवा रहे हैं।



### साहिबगंज से भी अधिक अवैध खनन हजारीबाग जिले में हो रहा है: सरयू राय

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। विधायक सरयू राय ने ट्वीट कर कहा है कि साहिबगंज से भी अधिक अवैध खनन हजारीबाग जिले में हो रहा है। जिला प्रशासन, एनटीपीसी, रेलवे और जेएसएमडीसी, राजनेता पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि सबकी सांठगांठ पर से यह कारोबार चल रहा है। उन्होंने अपने ट्वीट में बताया है कि गिरिडीह जाने के रास्ते में हजारीबाग में रुका कुछ पत्रकार, सामाजिक कार्यकर्ता मिले। कोयला के अवैध खनन, परिवहन, व्यवसाय का चौंकानेवाला ब्योरा दिया। अवैध खनन में हजारीबाग ने साहिबगंज को भी मात दे दिया है। इसमें एनटीपीसी, रेलवे, जेएसएमडीसी, जिला प्रशासन, राजनेता सबकी सांठगांठ बताया। राज्य में 1000 करोड़ रुपये की अवैध खनन में मनी लॉड्रिंग की जांच कर रही इडी कई लोगों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल इडी साहिबगंज में अवैध खनन में कार्रवाई करते हुए कई लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वहीं कई लोग इडी के रडार पर हैं, बताया जा रहा है कि हजारीबाग के बरकट्ठा, इचाक, पदमा, टाटीझरिया इलाके में अवैध खनन किया जाता है। इचाक और बरकट्ठा प्रखंड के वन क्षेत्र में कई पत्थर खदान अवैध तरीके से चल रहे हैं। इचाक प्रखंड के डुमरी गांव से सटे पुरनी, खरखरवा, फुलदाहा, गुडकुआ, सिजुआ, साड़म, और टेप्सा में भी अवैध खनन चल रहा है। टाटीझरिया प्रखंड के मुरुमातु सहित दर्जनों गांवों में अवैध खनन का कार्य चल रहा है।

# राजभवन में मन की बात के 100वें एपिसोड को अविस्मरणीय बनाने के लिए की गयी तैयारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन 30 अप्रैल को मन की बात के ऐतिहासिक 100वें एपिसोड को अविस्मरणीय बनाने के लिए राजभवन में की गयी तैयारी का अवलोकन किया। बता दें कि रांची स्थित सूचना प्रसारण मंत्रालय के विभागों यथा आकाशवाणी, दूरदर्शन, पत्र सूचना कार्यालय और केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा राजभवन में मन की बात के इस एपिसोड के स्क्रीनिंग का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में राज्यपाल की उपस्थिति में राज्य के पद्मश्री विजेता समेत राज्य भर से विभिन्न क्षेत्रों के लगभग 100 से अधिक प्रमुख हस्तियों को राज्यपाल के साथ मन की बात के इस 100वें एपिसोड के विशेष प्रसारण को सुनने के लिए राज भवन में आमंत्रित किया गया है। इसके साथ ही झारखंड के जिन लोगों का उनके सामाजिक योगदान के लिए पीएम द्वारा मन की बात के विभिन्न प्रसारणों में जिक्र किया गया है, वो भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो द्वारा राजभवन में मन की बात पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी भी लगायी जा रही है, इसका उद्घाटन राज्यपाल द्वारा किया जायेगा।

**केंद्रीय संचार ब्यूरो की ओर से राजभवन में मन की बात पर आधारित एक विशेष प्रदर्शनी भी**

# पति के सामने से पत्नी को उठा ले गये, किया सामूहिक दुष्कर्म

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज जिला में बोरियो थाना क्षेत्र में एक आदिवासी महिला के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में महिला के पति ने पुलिस में शिकायत की है। पीड़िता की तबीयत बिगड़ने के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि बरहेट थाना क्षेत्र निवासी एक युवक अपनी पत्नी के साथ गुरुवार शाम मेला देख कर बोरियो स्थित ससुराल लौट रहा था। इसी दौरान गांव के पास पांच-छह बदमाशों ने पति-पत्नी को घेर लिया। इसके बाद उन्होंने महिला से छेड़खानी की और उसके पति द्वारा विरोध करने पर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। इस बीच युवक किसी तरह वहां से भाग कर लोगों को बुलाने गांव पहुंचा। उसने मामले की जानकारी अपने ससुर को दी। सभी घटनास्थल पर पहुंचे, तो वहां कोई नहीं था। देर रात तक महिला को ढूंढ़ा गया। इधर गुरुवार को ही देर रात लगभग 3 बजे बदहवास होकर महिला गांव पहुंची। उसने साथ हुए दुष्कर्म की जानकारी परिजनों को दी। घर पहुंचने के बाद महिला की हालत गंभीर हो गई, जिसके बाद परिजनों द्वारा शुक्रवार को उसे बोरियो अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बोरियो थाना प्रभारी जगन्नाथ पान ने बताया कि इस मामले में केस संख्या 96/23 दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

**पीड़िता की हालत गंभीर, सदर अस्पताल रेफर**

www.epaper.azadsipahi.in

30 अप्रैल, 2023
वैशाख, शुक्ल पक्ष, दशमी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 190

बायजूस के सीइओ रवींद्रन के दफ्तर और घर पर इडी की रेड, आपत्तिजनक दस्तावेज डिजीटल डेटा जब्त






### पीएम नरेंद्र मोदी आज एक बार फिर लोगों से होंगे रूबरू

# 'मन की बात' कार्यक्रम आज लगायेगा सेंचुरी

- भाजपा ने की चार लाख जगहों पर सुनने की व्यवस्था
- झारखंड में भी गांव-गांव तक की गयी है तैयारी
- सुबह 11 बजे से रेडियो पर होगा प्रसारण
- यूएन मुख्यालय में भी सुना जायेगा लाइव
- बिल गेट्स ने दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली/रांची।** 'मन की बात' कार्यक्रम का रविवार को 100वां एपिसोड पूरा होने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कार्यक्रम के जरिए एक बार फिर लोगों से रू-ब-रू होंगे। कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू होगा। कार्यक्रम के शतकीय पारी लागने पर भाजपा ने खास तैयारी की है। इसे ऐतिहासिक बनाने की तैयारी की गयी है। भाजपा सूत्रों के मुताबिक देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सुनने के लिए चार लाख स्थानों पर व्यवस्था की गयी है। झारखंड में भी कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता प्रदेश से लेकर जिला और प्रखंड स्तर तक तैयारी की गयी है। उधर, खास बात यह है कि इस बार कार्यक्रम का प्रसारण संयुक्त राष्ट्र के मुख्यालय में भी किया जायेगा। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने पीएम नरेंद्र मोदी को बधाई दी है।

**हर विधानसभा क्षेत्र में होगा प्रसारण :** भाजपा ने 'मन की बात' की 100वीं कड़ी को अभूतपूर्व जनसंपर्क कार्यक्रम बनाने की पूरी तैयारी कर ली है। देश के हर विधानसभा क्षेत्र में औसतन 100 स्थानों पर इसे आयोजित करने की तैयारी है। भाजपा सांसद और विधायक इस कवायद की निगरानी के लिए अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में रहेंगे। पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी अलग-अलग क्षेत्र में रहेंगे। देश के विभिन्न राज्यों के राज्यपाल के कार्यालय, अधिकारियों के कार्यालय अदि जगहों पर भी कार्यक्रम को सुनने के लिए विशेष व्यवस्था की गयी है।

**विदेशों में भी सुनने की व्यवस्था :** भाजपा सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को देश ही नहीं विदेशों में भी कई जगह सुनने की व्यवस्था की गयी है। यूएन ने ट्वीट पर कहा कि ऐतिहासिक क्षण के लिए तैयार हो जाइये। पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100वां एपिसोड का लाइव प्रसारण यूएन मुख्यालय में ट्रस्टीशिप काउंसिल चैंबर में भी दिखाया जायेगा। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भारतीय समयनुसार 30 अप्रैल को सुबह के 11 बजे होगा, तब न्यूयॉर्क में डेढ़ बज रहा होगा। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में रविवार को इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण ऐतिहासिक और अभूतपूर्व होगा। न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास, सामुदायिक संगठन के साथ मिल कर भारतीय-अमेरिकी और प्रवासी समुदाय के लिए न्यू जर्सी में रविवार डेढ़ बजे इस कार्यक्रम की मेजबानी करेंगे। माइक्रोसॉफ्ट के सह-संस्थापक बिल गेट्स ने कहा है कि मन की बात ने महिलाओं के आर्थिक, सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, स्वच्छता और अन्य मुद्दों पर विकास के क्षेत्र में जागरूक किया है।



'मन की बात' के 100वें एपिसोड सुनने के लिए राज भवन में भी तैयारी की गयी है।

### झारखंड प्रसारण सुनने को है तैयार

**'मन की बात' कार्यक्रम 2014 में शुरू हुआ था। यह हर महीने के आखिरी रविवार को प्रसारित किया जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसके जरिए लोगों से रू-ब-रू होते हैं। जिस साल वह सत्ता में आये थे, तब से कार्यक्रम जारी है। राज्य भर से विभिन्न क्षेत्रों की 100 प्रमुख हस्तियों भी राज्यपाल के साथ मन की बात सुनने के लिए राजभवन में आमंत्रित किया गया है। इसी तरह पार्टी के स्तर पर भी प्रदेश से लेकर प्रखंड तक तैयारी की गयी है।**

# नामकुम में 100 करोड़ की जमीन की हो गयी घेराबंदी

### हंसराज वाधवा विद्यालय की जमीन होने की चर्चा, पर कब्जा करनेवाले का पता नहीं

- हेडमास्टर ने सीओ को पत्र लिख कार्रवाई की मांग की
- सीओ ने एसडीओ से कार्रवाई की अनुशंसा की

अजय शर्मा

**रांची (आजाद सिपाही)।** शहर से सटे नामकुम अंचल में एक बड़े भूखंड पर दिन-रात काम लगा कर चहारदीवारी खड़ी कर दी गयी है। करीब आठ एकड़ जमीन की घेराबंदी कर ली गयी है। इसकी कीमत एक सौ करोड़ रुपये है। अब इस जमीन के मालिकाना हक को लेकर अलग-अलग दावे किये जा रहे हैं। सबसे अहम सवाल यह है कि चहारदीवारी किसने की, इसको लेकर कोई भी व्यक्ति फिलहाल कुछ भी कहने को तैयार नहीं है। जिस जमीन की घेरेबंदी की गयी है, वहां राजकीयकृत हंसराज वाधवा प्लस टू उच्च विद्यालय है। चर्चा है कि यह पूरा भूखंड उसी विद्यालय का है, जिसे राज्यपाल ने स्कूल को सौंपा था।



हालांकि स्कूल के पास भी इससे संबंधित कोई दस्तावेज नहीं है। स्कूल के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने जब चहारदीवारी का निर्माण देखा, तो उन्होंने इसकी शिकायत नामकुम अंचल के सीओ से की और निर्माण का काम रोकने का अनुरोध किया।

### सीओ ने कार्रवाई की अनुशंसा की

नामकुम अंचल के सीओ ने स्कूल के प्रधानाध्यापक के आवेदन के आधार पर राजस्व उपनिरीक्षक, अंचल अमीन और अंचल निरीक्षक से जांच करायी। उनकी रिपोर्ट के आधार पर उस भूखंड पर तत्काल धारा 144 के तहत कार्रवाई करने का अनुरोध सीओ ने रांची के एसडीओ से किया। सीओ ने यह पत्र 10 अप्रैल को लिखा। इस पत्र के आधार पर क्या कार्रवाई हुई, इसकी भी जानकारी किसी अधिकारी के पास नहीं है। लेकिन इतना साफ है कि करीब सात एकड़ 78 डिसमिल भूखंड पर अब कब्जा हो चुका है। इसमें बड़े नाम आ रहे हैं। स्कूल के पास तो अब एक एकड़ से भी कम भूखंड बचा है। इलाके के लोगों का कहना है भूखंड विद्यालय का है। यह कभी जमींदार का हुआ करता था, लेकिन अब कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से उसमें चहारदीवारी बनवा दी गयी है।

### गैरमजरुआ जमीन है, मालिक खेवट

सीओ की रिपोर्ट अगर सही है, तो इस भूखंड का मालिक खेवट है और भूमि गैर-मजरुआ नेचर की है। यह जमीन पहले जमींदार की रही होगी, लेकिन बाद में उसे सरेंडर कर दिया गया होगा। अंचल में मौजूद दस्तावेज में उस जमीन का लगान पाने वाले का नाम हरबंस लाल साहू दर्ज है। थाना संख्या 214 खाता नंबर 102 प्लॉट संख्या 137 का कुल रकबा आठ एकड़ 78 डिसमिल है। पंजी टू में इसी में से सात एकड़ 78 डिसमिल जमीन नंदकुमार लाल के नाम से दर्ज है, लेकिन वह कौन हैं, कहां रहते हैं, इसकी सही जानकारी किसी के पास नहीं है। फिलहाल चहारदीवारी की चर्चा पूरे नामकुम में हो रही है।

# जेइइ मेंस में 43 छात्रों को मिला एनटीए 100 फीसदी पर्सेंटाइल

- नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने जारी किया फाइनल रिजल्ट
- आयुष 99.99 फीसदी पर्सेंटाइल के साथ बने झारखंड के टॉपर

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने इंजीनियरिंग दाखिलों के लिए देश की सबसे बड़ी संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य यानी जेइइ मेन रिजल्ट 2023 को एनटीए जेइइ की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया है। देश में 43 छात्रों ने 100 फीसदी एनटीए पर्सेंटाइल हालिस किया है। जेइइ मेन परीक्षा 2023 सत्र 2 यानी अप्रैल सत्र के लिए उपस्थित सभी उम्मीदवारों द्वारा स्कोर कार्ड को जेइइ मेन वेबसाइट के साथ एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर देखा जा सकता है। आयुष कुमार सिंह झारखंड के टॉपर बने हैं। हालांकि उन्हें 100 पर्सेंटाइल से थोड़ा सा कम अंक आया। इस वर्ष लगभग नौ लाख उम्मीदवार जेइइ मेंस सत्र 2 परीक्षा 2023 के लिए उपस्थित हुए हैं। परिणामों के साथ, अंतिम उत्तर कुंजी, टॉपर्स सूची, अखिल भारतीय रैंक सूची, कट ऑफ, पर्सेंटाइल और अन्य जानकारी भी जेइइ की आधिकारिक वेबसाइट पर जारी की जायेगी। जेइइ मेन रिजल्ट को चेक करने के लिए अपने आवेदन संख्या और जन्म तिथि का उपयोग करना होगा। एनटीए ने 100 पर्सेंटाइल लाने वाले 43 छात्रों की सूची जारी की है। इसके अलावा राज्यवार टॉपर का भी नाम जारी किया है। झारखंड से आयुष कुमार सिंह 99.995619 पर्सेंटाइल लाकर राज्य के टॉपर बने हैं। उनका देश भर में 108वां रैंक है।

# गैंगस्टर एक्ट में मुख्तार को 10 और अफजाल को चार साल की सजा सुनायी

- बसपा सांसद अफजाल की सदस्यता जायेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गाजीपुर।** माफिया मुख्तार अंसारी को गैंगस्टर मामले में गाजीपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट ने 10 साल और उसके भाई बसपा सांसद अफजाल को 4 साल की सजा सुनायी है। मुख्तार पर 5 लाख और अफजाल पर 1 लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया गया है। अफजाल को कड़ी सुरक्षा के बीच गाजीपुर जेल भेज दिया गया है। मुख्तार पहले से ही बांदा जेल में बंद है। इससे पहले तक सांसद अफजाल जमानत पर था। मुख्तार की पेशी जेल से ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई। जबकि अफजाल खुद कोर्ट पहुंचा। अफजाल को दो साल से ज्यादा की सजा हुई है। ऐसे में उसकी संसद सदस्यता जाना तय है। वह 30 दिन के अंदर फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट में अपील कर सकेंगे।

**2007 में दर्ज हुआ था गैंगस्टर का केस :** अंसारी भाइयों पर गैंगस्टर एक्ट का ये मामला 2007 में कृष्णानंद राय की हत्या के दो साल बाद दर्ज किया गया था। केस में राय की हत्या के बाद हुई आगजनी और कारोबारी नंद किशोर रुंगटा की अपहरण-हत्या को आधार बनाया गया था। कृष्णानंद राय की हत्या मामले में कोर्ट अंसारी भाइयों को बरी कर चुका है। लेकिन, गैंगस्टर एक्ट का यह मामला इसी से जुड़ा है। 23 सितंबर 2022 को दोनों भाई पर गैंगस्टर एक्ट के तहत आरोप तय हुए थे। इस मामले में 15 अप्रैल को फैसला आना था। हालांकि, जज के छुट्टी पर जाने से सुनवाई टल गयी थी।

**हाइकोर्ट से भी नहीं मिली राहत :** पिछले दिनों अफजाल अंसारी ने कहा था कि हम पर हत्या का जो केस लगाया था उसमें कोर्ट बरी कर चुका है। ऐसे में गैंगस्टर एक्ट के मुकदमे का कोई आधार नहीं बनता है। हत्या से बरी होने की बात को आधार बनाते हुए अफजाल गैंगस्टर केस के खिलाफ हाईकोर्ट गया था। हालांकि, वहां राहत नहीं मिली थी।





SHARDA GLOBAL SCHOOL
Bukru, Kanke, Ranchi
Affiliated to C.B.S.E. (10+2), New Delhi

Admission Notice For Std. XI
For Session: 2023-24
Stream : Science, Commerce & Humanities

- No Admission Charges for our own students.
- Scholarship facility available for external students.
- Hostel facility available (Only for Boys)

Sailent Features :

- Opportunity to participate in various CBSE Competitions and Inter School Competitions held at different reputed institutions.
- Human library concept organized by Visiting Scholars on issues like mental health, communication and leadership skills.
- Academic support for students appearing in competitive exams such as JEE/NEET/CLAT/CUET
- Career Counselling and Vocational Support for students appearing in interviews of different colleges.
- Enhancement Class for students requiring extra support in academics.
- No academic classes on Saturday-Club activities such as Music/Dance Literacy Club etc.
- Bus facility provided from every corner of the city.

Contact : 7542983222, 9931039500, 7541820401
Website : www.shardaglobalschool.com I e-mail : shardaglobalschool@gmail.com

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


## आज सड़कों पर उतरेंगे हजारों आजसू कार्यकर्ता

### मोरहाबादी बापू वाटिका से सुदेश महतो समेत कई नेता पैदल मार्च कर पहुंचेंगे हरमू मैदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सरकार की जनविरोधी नीतियों तथा सात सूत्री मांगों को लेकर 30 अप्रैल को आजसू पार्टी के हजारों कार्यकर्ता सड़कों पर उतरेंगे। आजसू प्रमुख सुदेश महतो सहित तमाम नेता, कार्यकर्ता बापू वाटिका, मोरहाबादी से पैदल मार्च कर हरमू मैदान पहुंचेंगे और सरकार की नाकामियों तथा जनविरोधी नीतियों के खिलाफ हल्ला बोलेंगे।

सामाजिक न्याय मार्च की जानकारी देते हुए आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने शनिवार को कहा कि राज्य की वर्तमान सरकार ने न सिर्फ बड़ी आबादी के साथ धोखा किया है, बल्कि जनादेश का भी अपमान किया है। जनमानस में व्याप्त बेचैनी एवं निराशा को देखते हुए आजसू पार्टी कल सड़कों पर उतरेगी। खुद केंद्रीय अध्यक्ष ने पार्टी के सभी स्तर के पदाधिकारियों, अनुषंगी इकाई के पदाधिकारियों के साथ व्यापक रणनीति बनायी है। डॉ. भगत ने कहा कि बापू वाटिका, मोरहाबादी से पैदल मार्च कर राज्य के कोने-कोने से पहुंचे नेता, कार्यकर्ता हरमू मैदान पहुंचेंगे, जहां आयोजित सामाजिक न्याय सभा को झारखंड के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो संबोधित करेंगे।

## दीपक प्रकाश, समरीलाल सहित 16 के खिलाफ 2 मई को सुनवाई

### राज्य सरकार की कृषि नीति के खिलाफ किया था प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनामिका किस्कू की अदालत में शनिवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, कांके विधायक समरीलाल समेत 16 आरोपी उपस्थित हुए। हालांकि अदालत के नहीं बैठने के कारण सुनवाई टल गयी। अब अगली सुनवाई 2 मई को होगी। उस दिन आरोपियों को अदालत में हाजिर रहना है। मामले में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता सुधीर श्रीवास्तव पक्ष रख रहे हैं। बता दें कि हेमंत सरकार ने किसानों से धान खरीदी और किसानों को भुगतान नहीं कर पा रही थी। इस मुद्दे के साथ राज्य सरकार की कृषि नीति के खिलाफ किसानों के हित के लिए भाजपा नेताओं ने कांके के सुकुरहुटू में 18 जून 2021 को आंदोलन प्रदर्शन किया था। इस मामले में तत्कालीन अंचल निरीक्षक बासुकीनाथ टुडू के लिखित रिपोर्ट पर कांके थाना में दीपक प्रकाश, समरी लाल समेत अन्य 75-80 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गयी थी।

## नवरत्न गढ़ को राष्ट्रीय मानचित्र पर लाने के लिए पीएम का आभार: प्रतुल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता और शाहदेव युवा संगठन के पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष प्रतुल शाहदेव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार का आभार व्यक्त किया। कहा कि देश की संस्कृतिक मंत्रालय ने नवरत्न गढ़ को 12 ऐतिहासिक धरोहरों में चुना गया है। झारखंड में नागवंशी शाह देवों का लंबा गौरवशाली इतिहास रहा है। नवरत्न गढ़ महाराजा दुर्जन साल की राजधानी थी। प्रधानमंत्री और केंद्र सरकार के इस निर्णय के बाद सैकड़ों वर्षों से उपेक्षित पड़े इस गढ़ को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति मिलेगी। प्रतुल ने कहा कि नागवंशी शाहदेव साम्राज्य ने हजारों वर्ष तक झारखंड की सांस्कृतिक विरासत को बचा कर रखा नवरत्न गढ़ इसी विरासत का एक उत्कृष्ट नमूना है। प्रतुल ने पूरे नागवंशी शाहदेव परिवार की तरफ से भी प्रधानमंत्री का इस ऐतिहासिक कदम के लिए आभार व्यक्त किया।

## आरक्षण का लाभ नहीं देने पर हाइकोर्ट ने राज्य सरकार और जेपीएससी से मांगा जवाब

रांची (आजाद सिपाही)। शनिवार को पहली सीमित डिप्टी कलेक्टर परीक्षा 2005 में स्पोर्ट्स कोटा के अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ नहीं देने को लेकर दाखिल कमलेश राय की याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति डॉ एसएन पाठक की कोर्ट ने राज्य सरकार और जेपीएससी को चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता अमृतांश उत्स ने पैरवी की। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि उक्त परीक्षा 2019 में ली गयी थी। मार्च 2023 में रिजल्ट निकलने के बाद 50 सीटों में से 45 अभ्यर्थियों की नियुक्ति की गयी। उक्त परीक्षा में 50 पदों में से एक सीट स्पोर्ट्स कोटा के लिए आरक्षित थी, लेकिन स्पोर्ट्स कोटा के अभ्यर्थियों को आरक्षण का लाभ नहीं दिया गया। उनकी ओर से कोर्ट को बताया गया कि प्रार्थी स्पोर्ट्स कोटा से आते हैं, अगर स्पोर्ट्स कोटा के आरक्षण का लाभ उन्हें दिया जाता, तो उनका चयन इस परीक्षा में हो जाता। बता दें कि इस परीक्षा के लिए वर्ष 2005 में विज्ञापन निकाला गया था, लेकिन नियुक्ति प्रक्रिया 2023 में पूरी की गयी थी।

### 100वें संस्करण की पूर्व संध्या पर प्रदेश भाजपा ने मनाया दीपोत्सव

# दीए की तरह हर घर को प्रकाशित करता है मन की बात कार्यक्रम : दीपक प्रकाश

### आज झारखंड में 900 स्थानों पर 10 लाख लोग सुनेंगे मन की बात कार्यक्रम




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100 वें संस्करण के पूर्व संध्या शनिवार को राज्य के सभी जिलों में दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया। सभी जिलों में हजारों कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, पार्टी के पदाधिकारी शामिल हुए और दीप जलाकर कार्यक्रम का स्वागत किया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित दीपोत्सव कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी, प्रदेश मंत्री सुबोध सिंह गुड्डू, विधायक नवीन जयसवाल, सांसद संजय सेठ, महानगर जिला के अध्यक्ष केके गुप्ता, सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक, अमित सिंह, राहुल अवस्थी, सीमा शर्मा, कमाल खान, गुरविंदर सेठी, रमेश सिंह, सीताराम रवि, वरुण साहू, बलराम सिंह, नीरज सिंह, जितेंद्र पटेल, जितेंद्र वर्मा, सीमा सिंह, लक्ष्मी कुमारी, बबीता वर्मा, सुबेश पांडेय, विकास रवि, उमेश यादव, सुजीत शर्मा, पप्पू वर्मा सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। इस अवसर पर दीपक प्रकाश ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम विश्व स्तर पर संवाद का सबसे बड़ा कार्यक्रम है। जो भारत जैसे लोकतांत्रिक देश के जन-जन को अपने प्रधानमंत्री से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि यह अनूठा और ऐतिहासिक कार्यक्रम एक दिए की तरह भारत के हर घर को प्रकाशित करता है।

### 81 विधानसभा के 8100 कार्यक्रम सहित 900 स्थानों पर होंगे विशेष कार्यक्रम

प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने बताया कि पार्टी के द्वारा राज्य के 81 विधानसभा क्षेत्रों में प्रति विधानसभा क्षेत्र 100 स्थान के हिसाब से 8100 कार्यक्रम साथ ही 900 स्थानों पर पंचायत से लेकर संसद तक के जनप्रतिनिधियों के द्वारा विशेष कार्यक्रम भी आयोजित है जिसमें 10 लाख लोग प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित होकर प्रधानमंत्री जी को सुनेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के दिल में झारखंड बसता है। इसलिए मन की बात कार्यक्रम में कई बार प्रधानमंत्री ने झारखंड की मिट्टी से जुड़े बातों की चर्चा की है।

## इडी ने आइएएस छवि रंजन को 4 मई और विष्णु अग्रवाल को 8 मई को पूछताछ के लिए बुलाया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जमीन घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को फिर समन जारी किया है। उन्हें पूछताछ के लिए 4 मई को इडी ऑफिस बुलाया गया है। वहीं रांची के सब रजिस्ट्रार वैभव मणि त्रिपाठी को 1 मई, विष्णु अग्रवाल को 8 मई और कोलकाता के एडिशनल रजिस्ट्रार त्रिदिप मिश्रा को 2 मई को पूछताछ के लिए बुलाया गया है। जमीन घोटाला मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच कर रही इडी ने इससे पहले 13 अप्रैल को आइएएस अधिकारी छवि रंजन सहित 18 लोगों के 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद सात आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया था।

छापेमारी के दौरान कई फर्जी डीड, मुहर और स्टांप बरामद हुए थे। इस मामले में इडी ने छवि रंजन को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था। तीसरे समन पर 24 अप्रैल को वह इडी ऑफिस पहुंचे थे, जहां उनसे 10 घंटे तक पूछताछ की गयी थी। रिमांड पर लिये गये सभी आरोपियों के सामने बिठा कर उनसे सवाल पूछे गये थे। बैंक और प्रॉपर्टी का डिटेल्स मांगा गया था। साथ ही उन्हें 1 मई को हाजिर होने को कहा था। लेकिन शुक्रवार को उन्हें फिर समन जारी कर 4 मई को पूछताछ के लिए हाजिर होने को कहा गया है।

### चेशायर होम रोड में स्थित जमीन की दोबारा जांच शुरू

चेशायर होम रोड में एक एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री मामले में रांची सदर थाना पुलिस ने जिस केस (कांड संख्या 399/22) को बंद कर कोर्ट में क्लोजर रिपोर्ट दे दी थी, अब उसकी फिर से जांच शुरू कर दी है। दरअसल, इस मामले में इडी ने पुलिस को पत्र भेज कर बताया था कि कैसे रेकॉर्ड में छेड़छाड़ कर फर्जीवाडा किया गया और जमीन की खरीद-बिक्री हुई। इसके बाद रांची पुलिस ने कोर्ट को जानकारी देकर केस री-ओपेन किया। अब पुलिस रेकॉर्ड की जांच के लिए कोलकाता रजिस्ट्री ऑफिस जाने की तैयारी में है। क्योंकि इडी ने पुलिस को बताया है कि सर्किल ऑफिस बड़गाईं, रांची और रजिस्ट्रार ऑफ एश्योरेंस (रिकॉर्ड) कोलकाता ऑफिस में 9 से 15 फरवरी तक रिकॉर्ड की जांच की गयी थी। इसमें पाया गया था कि ऑरिजनल रेकॉर्ड में फर्जीवाड़ा किया गया और बैक डेट से एंट्री की गयी।

### अब इन्हें भी समन भेजने की तैयारी

इडी ने 26 अप्रैल को भी छवि रंजन के करीबियों के छह ठिकानों पर छापेमारी की थी। इनमें जमशेदपुर के रवि सिंह भाटिया और श्याम सिंह, रांची के विपिन सिंह, शेखर कुशवाहा और प्रियरंजन सहाय शामिल थे। अब इन लोगों को भी जल्दी ही समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया जायेगा।

### गिरफ्तार आरोपियों ने कहा था : छवि रंजन के कहने पर किया फर्जीवाड़ा

जांच एजेंसी ने इस मामले में बड़गाईं अंचल के राजस्व उप निरीक्षक भानु प्रताप प्रसाद और प्रदीप बागची सहित सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इन पर जमीन के मूल दस्तावेज में छेड़छाड़ कर फर्जीवाड़ा करने, फर्जी दस्तावेज पर होल्डिंग नंबर लेने आदि आरोपों की पुष्टि हो चुकी है। छवि रंजन के सामने पूछताछ में इन्होंने कहा था कि छवि रंजन के कहने पर ही फर्जीवाड़ा किया है। इडी ने सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ और चेशायर होम रोड की एक एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जांच में फर्जीवाड़ा पकड़ा है।

## मुख्य सचिव के निर्देश पर खुले कई विभाग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह के निर्देश के बाद शनिवार को भी सचिवालय के अधिकांश विभाग खोले गये। बजट शाखा के अतिरिक्त सभी कार्यालयों को खुला रखा गया। अधिकारियों और कर्मियों को सामान्य दिनों की तरह कामकाज पर बुलाया गया। कार्यालय खोल कर विभिन्न योजनाओं की राशि रिलीज की गयी। विभाग ने विजिट पर गये अनुसमर्थन दल की पूरी टीम को भी मुख्यालय में बुला लिया है और उन्हें योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए बजटीय राशि को आवश्यकता आधार पर रिलीज करने की दिशा में कार्य करने को कहा है। पीएम आवास, मनरेगा, जलछाजन सहित अन्य योजनाओं के लिए राशि दी गयी। यह स्थिति सचिवालय के अन्य विभाग पथ निर्माण, नगर विकास विभाग सहित अन्य सभी वर्क्स विभागों में भी थी। मुख्य सचिव सुखदेव सिंह ने सभी विभागों को 30 अप्रैल तक हर हाल में आवश्यकता आधारित राशि का आवंटन करने को कहा है। सीएस ने कहा कि इस वित्त वर्ष 2023-24 मॉनसून प्रारंभ होने के पहले योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लायी जा सकती है।

## मन की बात के 100वें एपिसोड का प्रसारण जरूर सुनें: अजय मारू

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 100वां एपिसोड प्रसारित होनेवाला है। पूर्व सांसद अजय मारू ने कहा कि यह प्रसारण मोबाइल, रेडियो और टीवी के सभी समाचार चैनलों पर रविवार सुबह 11 बजे सुना और देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री इस प्रसारण के माध्यम से देश के विकास की बात, अलग-अलग प्रदेशों के आम जनों के द्वारा किये गये विशिष्ट कार्य का उल्लेख और विभिन्न मुद्दों पर आम लोगों से सीधा संवाद करके देशवासियों को खासकर युवाओं को प्रोत्साहित करते हैं। मन की बात के इस कार्यक्रम का पिछले 99 महीनों से माह के अंतिम रविवार को सुबह 11 बजे प्रसारण होता है, जिसे करोड़ों देशवासी देखते और सुनते हैं। यह भी एक कीर्तिमान है कि किसी देश का प्रधानमंत्री नागरिकों से निरंतर इस प्रकार का संवाद करते हैं। उन्होंने आम जनों से के साथ युवा और बच्चों से अनुरोध करते हुए इसका प्रसारण जरूर सुनें।

## मन की बात देश के नागरिकों के मन की बात है: दीपक बंका

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड का प्रसारण 30 अप्रैल को पूरे देश में किया जायेगा। भाजपा द्वारा इस कार्यक्रम का वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने का लक्ष्य रखा गया है। देश में खासकर झारखंड राज्य में भारतीय जनता पार्टी से जुड़े सभी नेता, कार्यकर्ता बहुत जोर शोर से इस कार्यक्रम की तैयारी कर रहे हैं। इसी क्रम में भाजपा झारखंड के कोषाध्यक्ष दीपक बंका ने बताया कि वह रांची के बुकरू ग्राम के मंडल 228 में ग्राम वासियों के साथ मन की बात सुनेंगे। उन्होंने कहा कि इसे लेकर सारी व्यवस्था कर ली गयी है। वहीं इस कार्यक्रम के बाद गांववालों के साथ चर्चा की जायेगी। गांववाले भी इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साहित हैं। मन की बात सिर्फ मोदी जी के मन की ही बात नहीं रहती, बल्कि देश के नागरिकों के मन की बात रहती है। पीएम मोदी समाज में इस कार्यक्रम के माध्यम से एक क्रांतिकारी बदलाव ला रहे हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में कुछ खास उपलब्धियों को इस प्रोग्राम के माध्यम से मोदी जनता के बीच लाते हैं। यह प्रोग्राम राजनीतिक ना होकर देश और समाज के विकास का माध्यम होता है।

## धुंडीराज गोविंद फाल्के का 153वां जन्मदिवस धूमधाम से मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के मारवाड़ी कॉलेज के डिजिटल फोटोग्राफी और फिल्म निर्माण विभाग में शनिवार को धुंडीराज गोविंद फाल्के उर्फ दादा साहेब फाल्के का 153वां जन्मदिवस मनाया गया। धुंडीराज भारतीय सिनेमा के जनक माने जाते हैं।

मौके पर विभाग के पाठ्यक्रम निदेशक डॉक्टर सुशील कुमार अंकन ने कहा कि भारतीय सिनेमा के शुरूआती दिन काफी चुनौती भरे थे। उन विपरीत परिस्थितियों में भी दादा साहेब फाल्के ने अपनी पूरी संपत्ति को दांव पर लगा कर फिल्म निर्माण के गुर विदेशों में जाकर सीखे। 1913 में राजा हरिश्चंद्र नामक फिल्म बना कर भारतीय सिनेमा की नींव रखी। उस समय महिलाओं की भूमिकाएं भी पुरुष पात्र ही किया करते थे।


फोटोग्राफी और फिल्म निर्माण विभाग के विद्यार्थियों को दादा साहेब फाल्के के जीवन से काफी प्रेरणा मिली और उन्होंने दादा साहेब के पद चिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर कई छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

उल्लेखनीय है कि दादा साहेब फाल्के का जन्मदिन 30 अप्रैल को है, लेकिन रविवार होने के कारण विद्यार्थियों ने उनका जन्मदिन शनिवार को ही मनाया।

## चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम पर चलेगा मुकदमा

### आरोप पत्र पर इडी कोर्ट ने लिया संज्ञान, 12 मई को आरोपियों को उपस्थित होने का आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम सहित चार लोगों पर अब मुकदमा चलेगा। उन पर मनी लांड्रिग का मामला है। उन पर गठित आरोप पत्र पर इडी ने संज्ञान लिया। अब मनी लांड्रिंग मामले में चारों आरोपियों पर ट्रायल शुरू होगा। वहीं इस मामले में सभी आरोपियों को 12 मई को कोर्ट में हाजिर होने को कहा गया है। इडी ने 21 अप्रैल को वीरेंद्र राम, उनके भाई आलोक रंजन, वीरेंद्र राम की पत्नी राजकुमारी देवी और पिता गेंदा राम के खिलाफ इडी की अदालत में विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट में दायर हुआ है।

ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम को इडी ने 22 फरवरी को आय से अधिक संपत्ति मामले में गिरफ्तार किया था। 21 फरवरी को ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम के कुल 24 ठिकानों पर छापा मारा गया था। इस दौरान वीरेंद्र राम द्वारा बनायी गयी कंपनियों के अलावा 100 करोड़ रुपये की संपत्ति का पता चला। छापामारी के दौरान 1.50 करोड़ रुपये के जेवरात और करीब 30 लाख रुपये नकद मिले हैं। इडी ने छापेमारी के दौरान पाया कि दिल्ली सहित अन्य जगहों पर वीरेंद्र राम ने अपने पारिवारिक सदस्यों के नाम पर 100 करोड़ रुपये की चल-अचल संपत्ति अर्जित की है। दिल्ली की डिफेंस कॉलोनी में वीरेंद्र राम के पारिवारिक सदस्यों के नाम पर तीन आलीशान मकान हैं, जिनका मौजूदा बाजार मूल्य 40 करोड़ रुपये है। इसके अलावा दिल्ली के छतरपुर में भी उसने पारिवारिक सदस्यों के नाम पर मकान और फ्लैट अर्जित किया है।

### हमारी सुनो : वैश्य मोर्चा ने राजभवन के समक्ष किया प्रदर्शन

# ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण, वैश्य आयोग का गठन करने की मांग



### राज्यपाल को संबोधित नौ सूत्री मांग-पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शनिवार को झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा ने अपने नौ सूत्री मांगों को लेकर राजभवन के समक्ष सांकेतिक प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व वैश्य मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू, कार्यकारी अध्यक्ष रेखा मंडल, हीरानाथ साहू और वरीय उपाध्यक्ष संजीव चौधरी ने किया। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू ने कहा कि यह सांकेतिक प्रदर्शन है, लेकिन आगे जोरदार आंदोलन किया जायेगा। प्रदर्शन के बाद मोर्चा ने राज्यपाल को नौ सूत्री मांग-पत्र सौंप कर ओबीसी को 27 प्रतिशत आरक्षण देने, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, पश्चिम सिंहभूम, दुमका एवं खूंटी जिला में आरक्षण लागू करने, जाति आधारित जनगणना कराने, वैश्य आयोग का गठन, छोटे दुकानदारों के 10 लाख रुपये तक की ऋण माफी, बजरा ग्राम के मूल रैयतों की जमीन वापसी, ऑनलाइन मार्केटिंग पर रोक लगाने, वैश्य समाज पर हो रहे शोषण, दमन, हत्या, लूट, सरकारी उपेक्षा, पुलिसिया अत्याचार पर रोक लगाने की मांग की। इस सांकेतिक प्रदर्शन कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरीय उपाध्यक्ष रामसेवक प्रसाद, संजीव चौधरी, केंद्रीय उपाध्यक्ष सहदेव चौधरी, प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार, उप-प्रधान महासचिव इंदु भूषण गुप्ता, केंद्रीय महासचिव हरिनाथ साहु, केंद्रीय सचिव गुड्डू साहा, रामाशंकर राजन, संगठन सचिव अनिल वैश्य, केंद्रीय सदस्य कृष्णा प्रसाद साहू, नरेश साहु, महिला मोर्चा अध्यक्ष रेणू देवी, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहू, जयहिंद भगत, मुकेश शर्मा आदि उपस्थित थे।

## रांची के वेल्डिंग गैराज में टैंकर फटा

# एक की मौत, दो से अधिक घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची से लगभग 10 किमी दूर बीआइटी मेसरा से सटे चुट्टू रिंग रोड के पास सुबह विस्फोट की भयंकर घटना घटी। यह विस्फोट एक टैंकर में हुआ। विस्फोट होने से जहां एक व्यक्ति की मौत हो गयी, वहीं टैंकर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त भी हो गया। बताया जा रहा है कि टैंकर ज्वलनशील लिक्विड वाला था। संभावना जतायी जा रही है कि हीट बढ़ने से यह विस्फोट हुआ है।

दरअसल रिंग रोड के चुट्टू के पास स्थित एक वेल्डिंग गैराज में टैंकर मरम्मत के लिए लाया गया था। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक टैंकर के पिछले हिस्से में काम करना था। वेल्डिंग दुकान के कर्मचारी टैंकर के डैमेज वाले भाग में वेल्डिंग कर रहे थे। वेल्डिंग के दौरान संभावना है कि हीट काफी बढ़ गया। इस वजह से अचानक पूरा टैंकर विस्फोट कर गया। विस्फोट इतना भयंकर था कि ब्लास्ट की आवाज काफी दूर तक सुनायी दी। टैंकर में सबसे नजदीक होकर काम कर रहे एक कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दो से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हो गये हैं।

**स्थानीय अस्पताल में चल रहा है इलाज :** मिली जानकारी के अनुसार जिस व्यक्ति की मौत हुई है, उसकी उम्र लगभग 40 साल है। उसका नाम संजू कुमार है। विस्फोट होने से संजू कुमार के शरीर का एक हिस्सा पूरी तरह जख्मी हो गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। वहीं बीआइटी इलाके के रहनेवाले मोइनुद्दीन और माणिक गंभीर रूप से घायल हो गये हैं। उनका इलाज स्थानीय अस्पताल में चल रहा है।

# सीसीएल में सेवानिवृत्त कर्मियों को दी विदाई




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत तीन (तीन) कर्मियों दिलीप कुमार दीक्षित, महाप्रबंधक (असैनिक), असैनिक विभाग, डॉ मीता पॉल, सीएमएस, सीसीएल, चिकित्सा, विभाग, बिष्णु कुमार, कैट-1 गुणवत्ता विभाग को सीसीएल परिवार की ओर से मुख्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गयी।

अप्रैल माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 57 कर्मी सेवानिवृत्त हुए, जिन्हें शनिवार को भावभीनी विदाई दी गयी। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों द्वारा अपने-अपने कार्यानुभवों पर आधारित विचारों को एक शॉर्ट फिल्म बना कर सम्मान समारोह के दौरान प्रदर्शित किया गया।

मुख्यालय रांची में आयोजित सम्मान समारोह में सीएमडी पीएम प्रसाद ने कहा कि आप सभी का योगदान सराहनीय रहा है। निदेशक तकनीकी (संचालन) राम बाबू प्रसाद ने कहा कि माह का यह अंतिम दिन हम सभी के लिए बहुत कष्टदायी लगता है, जब कंपनी के अनुभवी औरअमूल्यू रत्न हमें छोड़ कर सेवानिवृत्त हो जाते हैं। निदेशक, हर्ष नाथ मिश्र ने अपने संबोधन में सभी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के जीवन की दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके स्वरस्थ जीवन की कामना की। निदेशक तकनीकी बी साईराम ने कहा कि रिटायरमेंट के बाद आप सभी अपने आपको किसी अच्छे काम में व्यस्त रखें। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष और सेवानिवृत्त कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्याक्ष रेखा पांडेय और उनकी टीम का विशेष योगदान रहा।

# नवनियुक्त चेयरमैन मंजूर अंसारी का पदभार सह स्वागत समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** शनिवार को झारखंड प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, कांग्रेस भवन, रांची में प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के नवनियुक्त चेयरमैन मंजूर अंसारी का पदभार सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, उपाध्यक्ष अनवर अंसारी, महासचिव सह कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो, प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद उपस्थित हुए और नवनियुक्त चेयरमैन का स्वागत एवं पदभार ग्रहण कराया। कांग्रेस भवन, रांची में आयोजित स्वागत समारोह में रांची महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन अख्तर अली एवं तमाम अल्पसंख्यक जिलाध्यक्षों के द्वारा नवनियुक्त चेयरमैन को 151 किलो का माला पहनाकर भव्य रूप से स्वागत किया। समारोह का संचालन प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद और धन्यवाद ज्ञापन रांची महानगर कांग्रेस अल्पसंख्यक अध्यक्ष अख्तर अली ने किया।

# जगत जननी माता सीता का जन्मोत्सव मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जगत जननी माता सीता का जन्म उत्सव शनिवार को विद्यापति स्मारक समिति के कार्यालय मे काफी धूमधाम से मनाया गया। पंडित दीपक झा और यजमान संजीव ठाकुर के द्वारा मां जानकी की विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा ने कहा कि यह पर्व वैशाख शुक्ल पक्ष नवमी को प्रतिवर्ष पारंपरिक तौर पर मनाया जाता है। माता सीता मिथिला समेत पूरे विश्व मे नारी सशक्ति के प्रतीक के रूप मे पूजी जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि आज के दिन जो भी भक्त सही मनसे उनकी पूजा आराधना करते हैं उनकी मनोकामना निश्चित ही पूरी होती है। ज्ञात हो कि आगामी 14 मई 2023 को संध्या 5 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम सह वैदेही सम्मान समारोह का आयोजन पुलिस क्लब, रांची के प्रांगण में किया जायेगा।

इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेय जल मंत्री श्री मिथिलेश ठाकुर होंगे। समिति के अध्यक्ष लेखानंद झा ने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम में मैथिली भाषी साहित्यकार और समाज के प्रतिष्ठित हस्तियों को भी सम्मानित किया जायेगा।

इस कार्यक्रम में लेखन्नद झा, उदित नारायण ठाकुर, श्रेष्ठ नारायण झा, बी के झा, राम नरेश सिंह, सिया राम झा सरस, डॉक्टर बच्चा राम झा, श्रीराम मिश्र, दिलीप झा, रंजीत लाल दास, अशोक मिश्रा, संजीव मिश्रा, संजीव ठाकुर आदि मौजूद थे।

# सरला बिरला के छात्र जेइइ एडवांस्ड 2023 के लिए चयनित

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची के छात्रों ने जेईई मेन्स 2023 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, कृष काव्या ने 99.8106113 पर्सेंटाइल, अनमोल जैन ने 99.6811651 पर्सेंटाइल, आशी गुप्ता ने 99.5650598 पर्सेंटाइल, वेदांश लखानी ने 99.5118479 पर्सेंटाइल, अंश जालान ने 99.1790342 पर्सेंटाइल, यश सिन्हा ने 97.9321656 पर्सेंटाइल, मयंक सरावगी 97.5301801 पर्सेंटाइल, यश अग्रवाल, 97.1990237 पर्सेंटाइल, सृष्टि श्रेया 96.8938580 पर्सेंटाइल, स्मृति शनाया 96.6352370 पर्सेंटाइल, आदित्य विक्रम सिंह 95.5260176 पर्सेंटाइल, आर्यन कुमार द्विवेदी 95.0469068 पर्सेंटाइल, कुमारी सोनाली प्रिया 94.3331129 पर्सेंटाइल, राजवर्धन सिंह 94.1481624 पर्सेंटाइल, अमन सिन्हा 93.9502869 पर्सेंटाइल, अभिनव गुप्ता 93.3405227 पर्सेंटाइल, कनक खेतान 93.0141087 पर्सेंटाइल, यशी अग्रवाल 92.6644216 पर्सेंटाइल, रौनक कुमार 91.6986763 पर्सेंटाइल, आर्यन 91.6673519 पर्सेंटाइल, श्रेयांश गुप्ता 91.0791060 पर्सेंटाइल तथा मयंक मनन 90.7920541 पर्सेंटाइल हासिल कर स्कूल की शान बढ़ाई है। विद्यालय के कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने छात्रों को इस उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए बधाई दी और उनकी कड़ी मेहनत की सराहना की। प्राचार्या परमजीत कौर ने सफलता के लिए छात्रों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की और छात्रों को शुभकामनाएं दीं।

# द् पाठशाला के 15 बच्चों का रैक दस हजार के अंदर, 423 छात्रों ने सफलता का परचम लहराया



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जेइइ मेन 2023 अप्रेल सत्र के जारी परिणाम मे द् पाठशाला के बच्चो का प्रदर्शन शानदार रहा है 15 बच्चो ने 10 हजार के अन्दर रैक लाकर संस्थान का मान बढाया है । सन्नी कुमार ने 795 रैक प्राप्त कर संस्थान के टॉपर बने है। सिद्वार्थ सिंह रैक (2269), तानिश बोस (2804), अन्नु गुप्ता रैक (2909), हरिओम सिंह रैक (3581), अनु गुप्ता रैक (2903) प्राप्त कर संस्थान को गौरवागित किया है। अक्षत रैक (6789), प्रसून (6773), अंकुश ( 7769), हर्षित (9029), रोहित (6996), आदित्या (3704), हरिओम सिंह (3581), अक्षत ( 6789), प्रसून (6773), देवाश (6504), आदित्य राय (5069), कुमार हर्ष (7551), रोहित (6996), अंकुश (7764), रैक पाप्त कर संस्थान का मान बढाया है । कुमार सार्थक ( 18972), सिजर रूद्रा (25366) रैक प्राप्त किया है। देवांस कार्तिक और सिजर रूद्रा भौतीकी मे 100 परसेनटाइल प्राप्त कर संस्थान का मान बढाया है। सभी सफल छात्रों ने द् पाठशाला के सभी शिक्षको के कुशल मार्गदर्शन को और स्टडी मेटेरियल को अपने सफलता का श्रेय दिया है। द पाठशाला के निर्देशक शिव शंकर कुमार ने सभी सफल छात्रों को बधाई दी और जेइइ एंडवास परिक्षा मे बेहतर परिणाम के लिए शुभकामनाये दी है। विगत वर्षो मे द् पाठशाला ने बहुत ही उत्कृष्ट रिज्लट दिये है। द पाठशाला ने सभी विधार्थियों पर विशेष ध्यान दिया है।

# 60वां श्री श्याम भंडारा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल के द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में 60वां श्री श्याम भंडारा का भव्यता के साथ आयोजन किया गया। मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में भंडारा का प्रसाद मंदिर में ही बनाया गया था। मेडिका अस्पताल के प्रबंध व्यवस्था के प्रमुख महानुभावों वाइस प्रेसिडेंट अनिल शर्मा, सुनीता शर्मा, जीएम रामअवतार जांगिड़, पूनम जांगिड़, वित्त प्रमुख ज्ञानेश झा, प्रियंका झा ने अपने अपने परिवार के साथ भंडारे की सेवा निवेदित की। यजमान अनिल शर्मा, रामअवतार जांगिड़, ज्ञानेश झा ने सर्वप्रथम मंदिर के आचार्य को भंडारे का प्रसाद खिलाकर व भेंट प्रदान करके आशीर्वाद प्राप्त किया। मेडिका के वाइस प्रेसिडेंट अनिल शर्मा मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी ने हजारों भक्तों के बीच श्री गणेश जी की जय जयकार के साथ भंडारे का वितरण प्रारंभ किया। 3100 से ज्यादा भक्तों ने भंडारे का प्रसाद प्राप्त किया। सुरेश सरावगी, विश्वनाथ नारसरिया, पूर्व सांसद अजय मारू, श्रवण ढानढनिया, प्रदीप राजगढ़िया, गौरव अग्रवाल, मोनू, श्याम सुंदर शर्मा, अनिल नारनौली, अनुज मोदी, आशीष डालमिया, मनोहर केडिया, रतन शर्मा, श्यामसुंदर जोशी, राहुल मारू, मनोज खेतावत, अभिषेक सराओगी, वेद भूषण जैन, व्यवस्था में लगे हुए थे।

# बर्लिन डायग्नोसिस डे केयर में उपलब्ध है प्रभावी इलाज

## महीने में एक बार यशोदा हॉस्पिटल के कुशल और अनुभवी चिकित्सक भी देंगे परामर्श

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** बर्लिन डायग्नोस्टिक एंड डे केयर में अब यशोदा हॉस्पिटल हैदराबाद के डॉक्टर भी परामर्श देंगे। यशोदा अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सक महीने में एक बार परामर्श के लिए पहुंचेंगे। यशोदा हॉस्पिटल ग्रुप हैदराबाद के डॉ गणेश ने बताया कि यहां कंसल्टेशन रेगुलर बेसिस पर की जायेगी और कम परेशानी में ट्रिटमेंट यहीं से किया जायेगा। मरीजों में अधिक परेशानी होने पर उन्हें हैदराबाद बुला कर उनका इलाज किया जायेगा।

**अब इलाज के लिए हैदराबाद जाने की जरूरत नहीं :** डॉ गणेश ने बताया कि झारखंड के ब्लड कैंसर के मरीजों को भी हैदराबाद आकर इलाज कराना पड़ता है। उसके बाद जब उन्हें रेगुलर परामर्श की भी आवश्यकता होती है, तो हैदराबाद ही आना पड़ता है। ऐसे में उन मरीजों को अधिक परेशानी ना हो, इसलिए रांची में भी परामर्श की सुविधा उपलब्ध रहेगी, ताकि बार-बार हैदराबाद ना आना पड़े।

**हाफ मैच बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध :** सही समय पर प्रभावी इलाज मिल जाये, तो ब्लड कैंसर का इलाज 80% तक सफल रहता है। पहले सिर्फ फुल मैच बोन मैरो ट्रांसप्लांट से ही पूरी तरह से इलाज संभव था। अब हाफ मैच में बोन मैरो ट्रांसप्लांट से भी 98 फीसदी तक उपचार संभव हो रहा है। डॉ गणेश ने बताया कि हैदराबाद के यशोदा अस्पताल में झारखंड के कई मरीज पहुंचते हैं इनमें से कई का हाफ बोन मैरो ट्रांसप्लांट किया गया है। वे सभी लोग आज सामान्य जीवन जी रहे हैं।

**निःशुल्क ट्रांसपोर्ट की सुविधा :** जो भी मरीज बर्लिन डायग्नोसिस डे केयर में परामर्श लेंगे और उन्हें हैदराबाद आने की अवश्यकता पड़ेगी, ऐसे में उन्हें हैदराबाद एयरपोर्ट या रेलवे स्टेशन से अस्पताल तक आने की सुविधा यशोदा हॉस्पिटल द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में हैदराबाद के मशहूर डॉक्टर गणेश, सीनियर कंसल्टेंट हेमंत, हेमेटोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट सर्जन और डॉक्टर काले सत्य श्रीधर, सीटीवीएस सर्जन और डॉक्टर प्रदीप कुमार, रेडिशन ऑन्कोलॉजिस्ट और ग्रुप हेड मिस्टर कार्तिक, मार्केटिंग हेड मुकेश उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### जेइइ मेंस 2023 में डीपीएस रांची का शानदार प्रदर्शन, किसलय एआइआर 554 के साथ टॉपर

**रांची (आजाद सिपाही)।** डीपीएस रांची के विद्यार्थियों ने अपनी मेधा शक्ति के बल पर जेइइ मेंस 2023 में एक बार फिर से शानदार प्रदर्शन करके अपनी योग्यता साबित की है। इस अवसर पर किसलय एआइआर 554 रैंक के साथ टॉपर बने और विद्यालय का नाम रौशन किया। इसी के साथ-साथ जिन विद्यार्थियों ने विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया है, उनमें प्रतीक रतन (एआइआर 613), धृति बरनवाल (एआइआर 843) और निशांत रंजन (एआइआर 892) शामिल हैं। साथ ही, अक्षित अभिनव कुजूर (एआइआर एसटी कैट.-17) प्राप्त किया। उपर्युक्त प्रतिष्ठित परीक्षा में 225 से अधिक छात्रों ने जेइइ एडवांस 2023 के लिए क्वालीफाइ किया है। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से प्राचार्य डॉ राम सिंह अत्यंत हर्षित और अभिभूत दिखे। उन्होंने छात्रों के साथ इस बेशकीमती पल को साझा किया और विद्यार्थियो के सराहनीय प्रदर्शन के लिए उनके माता-पिता और शिक्षकों को बधाई दी। उन्होंने जेइइ एडवांस में सफलता के लिए छात्रों को शुभकामनाएं भी दीं।

### कैंब्रियन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी जेइइ मेंस में सफल



**रांची (आजाद सिपाही)।** कैंब्रियन पब्लिक स्कूल, कांके रोड की श्रुतिकुमारी, जागृत तिर्की, प्रकाश कुमार यादव, प्रकाश कुमार साव, तन्नु कुमारी और अनुष्का तिर्की को जेइइ मेंस 2023 की परीक्षा में सफलता मिली है। प्राचार्या डॉ नीता पांडेय ने सभी विद्यार्थियों को उनकी सफलता के लिए बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

### मारवाड़ी कॉलेज एमबीए की अंजली का चयन अनस्कूल कंपनी में हुआ



**रांची (आजाद सिपाही)।** मारवाड़ी कॉलेज प्लेसमेंट सेल के माध्यम से अनस्कूल कंपनी में बिजनेस ऑपरेशनल एक्जीक्यूटिव के पद पर एमबीए 2021-2023 सत्र की एक छात्र का प्लेसमेंट हुआ। इंटरव्यू तीन राउंड में हुआ, पहला इंटरव्यू 14 अप्रैल को हुआ, जबकि दूसरा 16 अप्रैल और आखिरी, फाइनल इंटरव्यू 18 अप्रैल को हुआ। कुल 25 छात्रों ने इस ड्राइव में भाग लिया, जिसमें से अंजली कुमारी का सेलेक्शन हुआ। इनका पैकेज 6.50 लाख प्रतिवर्ष तय हुआ है। जॉब लोकेशन का स्थान हैदराबाद रहेगा। इनकी ज्वाइनिंग 12 जून 2023 तय की गयी। प्रिंसिपल डॉ मनोज कुमार, एमबीए को-ऑर्डिनेटर और प्रोफेसर इन्चार्ज डॉ आरआर शर्मा, प्लेसमेंट सेल के असिस्टेंट को-ऑर्डिनेटर अनुभव चक्रवर्ती, एमबीए के शिक्षक डॉ प्राची प्रसाद, प्रो संतोष यादव, एमडी तौसीफ अहमद, एग्जामिनेशन कंट्रोलर डॉ बैद्यनाथ कुमार ने छात्र को नयी शुरूआत के लिए बधाई दी। मौके पर अंजली कुमारी को ज्वाइनिंग लेटर निर्गत किया गया।

### ऑक्सफोर्ड स्कूल में सीबीएसइ कैपेसिटी बिल्डिंग अनुभव आधारित शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम



**रांची (आजाद सिपाही)।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल रांची के सभागार में दो दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग अनुभव आधारित अधिगम शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आरंभ 28 अप्रैल को विद्यालय की एकेडमिक डायरेक्टर डॉ सिमी मेहता, प्राचार्य राज किशोर शर्मा, विद्यालय के उप प्राचार्य के आर झा, प्रशिक्षण कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन रमा चक्रवर्ती (प्रिंसिपल, फाउंडेशन एकेडमी, आईआईटी पटना), तनुश्री चक्रवर्ती (टीजीटी, नीरजा सहाय डीएवी पब्लिक स्कूल, कांके, रांची) तथा जूनियर विंग इंचार्ज रवि शेखर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम सीबीएसइ के कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किया गया था जिसका विषय था - अनुभव आधारित अधिगम। रिसोर्स पर्सन रमा चक्रवर्ती और तनुश्री चक्रवर्ती ने प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान अनुभव आधारित अधिगम से संबंधित प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 59 शिक्षक-शिक्षिकाओं के समक्ष महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध करवाई। इस कार्यक्रम में सभी शिक्षकझशिक्षिकाओं ने बड़ी तल्लीनता, जिज्ञासा और उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वेन्यू डायरेक्टर एके श्रीवास्तव, राजर्षी सुराल एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायी।

### मास कॉम रांची विवि में छात्रों के साथ विमर्श : मन की बात आज की तारीख में बनी जन की बात



**रांची (आजाद सिपाही)।** स्कूल ऑफ मास कम्युनिकेशन रांची विश्वविद्यालय में प्रधानमंत्री के रेडियो पर प्रसारित कार्यक्रम मन की बात के सौवें एपिसोड के प्रसारण के पूर्व अवसर पर छात्रों के बीच एक विमर्श कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार, मोटिवेटर एनके मुरलीधर थे। उन्होंने कहा कि भारत जैसे सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश के प्रधानमंत्री का लोगों से सीधा संवाद और प्रासंगिक मुद्दों पर लगातार चर्चा एक महत्वपूर्ण बात है। ऐसे अवसर बहुत कम होते हैं, जब प्रधानमंत्री जनता के साथ लगातार संवाद करें। पूरे विश्व में किसी राष्ट्राध्यक्ष के द्वारा चलायी गयी यह सबसे प्रभावी कार्यक्रमों में से एक है। उन्होंने कहा कि लगातार संवाद से यह कार्यक्रम अब मन की बात से जन की बात बन चुका है। भारत युवाओं का देश है और यहां मन की बात युवा संवाद को भी मजबूत कर रहा है। इस अवसर पर निदेशक प्रो डॉ बीपी सिन्हा, उपनिदेशक डॉ विष्णु चरण महतो, विभागीय शिक्षक संतोष उरांव, संकर्षण परिपूर्णन, मनोज कुमार शर्मा, सुशील रंजन उपस्थित रहे।

# पहलवानों का आंदोलन

सात महिला पहलवानों की यौन उत्पीड़न की शिकायत के मामले में शुक्रवार को आखिर दिल्ली पुलिस ने एफआइआर दर्ज कर लिया, लेकिन इस मामले में अब तक पुलिस और खेल प्रशासन का जैसा ढीला-ढाला रवैया रहा है, उससे उपजे सवाल इस पेशकश से समाप्त नहीं हुए हैं। कुश्ती की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में गोल्ड लाकर देश का नाम ऊंचा करने वाली महिला पहलवानों ने कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया, यही अपने आप में इतनी बड़ी बात थी कि देश के पूरे खेल ढांचे को अलर्ट मोड में आ जाना चाहिए था। मामले में अपनी तरफ से पूरी तहकीकात करते हुए यह बात शीशे की तरह साफ कर देनी चाहिए थी कि मामला क्या है, किसकी कितनी और कैसी गलती है और उसके लिए उन्हें किस तरह की सजा दी जा रही है। मगर तीन महीनों में जांच-पड़ताल के नाम पर जो कुछ हुआ, उसका नतीजा तक सार्वजनिक नहीं किया गया। न तो शिकायत करने वाले संतुष्ट हुए और न आरोपों के घेरे में आए लोग बेकसूर साबित हुए। इस ढीले-ढाले रेस्पॉन्स का ही परिणाम था कि महिला पहलवानों को एक बार फिर जंतर-मंतर पर बैठना पड़ा। उससे पहले ही वे पुलिस में शिकायत भी दर्ज करवा चुकीं थीं। कायदे से इतनी गंभीर शिकायत पर तत्काल एफआइआर दर्ज होनी चाहिए थी, जांच-पड़ताल उसके बाद की जा सकती थी, लेकिन पता नहीं पुलिस के मन में क्या संशय था, उसने एफआइआर भी दर्ज नहीं की। जब पहलवान सुप्रीम कोर्ट गये और कोर्ट ने कड़ा रुख दिखाते हुए मामले की गंभीरता का अहसास कराया, तब भी पुलिस ने पहले यही कहा कि वह कुछ जांच करना चाहती थी, लेकिन अगर कोर्ट कहे तो एफआइआर दर्ज कर लेगी। हालांकि शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू होने पर अपनी तरफ से कह दिया कि वह आज ही एफआइआर दर्ज कर लेगी। यह स्पष्ट नहीं हो सका कि आखिर किन बातों ने पुलिस को रोक रखा था और किन वजहों से उसका रुख बदला। ऐसे में स्वाभाविक ही कोर्ट उसकी इस दलील से सहमत नहीं हुआ कि एफआइआर दर्ज करने के फैसले के बाद याचिकाकर्ताओं की मांग पूरी हो गयी है, इसलिए कोर्ट को यह मामला बंद कर देना चाहिए। अदालत ने मामला जारी रखते हुए शुक्रवार को अगली सुनवाई रख दी है। जाहिर है, आगे पुलिस इस मामले में क्या और कैसी कार्रवाई करती है, इस पर नजर बनी रहेगी। बहरहाल, इंडियन ओलिंपिक असोसिएशन की प्रेसिडेंट पीटी उषा ने पहलवानों के धरने को अनुशासनहीनता बता कर एक और विवाद छेड़ दिया। खेल जगत की चुप्पी भी गलत संदेश दे रही थी। अच्छा है कि यह चुप्पी टूटी। यह जांच से पहले ही किसी को दोषी मानने या बताने की कोशिश नहीं, बल्कि पूरे मामले की निष्पक्ष और विश्वसनीय जांच कराने का आग्रह है, जो एक संवेदनशील और न्यायप्रिय समाज की अनिवार्य विशेषता है।

**शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई शुरू होने पर अपनी तरफ से कह दिया कि वह आज ही एफआइआर दर्ज कर लेगी। यह स्पष्ट नहीं हो सका कि आखिर किन बातों ने पुलिस को रोक रखा था और किन वजहों से उसका रुख बदला।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**प्राचीन भारत में, महिलाओं को भी पुरुषों के बराबर माना जाता था और उन्हें बौद्धिक बहसों, प्रशासन, संपत्ति उत्तराधिकार, विद्वतापूर्ण ज्ञान आदि के मामले में मौके दिये जाते थे। बाद में महिलाओं को शिक्षा, सामाजिक स्थिति और काफी हद तक उनके अस्तित्व से वंचित कर दिया गया। उनकी पहचान केवल एक बेटी के रूप में, एक पत्नी के रूप में या एक मां के रूप में ही सिमट गई और उन्हें समानता एवं साहस के गौरव से वंचित हो जाना पड़ा।**

# नारी शक्ति : राष्ट्र की शक्ति



सुधा मूर्ति



यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता... यह श्लोक हजारों वर्ष पहले हमारे भारत में उस समय लिखा गया था जब हमारे पूर्वज नारी की शक्ति से अच्छी तरह परिचित थे। ‌ह्यमहिलाह्ण से आशय सिर्फ स्त्री लिंग नहीं है, बल्कि इसका अर्थ इससे भी कहीं आगे है।

महिलाएं समाज का आधा हिस्सा हैं और वे परिवार की रीढ़ होती हैं। जहां महिलाओं का सम्मान होता है और उन्हें सही दर्जा मिलता है, वहां देवता निवास करते हैं। लेकिन हजारों वर्ष पहले के दिनों के उलट, सदियों से विभिन्न कारणों से हमारी महिलाओं को घरों के भीतर रखा गया।

प्राचीन भारत में, महिलाओं को भी पुरुषों के बराबर माना जाता था और उन्हें बौद्धिक बहसों, प्रशासन, संपत्ति उत्तराधिकार, विद्वतापूर्ण ज्ञान आदि के मामले में मौके दिये जाते थे। बाद में महिलाओं को शिक्षा, सामाजिक स्थिति और काफी हद तक उनके अस्तित्व से वंचित कर दिया गया। उनकी पहचान केवल एक बेटी के रूप में, एक पत्नी के रूप में या एक मां के रूप में ही सिमट गयी और उन्हें समानता एवं साहस के गौरव से वंचित हो जाना पड़ा।

**जब एक अच्छा नेता बिना किसी अतिशयोक्ति के लगातार बात करता है, तो लोग सुनते हैं और उसपर विश्वास करते हैं और फिर अनुसरण करते हैं।**

मुझे लगता है कि महिलाएं पेड़ से बंधी मादा हाथी की तरह होती हैं। एक मादा हाथी के लिए एक पेड़ को उखाड़ देना कोई बड़ी बात नहीं है, और वह उसे आसानी से खींच सकती है, लेकिन मादा हाथी सोचती है कि वह जंजीर से बंधी है और इसलिए वह अपनी क्षमता का उपयोग नहीं करती है।

महिलाओं के मामले में भी कुछ ऐसा ही है। वे कुशल प्रबंधक होती हैं, परिवार की नींव होती हैं, बेहद मेहनती होती हैं; लेकिन वे इस मानसिकता में जकड़ी होती हैं कि वे अपनी शक्तियों का प्रयोग नहीं कर सकतीं या अपनी क्षमताओं का उपयोग नहीं कर सकतीं।

इस तरह से सोचना संभव है क्योंकि किसी भी हलचल या लहर को प्रेरित करने के लिए एक प्रस्थान बिंदु की जरूरत होती है। यह बिंदु मिलेगा कैसे? कौन उनकी मदद करेगा? कौन उन्हें विश्वास दिलायेगा? कौन उनकी मदद करने के लिए नीति प्रदान करेगा या कौन पहली बार उसकी क्षमता को सामने लाएगा? धुएं से भरे रसोईघर से उसका बाहर आना कौन स्वीकार करेगा? एक नया उद्यम शुरू करने की इच्छा जताने पर कौन उसकी मदद करेगा? कौन खेल, स्वास्थ्य, रक्षा और विमानन के क्षेत्र में उसकी क्षमता की सराहना करेगा?

एकबारगी यह सब हो जाये, तो वह राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में भरपूर क्षमता के साथ खुद को आगे बढ़ाएगी। उनके जीवन में इस तरह का अदभुत बदलाव एक ऐसे सही नेता की वजह से संभव हुआ है, जिन्होंने महिलाओं की स्थिति को लेकर बात की और लोगों को इस बात के लिए जागरूक किया कि बेटियां ईश्वर का अनमोल उपहार हैं। उक्त नेता ने इस देश के सभी आम पुरुषों व महिलाओं के साथ अच्छे जीवंत और वास्तविक उदाहरणों के साथ एक कार्यक्रम के माध्यम से बातचीत शुरू की। उन्होंने सही शब्दों के साथ सही वादा किया और सही दिशा में आगे बढ़े। चाहे वह बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का मामला हो या प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, उज्ज्वला योजना, स्वच्छ भारत मिशन हो या फिर '#सेल्फी विद डॉटर' की बात हो।

किसने नारी शक्ति को प्रोत्साहित किया और महिलाओं को यह याद दिलाया कि देश के राष्ट्रीय धन के निर्माण में उनकी भी जिम्मेदारी है? इस नेता ने यह सब 2014 में शुरू हुए मन की बात की विभिन्न कड़ियों के जरिए किया, जिसमें बच्चों में परीक्षा का डर, माता-पिता का दबाव, महिला सशक्तिकरण (नारी शक्ति) आदि जैसे विभिन्न सामाजिक मुद्दे शामिल थे। वह नेता कोई और नहीं बल्कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं।

देश की जनता के साथ उनकी बातचीत के इस प्रसारित कार्यक्रम को मन की बात के नाम से जाना जाता है। वह जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े अलग-अलग लोगों के साथ, विभिन्न हितों के बारे में बात करते हैं और उन वास्तविक नायकों का पता लगाते हैं जो गुमनाम, अनसुने व अनदेखे हैं, लेकिन जिन्होंने महान कार्य किया है।

जब एक अच्छा नेता बिना किसी अतिशयोक्ति के लगातार बात करता है, तो लोग सुनते हैं और उसपर विश्वास करते हैं और फिर अनुसरण करते हैं। श्री मोदी जो बोलते हैं और उनका जो आशय होता है, उसको लेकर पूरा देश उन पर अगाध भरोसा करता है। खासकर महिलाएं, जिन्हें उनकी बातों और परियोजनाओं से बहुत लाभ हुआ है। आज विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं ने बहुत कुछ हासिल किया है। जब महिलाएं असाधारण कार्य करती हैं, तो उनका नाम लिया जाता है और उनकी सराहना की जाती है और राष्ट्र उन्हें स्वीकार करता है। वे कई युवाओं के लिए आदर्श बन जाती हैं और इसीलिए लड़कियां बड़े सपने देख रही हैं क्योंकि उन्हें यह मालूम है कि नीतियां उनके पक्ष में हैं और उन सपनों को साकार किया जा सकता है।

कुछ महीने पहले, मैं अपने काम के सिलसिले में एक गांव में गयी थी और वहां बच्चों के एक समूह के साथ बातचीत कर रही थी। हम आपस में अलग-अलग विषयों पर सवाल-जवाब कर रहे थे। बातचीत के अंत में, उस समूह की युवा लड़कियों से मेरा आखिरी सवाल यह था कि तुम बड़ी होकर क्या बनना चाहती हो? चमक भरी आंखों वाली एक लड़की ने तुरंत कहा, मैं जोया अग्रवाल बनना चाहती हूं। मुझे उत्सुकता हुई और मैंने पूछा, क्यों। उसने कहा, आप टीवी नहीं देखतीं? आप अखबार नहीं पढ़तीं? जोया अग्रवाल संपूर्ण महिला पायलट टीम को उत्तरी ध्रुव के ऊपर से उड़ान भरती हुई 16,000 किलोमीटर की दूरी तय करके सन फ्रांसिस्को से बैंगलोर तक ले गयीं। वह हमारे प्रधानमंत्री से मिलीं। मैं उनके जैसा बनना चाहती हूं।

एक दूसरी लड़की ने कहा, मैं ओलंपिक में भाग लेना चाहती हूं, क्योंकि मैं अन्य लड़कियों के लिए एक आदर्श बनूंगी और प्रधानमंत्री से सम्मान पाउंगी। तीसरी लड़की ने कहा, मैं एक महिला उद्यमी बनना चाहती हूं, क्योंकि पीएमएमवाई जैसी बड़ी परियोजनाएं उपलब्ध हैं जो मेरी मदद करेंगी। उनकी मां बाहर आईं और बोलीं, मैडम, मैं प्रधानमंत्री जी को एलपीजी दिलवाने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। इसने मेरी आंखों को धुएं से बचाया है और मेरे स्वास्थ्य को बेहतर किया है। एक अन्य महिला ने कहा, मैं अब शौचालय जाने में सुरक्षित महसूस करती हूं।

कुछ बूढ़ी औरतें आगे आईं और बोलीं, हम 'मन की बात तो सुनती हैं, लेकिन धन्यवाद कैसे करें यह हमें नहीं पता। मैडम, अगर आप उनसे मिलें या उन्हें लिखें, तो कृपया उन्हें हमारी तरफ से यह बतायें कि इस देश की आपकी बहनें आपका धन्यवाद करना चाहती हैं। उनके आंसुओं ने यह दशार्या कि वे किस कदर आभार व्यक्त करना चाहती थीं।

मैंने उनसे कहा था कि कभी, कहीं, किसी तरह यह कर दूंगी। और, मेरे मन में अनायास ही हमारी नारी शक्ति में आत्मविश्वास से भरा यह बदलाव दर्ज हो रहा रहा था।

मुझे एक बार फिर से यह श्लोक याद आया, यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता।

**(लेखिका : पद्म भूषण सम्मान प्राप्त, शिक्षाविद और समाजसेवी हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# जमशेदपुर एसएसपी ने चाकुलिया और बहरागोड़ा थाने का किया निरीक्षण, पदाधिकारियों को दिये दिशा निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**चाकुलिया।** जमशेदपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने शनिवार को चाकुलिया और बहरागोड़ा थाना का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम एसएसपी प्रभात कुमार ने चाकुलिया थाना पहुंचे। थाना में थाना प्रभारी वरूण कुमार यादव समेत अन्य पुलिस पदाधिकारी और जवानों ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर उनका स्वागत किया. एसएसपी ने थाना प्रभारी वरुण कुमार यादव से थाना में लंबित मामले और वारंट पर त्वरित निष्पादन करने की बात कही।

वहीं उन्होंने निरीक्षण के क्रम में थाना अभिलेखों की गहनता से जांच की और पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये इसके पश्चात एसएसपी ने बहरागोड़ा थाना पहुंचकर थाना का निरीक्षण किया और थाना प्रभारी संतन तिवारी से लंबित मामले की जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर घाटशिला के एसडीपीओ कुलदीप टोप्पो समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सरायकेला खरसावां जिले में अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई

# अवैध भंडारण और बालू लदे वाहन जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** सरायकेला डीसी के निर्देश पर शनिवार को एसडीओ ने सरायकेला, खरसावां, कुचाई राजनगर एवं गम्हरिया प्रखंडों में अवैध खनन के खिलाफ छापेमारी की। इसमें सरायकेला अंचल अंतर्गत माझना घाट से 100 सीएफटी बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त कर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। वहीं गम्हरिया प्रखंड अंतर्गत जयकान में अवैध रूप से बालू का उठाव कर परिवहन करने के क्रम में दो हाइवा, एक डंपर एवं एक ट्रैक्टर समेत कुल 4 वाहन पकड़े गये, जबकि एक जगह अवैध रूप से बालू के किया गया भंडारण भी पकड़ा गया। संबंधित मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। एसडीओ राम कृष्ण कुमार ने बताया कि राजनगर, कुचाई एवं खरसावां में किसी प्रकार का अवैध खनन नहीं पाया गया। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा. वहीं विभाग की इस कार्रवाई के बाद बालू माफियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# सिंहभूम चैंबर में पीएम मन की बात का सीधा प्रसारण आज, सभी सदस्य होंगे शामिल



जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के सौंवें एपिसोड का प्रसारण 30 अप्रेल को सुबह 10.45 बजे से प्रसारित किया जायेगा। शनिवार को अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, महासचिव मानव केडिया ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम काफी लोकप्रिय है।इसके जरिये देश के लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया जाता है। चैम्बर ने अपने सदस्यों को इस एपिसोड से जुड़ने के लिए शामिल होने की अपील की।

# पुलिस ने बोटा लकड़ी लदे 407 को किया जब्त



ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अवैध लकड़ी लदे 407 को जप्त कर लिया। बताया जा रहा है शुक्रवार रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस ने टिकर मोड़ के पास से 20 पीस बोटा लकड़ी लदे एक 407 वाहन को जब्त कर जांच शुरू कर दी। पुलिस के अनुसार रात्रि गश्ती के दौरान एक 407 वाहन को रोकने का प्रयास किया गया। मौके पर वाहन चालक व खलासी उक्त वाहन को छोड़ कर भाग निकले। जांच करने पर 20 पीस बोटा लकड़ी पाया गया। फिलहाल पुलिस 407 वाहन को जब्त कर थाना ले गयी।

# खरसावां उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय को पुन: चालू कराने की मांग



खरसावां (आजाद सिपाही)। खरसावां के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय को पुन: चालु कराने की मांग को लेकर ढिपासाई के ग्रामीणों ने प्रखंड मुख्यालय में प्रदर्शन किया। शनिवार को ग्रामीणों ने प्रदर्शन के दौरान जिले के उपायुक्त के नाम पर एक मांग पत्र सौप कर खरसावां के ढिपासाई विद्यालय विलय से संबधित अनिमियतता बरतने की जांच कर विधि समर्थ कार्यवाही हेतु विद्यालय विलय को रोकने की मांग की। उन्होंने कहा वर्ष 2018 से खरसावां के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय ढिपासाई के विलय को रोकने के लिए आज तक संघर्ष करते रहे। उन्होंने बताया ग्रामीण बच्चों के पठन-पाठन प्रभावित नही हो इसके लिए जल्द से जल्द विधि समर्थ कार्यवाही करने की मांग की गयी।

# दलमा जंगल में 1 मई को खेला जायेगा शिकार पर्व, दलमा राजा राकेश हेंब्रम ने फदलोगोड़ा में वनदेवी से ली सेंदरा की अनुमति

**रविवार को पूजा-अर्चना कर के बाद शुरू होगा शिकार, बड़ी संख्या में जुटेंगे शिकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** दलमा बुरू दिसुआ सेंदरा का आगाज हो चुका है। एक मई को दलमा बुरु दिसुआ सेंदरा किया जाएगा. शनिवार की शाम दलमा राजा राकेश हेंब्रम ने दलमा पहाडी के तराई गांव फदलोगोडा के समीप पूजा अर्चना कर वन देवी-देवताओं को सेंदरा के लिए आह्वान किया एवं वन के देवी-देवताओं से शिकार पर्व के लिए अनुमति मांगी। वहीं रविवार सुबह पुनः दिसुआ शिकारियों के साथ फदलोगोडा के समीप पूजा अर्चना करेंगे। यहां शिकार में उपयोग होने वाले अस्त्र-शस्त्रों की पूजा अर्चना की जायेगी। साथ ही वन देवी-देवताओं से अच्छी बारिश एवं फसल के लिए भी आशीष मांगा जायेगा। इस वर्ष अधिक संख्या में सेंदरा वीरों के आने की उम्मीद है। दलमा राजा राकेश हेंब्रम ने झारखंड, बंगाल, ओडिशा समेत अन्य प्रदेशों के दिसुआ शिकारियों को खिजुर पत्ते से बने निमंत्रण पत्र भेजा है। मालूम हो कि आदिवासी समुदाय आदि काल से सेंदरा पर्व की परंपरा को मनाते आ रहे हैं. सेंदरा का अर्थ सिर्फ जंगली पशुओं का शिकार करना बिलकुल नहीं है, बल्कि इसका अर्थ सघन तलाश करना भी है। आदि काल में वन-जंगल काफी घने हुआ करते थे। इस वजह से दिसुआ सेंदरा के दौरान समूह बनाकर जंगलों में जाते थे। दवाई के रूप में उपयोग पेड-पौधों को देख आते थे। कई लोग इस दौरान जडी-बूटियों को लेकर भी आते हैं, लेकिन बताते चलें कि हाल के दिनों में आदिवासी समुदाय भी जानते हैं कि जंगली पशुओं की संख्या घट गयी है। इस वजह से आदिवासी समुदाय अब सेंदरा परंपरा को सांकेतिक रूप में निवर्हन करते हैं।

# सड़क हादसे में स्कूटी सवार की हुई मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना अंतर्गत पान दुकान चौक के समीप बीते रात सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति का मौत होगया। मिली जानकारी के अनुसार घटना शुक्रवार रात्रि करीब 11:30 बजे की है।

जानकारी के अनुसार रणधीश कुमार स्कूटी से कर्मचारी को खाना देने के लिए पान दुकान चौक की तरफ से जा रहे थे। उसी दरमियान तेज रफ्तार से हीरो होंडा बाइक पान दुकान चौक के समीप रणधीश कुमार के स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी, जिसके बाद दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों को पुलिस टीएमएच अस्पताल लेकर गये, जहां इलाज के दौरान रणधीश कुमार की मौत हो गयी। वहीं अन्य व्यक्ति की स्थिति नाजुक बनी हुई है।

## जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** आगामी 03 एवं 04 मई को आयोजित होने वाले राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं लोगों तक महोत्सव संबंधित जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से उपायुक्त ने जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना। दिनांक 03 एवं 04 मई 2023 को श्री बंशीधर नगर अनुमंडल मुख्यालय में राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव 2023 का आयोजन किया जाना है। राजकीय महोत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं लोगों तक महोत्सव संबंधित जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से आज समाहरणालय गढ़वा परिसर से उपायुक्त, शेखर जमुआर द्वारा हरी झंडी दिखाकर 2 रथ को रवाना किया गया। रथ रवाना करते समय मौके पर मुख्य रूप से मुख्य रूप से अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार एवं जिला जन संपर्क पदाधिकारी साकेत कुमार पांडेय उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि राजकीय महोत्सव के लिए विशेषकर रवाना किए गए रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों में जाकर लोगों को महोत्सव से संबंधित जानकारी देगी एवं महोत्सव से जुड़े प्रचार-प्रसार करने का कार्य करेगी।

## डिजिटल वित्तीय साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**रंका (आजाद सिपाही)।** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी बीएमएमयू रंका के द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव 2023 के अंतर्गत रंका अनुमंडल प्रखंड मुख्यालय के कंचनपुर पंचायत भवन में डिजिटल ट्रांजैक्शन और वित्तीय साक्षरता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों के बीच डिजिटल लेनदेन संबंधित जागरूकता एवं वित्तीय साक्षरता की समझ को बढ़ाना है। डिजिटल ट्रांजैक्शन अभियान के तहत बैंकिंग सेवाओं को हर घर पहुंचाने का लक्ष्य है तथा डिजिटल ग्रामीण के अंतर्गत ट्रांजैक्शन को बढ़ावा देना ही मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर उपस्थित दीदियों को वित्तीय समावेशन के अंतर्गत विभिन्न मुद्दों पर जागरूक किया गया। जिसमें मुख्य रूप से सामाजिक सुरक्षा योजना, डिजिटल लेनदेन के लाभ एवं डिजिटल फ्रॉड से बचने के उपाय भी बताये गये। साथ ही मुद्रा लोन पर भी चर्चा की गई। इसके पश्चात डिजिटल ग्रामीण परिवार को उनके घर पर स्टीकर भी चिपकाया गया। मौके पर बीसी सखी चिंतामणि देवी और एफएल सीआरपी शोभा देवी के द्वारा अपना अनुभव भी साझा किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन सामुदायिक समन्वयक सुनील कुमार पांडेय ने किया। कार्यक्रम के मौके पर रंका प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, उपाध्यक्ष कार्तिक पांडेय, जिला परिषद प्रतिनिधि, बीपीओ-एफआइ अविनाश शुक्ला, संकुल समन्वयक सुनील कुमार पांडेय, राजनाथ चौधरी, पंचायत समिति सदस्य शंकर राम, कंचनपुर पंचायत के मुखिया प्रतिमा देवी, वार्ड सदस्य सीएसपी संचालक श्रीराम ओझा, जेएसएलपीएस के आइपी आरपीएल सीआरपी बीसी सखी, सीएलएफ, लेखापाल एवं स्वयं सहायता समूह के सखी मंडल की दीदी और ग्रामीण उपस्थित थे।

## पत्नी को छोड़ कर नसीम युवती संग फरार

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पंडरिया गांव निवासी नसीम अंसारी पिता शेखमोहम्मद मियां ने अपनी विवाहिता पत्नी को छोड़ यूपी के मड़पा के शकीला खातून नामक युवती को शादी का झांसा देते हुए उसे लेकर फरार हो गया। मामले को लेकर नसीम अंसारी के पत्नी सहिदा बीबी ने स्थानीय थाने में अपने पति के विरुद्ध लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में पीड़िता सहिदा बीबी ने जिक्र किया है, कि मेरी शादी पंडरिया गांव निवासी नसीम अंसारी पिता शेख मोहम्मद मियां के साथ 2014 में पूरे रीति रिवाज के साथ हुई थी। शादी के बाद मैं दो बच्चों की मां बनी। इसके बाद मेरे पति नसीम अंसारी का प्रेम संबंध यूपी के मड़पा गांव के कलाम अंसारी के पुत्री शकीला खातून नामक एक युवती के साथ चलने लगी, इसी बीच बीते 9 अप्रैल 2023 को मेरे पति नसीम अंसारी उक्त युवती के साथ शादी करने की नियत से उसे लेकर फरार हो गए। कहा कि मेरे द्वारा समूह के माध्यम से लिया गया ऋण करीब डेढ़ लाख रुपए भी मेरे पति अपने साथ लेकर चले गये। इधर ससमय ऋण चुकता करने के लिए मेरे उपर दवाब बनाया जा रहा है, जबकि मेरे द्वारा मुझे छोड़े जाने से मैं और मेरे दो छोटे छोटे बच्चे दाने दाने के मोहताज हो चले है। कहा कि मेरे सास ससुर मुझे थाना जाने से रोक रखे थे, लेकिन मैं किसी तरह उनके चंगुल से छूटते हुए थाना पहुंचकर अपने पति के विरुद्ध कार्रवाई हेतु आवेदन दी हूं। उसने आवेदन के आलोक में मामले की जांचोपरांत न्याय की गुहार लगाते हुए अपने पति के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग किया है।

## दो वारंटी को भेजा जेल

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने मारपीट करने वाले दो नामजद अभियुक्तों को शनिवार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में गढ़वा जेल भेज दिया है। इस संबंध मे थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया की धुरकी थाना क्षेत्र के टाटीदीरी गांव निवासी राजेंद्र ठाकुर के बेटे विकास ठाकुर एवं राजन ठाकुर के द्वारा एक व्यक्ति के साथ मारपीट करने के आरोप मे धुरकी थाना मे नामजद प्राथमिक दर्ज किया गया था। थाना प्रभारी ने बताया की उक्त दोनो गिरफ्तार अभियुक्तों पर धुरकी थाना कांड संख्या-35/023 दिनांक 11/03/023 धारा147/ 148/ 149/341/323/307/427/504/506 भादवि के प्राथमिकअभियुक्त विकाश ठाकुर और दुसरा राजन ठाकुर दोनो टाटीदीरी गांव के निवासी पर थाना मे प्राथमिकी दर्ज था। इसके बाद उक्त दोनो की गिरफ्तारी के लिए उन्होने टाटीदीरी मे छापेमारी दोनो को घर से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

## रंका में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा संपन्न

**रंका (आजाद सिपाही)।** रंका में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा शनिवार को कदाचार मुक्त एवं शांति पूर्ण रूप से संपन्न हो गई। रंका राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय में नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा हेतु परीक्षा केंद्र बनाया गया था। इसके संबंध में जानकारी देते हुए आर के प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाचार्य कृति बास महतो ने बताया कि रंका, रमकंडा, चिनियां एवं भंडरिया प्रखंड से कुल 462 छात्र छात्राओं में से 382 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया और 80 छात्र छात्रा अनुपस्थित रहे। इस अवसर पर दंडाधिकारी के रूप में रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी देवानंद राम तथा रंका थाना पुलिस एएसआइ श्रवण कुमार अपने दल-बल के साथ मौजूद थे।

### मंत्री ने किया स्वच्छता पखवाड़ा की जिला स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ

# शौचालय होने पर भी ग्रामीण नहीं करते उपयोग : मिथिलेश ठाकुर

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गढ़वा द्वारा आयोजित स्वच्छता पखवाड़ा के जिला स्तरीय कार्यशाला का शुभारंभ मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने समाहरणालय के सभागार में दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उपायुक्त शेखर जमुआर, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, निदेशक डीआरडीए-सह-पंचायती राज पदाधिकारी दिनेश प्रसाद सुरीन, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा राज महेश्वरम, अनुमंडल पदाधिकारी रंका राम नारायण सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर आलोक कुमार, कार्यपालक अभियंता डीडब्ल्यूएसडी, प्रदीप कुमार सिंह आदि उपस्थित थें। माननीय मंत्री, श्री ठाकुर समेत उपरोक्त पदाधिकारियों एवं मंचासीन प्रतिनिधियों/ जनप्रतिनिधियों को फूल का पौधा देकर स्वागत किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा का कार्यक्रम जिलान्तर्गत विभिन्न प्रखंडो में ग्राम स्तर पर दिनांक 29 अप्रैल 2023 से 15 मई 2023 तक चलाया जायेगा, जिसकी रूपरेखा एवं कार्यशाला के तहत किये जाने वाले डे-वाइज मुख्य उद्देश्यों को कार्यपालक अभियंता श्री सिंह के द्वारा बतायी गई। कार्यशाला में अभियान के मुख्य उद्देश्य, विभिन्न विभागों की सहभागिता सहयोग एवं जिम्मेवारियों, जैसे कि ग्रामीण स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, जल संरक्षण, पेयजल जल का उचित उपयोग, जल गुणवत्ता परीक्षण इत्यादि पर विशेष रूप से चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन एवं अन्य अंतर्गत विभिन्न प्रकार की संरचना का निर्माण किया जाना है। इसके तहत ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के लिए गोबरधन योजना के तहत संरचना का निर्माण (गोबर गैस प्लांट), प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, मलीय कचरा प्रबंधन एवं माहवारी स्वच्छता प्रबंधन का कार्य अभिसरण के आधार पर किया जाना है। इस कार्य में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के साथ-साथ मनरेगा, ग्रामीण विकास विभाग एवं 15 वे वित्त आयोग मद, पंचायती राज विभाग में प्रावधान को भी शामिल किया गया है। निदेशक डीआरडीए-सह- पंचायती राज पदाधिकारी श्री सुरीन के द्वारा बताया गया कि स्वच्छता पखवाड़ा के विभिन्न मुख्य उद्देश्यों की पूर्ति में पंचायती राज विभाग का महत्वपूर्ण योगदान है। उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा स्वच्छ भारत मिशन एवं जल जीवन मिशन में प्रशासनिक सहयोग, सहभागिता, प्रयास एवं किये जा रहे विभिन्न गतिविधियों के बारे में बताया गया। साथ ही इस योजना से जुड़े सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं साथ में संलग्न स्वच्छता पखवाड़ा के संचालन से जुड़े कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।




### योजनाओं की जानकारी फैलाने की अपील की

मंत्री श्री ठाकुर द्वारा मंच को संबोधित करते हुए बताया गया कि फेज-1के तहत सभी जरूरतमंदों को शौचालय का लाभ दिया गया है। परंतु खेद व्यक्त करते हुए कहा कि शौचालय होने के बावजूद भी ग्रामीण क्षेत्रों में इसका उपयोग नहीं किया जाता, बल्कि इसका उपयोग अन्य कार्यों यथा- लकड़ी, पशुचारा या अन्य सामग्री आदि रखने में किया जाता है। उन्होंने बताया कि संभवत ग्रामीणों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता के अभाव के कारण ऐसा होता है। विभिन्न जनप्रतिनिधियों यथा- वार्ड सदस्य, मुखिया, प्रमुख, जिला परिषद सदस्य आदि से भी जनता के बीच सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं की जानकारी फैलाने की अपील की गई। शुद्ध पेयजल एवं साफ-सफाई के बारे में ग्रामीणों के बीच जन जागरूकता फैलाना अति आवश्यक है तभी स्वच्छता पखवाड़ा का असल मायने में सार्थकता साबित हो सकेगी। कार्यशाला में उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा सभी को स्वच्छता पखवाड़ा को लेकर शपथ ग्रहण कराया गया। सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल गढ़वा मुकेश कुमार द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला समाप्ति घोषणा की गई। उक्त कार्यशाला में उपरोक्त पदाधिकारियों के अतिरिक्त जिला स्तर के अन्य पदाधिकारी, विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं पेयजल स्वच्छता कर्मी आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थें। कार्यशाला की समाप्ति के उपरांत समाहरणालय परिसर से दिनांक 29 अप्रैल 2023 से 15 मई 2023 तक मनाए जाने वाले स्वच्छता पखवाड़ा हेतु प्रचार रथ को माननीय मंत्री श्री ठाकुर, उपायुक्त जमुआर एवं अन्य के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। प्रचार रथ द्वारा जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में स्वच्छता पखवाड़ा के विभिन्न महत्वपूर्ण उद्देश्यों को बताया जायेगा।

# हिंदू युवती को प्रेम जाल में फांस कर गढ़वा पहुंचा मुस्लिम युवक, गिरफ्तार

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** हिंदू लड़की को बहला फुसला कर अंबिकापुर से गढ़वा के आदर्श होटल में ठहरे मुस्लिम युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। लव जिहाद का मामला बताते हुए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पुलिस को इसकी सूचना दी थी। जिसके बाद पुलिस आदर्श होटल में छापेमारी शुरू किया। छापेमारी के दौरान एक मुस्लिम युवक एवं एक हिंदू युवती को पुलिस ने बरामद कर थाना ले आयी है। जानकारी के अनुसार होटल से पकड़ा गया मुस्लिम युवक ने फर्जी पहचान पत्र के जरिए होटल में रूम बुक किया था। युवक का नाम साबिर अंसारी है और उसकी उम्र ओरिजिनल आधार कार्ड में कुछ और था जबकि होटल बुक करने वाला आधार कार्ड में उसकी उम्र कुछ और थी। साबिर ने बताया कि तीन साल पूर्व अंबिकापुर में एक शादी समारोह में पानी का बोतल लेकर देने गया था। उसी दौरान उक्त युवती से उसकी मुलाकात हुई थी। मुलाकात के बाद इन दोनों के बीच संपर्क बढ़ता गया। साबिर ने बताया कि शादी करने के नियत से 27 अप्रैल को घर से भगा कर गढ़वा लेकर आया था। 27 अप्रैल की रात गढ़वा लगभग 9 बजे पहुंचा था। गढ़वा पहुंचने के बाद साबिर ने अपने चाचा के यहां झलुआ गांव में रुका था। 28 अप्रैल की सुबह युवती को लेकर होटल आदर्श पहुंचा। जहां उसे होटल के संचालक द्वारा कहा गया कि तुम्हें दो रूम लेना होगा। होटल के संचालक द्वारा उसे दो रुम लेने की बात कह कर चार हजार किराया बताया गया। युवक तैयार हो गया और होटल आदर्श में आमने-सामने दो कमरा बुक कराया। साबिर ने बताया कि 29 अप्रैल को गढवा कोर्ट में वह शादी करने वाला था। लेकिन इसकी भनक विभिन्न हिंदू संगठनों को लग गई। युवती ने बताया कि साबिर का असली नाम वह आज जान रही है।

### बिना महिला कांस्टेबल के युवती को बरामद करने होटल पहुंची पुलिस

गढ़वा पुलिस आम लोगों को नियम और कानून से चलने की बात करती है। लेकिन पुलिस खुद नियम को ताक पर रख धज्जियां उड़ाने में तनिक भी बाज नहीं आयी। शुक्रवार की रात में आदर्श होटल में एक युवक व युवती को पकड़े गये थे। इसकी सूचना पुलिस को मिली। सूचना मिलने के बाद गढ़वा पुलिस महिला कॉन्स्टेबल के बीना होटल में पहंच गई। जानकारी के अनुसार अगर महिला को गिरफ्तार या बरामदगी करना है तो महिला कॉन्स्टेबल जाती है लेकिन यहां पर ऐसा नहीं हुआ। उक्त युवती को बिना महिला कॉन्स्टेबल को ही पुलिस थाना ले जाने का काम किया।

## महिला की तमिलनाडु में संदिग्ध मौत मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के मझिगावां गांव टोला अकड़हवापर निवासी एक महिला की तमिलनाडु में फांसी लगाने से संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई है। जिसको लेकर महिला के मायके वालों ने मृतका के पति के साथ अन्य ससुरालियों पर लड़की की हत्या किए जाने का आरोप लगाया है। मृतका का शव घर आने के बाद हरिहरपुर ओपी पुलिस की देखरेख में सोन नदी में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। इधर मायके वालों ने हरिहरपुर ओपी पुलिस से हत्यारों की गिरफ्तारी की फरियाद की है। मालूम हो कि रेखा देवी पति कमलेश राम उम्र 24 वर्ष तमिलनाडु के डिंडीगुल जिला के कारिकली गांव में वर्ष 2019 से रहते थे। जबकि उसी जगह के आसपास में मृतका की ननद, नंदोई भसुर, गोतनी आदि भी रहते थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार 24 अप्रैल की रात मृतका द्वारा रसोई घर में फांसी लगा ली गयी थी। 25 अप्रैल की सुबह खरसोता निवासी भीम राम के द्वारा फोन से मृतका के चाचा को घटना की सूचना दी गई। इसके बाद कांडी थाना के खुटहेरिया पंचायत अंतर्गत गोसांग गांव स्थित मायके के लोगों को भी घटना की सूचना मोबाइल के माध्यम से दी गई कि रेखा किचन में फांसी पर लटकी हुई है। मालूम हो कि वर्ष 2017 में रेखा की शादी हीरामन राम के पुत्र कमलेश राम के साथ की गई थी। मृतका की मां दुर्गावती देवी एवं पिता विनोद राम सहित मायके वाले अन्य लोगों के आरोप लगाया कि अनीता देवी पति महेंद्र राम और भैसुर विसुनदेव राम पिता नागेंद्र राम, महेंद्र राम पिता मानदेव राम आदि के द्वारा मिलकर रेखा की हत्या करके उसे आत्महत्या का रूप दिया गया है। उन्होंने कहा कि बच्चा नहीं होने से रेखा को बराबर प्रताड़ित किया जाता था। शादी के 2 वर्ष के बाद उसे एक बच्चा हुआ था। बाद में नवजात की मृत्यु हो गई थी। इसके साथ ही दहेज के लिए भी उसे बराबर गाली गलौज एवं प्रताड़ित किया जाता था। घटना के बाद तामिलनाडु की स्थानीय पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। इधर मृतका के मायके के लोगों के द्वारा रेखा के पति कमलेश राम एवं अन्य की तत्काल गिरफ्तारी की मांग हरिहरपुर पुलिस से की जा रही थी। मौके पर हरिहरपुर पर ओपी प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने सदल बल पहुंचकर सोन नदी के श्रीनगर घाट पर शव का अंतिम संस्कार करा दिया।

## स्पष्टीकरण मांगा गया

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** बीडीओ सह सीडीपीओ जयपाल महतो ने प्रखंड के तीन आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर दो आंगनबाड़ी केंद्र में अनियमितता पाये जाने पर संबंधित सेविका सहायिका से स्पष्टीकरण की मांग की है। शनिवार की सुबह नौ से दस बजे के बीच बीडीओ ने अरसली उत्तरी पंचायत के लामी टोला, डोम टोली एवं खडार टोली आंगनबाड़ी केंद्र का औचक निरीक्षण किया। आंगनबाड़ी केंद्र लामी में निरीक्षण के समय सेविका सहायिका अनुपस्थित पायी गई। बीडीओ सह सीडीपीओ ने उक्त दोनों को ग्रामीणों की सहायता से उन्हें बुलाकर जमकर फटकार लगाई। जांच में पोषाहार वितरण में अनियमितता पाई गई जिस पर सेविका से स्पष्टीकरण की मांग की गई है। आंगनबाड़ी केंद्र खडार टोला में 32 बच्चों की उपस्थिति पायी गई।


**कार्यालय प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, केरसई**

**प्रेस विज्ञप्ति**

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार रांची के पत्रांक 426 (D), दिनांक 28.02.2023 एवं संकल्प संख्या 22/निदे0/औषधि/निगरानी-20-47/2021-2070 (D), दिनांक 21.10.2021 तथा उपायुक्त सिमडेगा के पत्रांक 265 (ii)/गो0, दिनांक 19.04.2023 के निदेशानुसार ग्राम पंचायत में एक औषधि विक्रय संस्थान की स्थापना किया जाना है।

प्रखण्ड-केरसई में 07 (सात) ग्राम पंचायतों में एक-एक औषधि विक्रय संस्थान स्थापित किया जाना है।

उक्त के लिए इच्छुक व्यक्तियों का आवेदन पत्र, विहित प्रपत्र में आमंत्रित किया जाता है। विहित प्रपत्र कार्यालय अवधि 10:00 बजे पूर्वाहन् से 05:00 बजे अपराहन् तक प्राप्त किया जा सकता है।

अन्य शर्ते संकल्प संख्या 22/निदे0/औषधि/निगरानी-20-47/2021-2070 (D), दिनांक 21.10.2021 में निहित प्रावधान के अनुसार लागू होगा।

विज्ञापन प्रकाशन से आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 06.05.2023 होगी।

प्रखण्ड विकास पदाधिकारी,
केरसई

PR 296222District(23-24)#D



**कार्यालय अनुमण्डल पदाधिकारी-सह-अभिहित अधिकारी, सिमरिया**

**-: आदेश :-**

स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची के निदेशानुसार Food Safety and Standards Authority of India (FSSAI) के साथ हुए MoU के आलोक में खाद्य कारोबारियों के लिए License/Registration कैम्प का आयोजन किया जाना है।

उक्त के आलोक में सिमरिया अनुमण्डल अन्तर्गत खाद्य कारोबारियों के लिए FSSAI-License/ Registration कैम्प के आयोजन हेतु प्रखण्डवार कार्यक्रम निम्नवत् है :-

| क्र. सं. | प्रखण्ड | तिथि | कैम्प हेतु स्थल का नाम | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सिमरिया | 07.05.2023 | डाक बंगला, सिमरिया | पूर्वाहन 11:00 बजे से संध्या 4:00 बजे तक |
| 2 | टण्डवा | 06.05.2023 | होटल रूकमनी, टण्डवा | |
| 3 | गिद्दौर | 12.05.2023 | प्रखण्ड मुख्यालय, सभागार, गिद्दौर | |
| 4 | पत्थलगड्डा | 20.05.2023 | प्रखण्ड मुख्यालय, सभागार, पत्थलगड्डा | |
| 5 | लावालौंग | 26.05.2023 | प्रखण्ड मुख्यालय, सभागार, लावालौंग | |

सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी को निदेश दिया जाता है कि अपने स्तर से माईकिंग के माध्यम से खाद्य कारोबारियों को FSSAI- License/ Registration कराने हेतु प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करेंगे। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, चतरा को निदेशित है कि प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर उपरोक्त कैम्प में उपस्थित होकर इसका सफल संचालन कराना सुनिश्चित करेंगे तथा निर्धारित तिथि के पूर्व इसका व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार भी कराऐंगे।

अभिहित अधिकारी-सह-
अनुमण्डल पदाधिकारी, सिमरिया

PR 296232District(23-24)#D


### जीएन कान्वेंट स्कूल में डॉक्टर आंबेडकर जयंती पखवाड़ा पर कार्यक्रम आयोजित

# भारतीय संविधान विश्व का सबसे बड़ा और अनोखा संविधान

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सीबीएसइ से मान्यता प्राप्त स्थानीय जीएन कान्वेंट प्लस टू स्कूल में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक एमपी केसरी सचिव सुषमा केसरी एवं उप प्राचार्य बसंत ठाकुर ने डॉक्टर अंबेडकर के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर की। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर आधुनिक भारत के सजग समाज सुधारक, एक महान देशभक्त, न्याय के पुजारी, शिक्षाविद और दलितों के सच्चे पैरोकार थे। भारत के संविधान निमार्ता के रूप में देशभर में वे प्रसिद्ध हैं। अंबेडकर का प्रारंभिक जीवन और शिक्षा संघर्षपूर्ण रहा। उन्हें




छुआछूत ऊंच-नीच आदि का बचपन से ही सामना करना पड़ा। उन्होंने भारत में छुआछूत और सामाजिक असमानता के उन्मूलन के लिए अपना जीवन अर्पित कर दिया। उनका मानना था कि अस्पृश्यता को हटाये बिना राष्ट्र की प्रगति नहीं हो सकती बाबासाहेब ने भारत की संविधान निर्माण में सबसे अहम भूमिका निभायी। इन्हें संविधान का जनक से भी संबोधित किया जाता है। बाबासाहेब अंबेडकर की कानूनी विशेषज्ञता और विभिन्न देशों के संविधान का ज्ञान भारतीय संविधान के निर्माण में बहुत मददगार साबित हुआ। काबिलियत के दम पर वह आजाद भारत के पहले कानून मंत्री के पद पर आसीन हुए। बाबासाहेब कहा करते थे कि वे ऐसे धर्म को मानते हैं जो स्वतंत्रता समानता और भाईचारा सिखाता है। उनका मानना था कि जीवन लंबा होने के बजाय महान होना चाहिए। भारतीय संविधान के प्रस्तावना लेखन व वाचन प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्रायें सम्मिलित हुए जबकि समस्त बच्चों के बीच भारतीय संविधान प्रस्तावना का शपथ कार्यक्रम भी कराया गया। इस तरह के कार्यक्रम से बच्चों के बीच देश भक्ति और अपने देश के महाप्राण संविधान जानने और सीखने का मौका मिलता है। इस कार्यक्रम में कक्षा छह की साक्षी गुप्ता प्रथम, सृष्टि कुमारी द्वितीय एवं राजकुमार पाल तृतीय स्थान प्राप्त किये। वही कक्षा 7 में उत्कर्ष केसरी प्रथम, मोहम्मद फैज द्वितीय, संस्कार कुमार तृतीय स्थान प्राप्त किये, जबकि कक्षा आठवीं में कृष्णा को प्रथम, आयुष कुमार द्वितीय, सृष्टि कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की कक्षा 9 में गोविंद कुमार प्रथम, सुहानी कुमारी द्वितीय रही जबकि कक्षा 10 में दिव्या केसरी ने अव्वल स्थान प्राप्त किए।

### इनकी रही महत्वपूर्ण भूमिका

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक उदय प्रकाश, खुर्शीद आलम, मुकेश भारती, नीरा शर्मा, सुषमा तिवारी, नीलम केशरी, सुनीता कुमारी, शिवानी, अजय कुमार, संजीव कुमार, दीपक गुप्ता, संतोष प्रसाद आदि ने सक्रिय भूमिका निभाया। मंच संचालन प्राचार्य ने किया जबकि धन्यवाद ज्ञापन स्कूल के कैप्टन दिव्या दीप सोनी ने की।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से युवक की मौत

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** बंशीधर नगर-बिशनपुरा मुख्य पथ पर भोजपुर गांव में शनिवार की अहले सुबह ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए स्थानीय लोगों की मदद से अनुमंडल अस्पताल भिजवाया गया,जहां इलाज के दौरान घायल युवक की मौत हो गई। मृतक कांडी थाना क्षेत्र के रपुरा गांव निवासी बजनु प्रजापति का पुत्र राजेश प्रजापति बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार युवक थाना क्षेत्र के कध्वन गाँव स्थित अपने जीजा ओमप्रकाश प्रजापति के घर मां को लेने जा रहा था इसी दौरान भोजपुर गांव पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार के ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल व चालक को रौंदते हुए फरार हो गया। इस मामले में पुलिस को सूचना दी गई है। आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस जांच कर रही है।


**JHARKHAND URBAN INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT COMPANY LIMITED**

(A Government of Jharkhand Undertaking)
JUIDCO Bhawan, KutcheryChowk, Ranchi-834001
E-MailId - pdt.juidco@gmail.com, juidcolimited@gmail.com
CIN: U45200JH2013SGC001752

NIT No.: **JUIDCO/NIT/PPP/ISBTRanchi/539**
Date: 27.04.2023

**Notice Inviting Tender**
**National Competitive Bidding**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the Work | Development of Inter-State Bus Terminal at Ranchi in Jharkhand on PPP Basis. |
| 2. | Mode of bid submission | Online Tender (e-tendering) |
| 3. | Estimated Cost | Rs. 318.57 Cr. |
| 4. | Tender Fee & Bid Security | Cost of Tender Document: Rs. 25,000/- *(Rupees Twenty-Five Thousand) only* Bid Security: Rs. 3.2 Cr. *(Rupees Three Crore Twenty Lakhs only)* |
| 5. | Date & Time of publication of Tender on website | 28/04/2023- Time 17:00 Hrs. |
| 6. | Date &Time for Pre-bid Meeting (Both offline and online) | 12/05/2023- Time 15:00 Hrs. |
| 7. | Last Date & Time for submission of online bids | 29/05/2023- Time 17:00 Hrs. |
| 8. | Last Date & Time of submission of EMD and Tender fee in (Hard Copies) | 30/05/2023- Time 17:00 Hrs. |
| 9. | Date & Time of Technical bid opening | 30/05/2023- Time 17:30 Hrs. |
| 10. | Bid submission address | Jharkhand Urban Infrastructure Development Company Ltd., JUIDCO Bhawan, Kutchery Chowk, Ranchi, Jharkhand- 834001 |
| 11. | Helpline no. | +91651- 2225878/ +91-9835165931 |

**Note: Only e-tenders will be accepted.**
Further details are available on Jharkhand Government e-procurement website https://jharkhandtenders.gov.in

Sd/-
**Project Director (Tech)**
**JUIDCO Ltd. Ranchi.**

PR 296132 (Urban Development and Housing)23-24*D

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 30 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in


## खूंटी के बिरसा कॉलेज में मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस



खूंटी (आजाद सिपाही)। बिरसा कॉलेज के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के तत्वावधान में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय नृत्य दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या प्रो जेरेमन किड़ो और संचालन डॉ सीजेरन सुरीन ने किया। राज कुमार गुप्ता और चंद्र किशोर भगत ने नृत्य के संबंध में चर्चा की और इसके महत्व पर प्रकाश डाला। अपने उदगार में प्राचार्या ने दिवंगत डॉ रामदयाल मुंडा के शब्दों को याद कराते हुए कहा कि जे नाची से बांची। इस अवसर पर विभाग द्वारा आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसका सभी छात्र-छात्राओं ने भरपूर आनंद लिया। इस मौके पर प्रो काली मुंडू, डॉ चंद्र किशोर भगत, राज कुमार गुप्ता, डॉ अस्मृता महतो, डॉ संध्या सहाय, प्रो पूनम, रीता मुंडू, सावित्री पूर्ति, महेश साहू, प्रभुदास आदि उपस्थित थे।

### कस्तूरबा गांधी विद्यालय की 10 छात्राओं ने क्वालीफाई किया जेइइ मेन

# सपनों की उड़ान कार्यक्रम के दिख रहे सकारात्मक परिणाम: डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की 10 छात्राओं ने जेइइ मेन 2022 में क्वालीफाई किया है। यह उपलब्धि डीसी शशि रंजन की पहल पर शुरू किये गए सपनों की उड़ान कार्यक्रम के चलते मिल रही है। 10 छात्राओं ने यह उपलब्धि हासिल कर अन्य छात्राओं के लिए भी उदाहरण पेश किया है। उनकी सफलता से कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय परिवार, वार्डन, शिक्षिका, सभी बच्चियों में खुशी है। शैक्षणिक सत्र 2021-23 के द्वितीय फेज में इंजीनियरिंग के लिए 18 और मेडिकल के लिए 39 (कुल 57 छात्राएं) नामांकित हैं। इनमें इंजीनियरिंग की 10 छात्राओं ने



जेइइ मेन क्लालिफाइ करने वाली छात्राओं से बातें करते डीसी शशि रंजन व अन्य।

जेईई मेन की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनमें एलिसा हास्सा, सोहनी बाखला, एजेंल सियोन तोपनो, मेरी कण्डुलना, सरस्वती कुमारी, सुचिता सुरीन, पुष्पा कण्डुलना, संतोषी कुमारी, श्रुति कुमारी और निशा कुमारी शामिल हैं। जिला प्रशासन द्वारा उक्त छात्राओं को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कालामाटी में जेईई एडवांस की परीक्षा की तैयारी कराया जाएगा। साथ ही सभी छात्राओं के काउंसिलिंग सहयोग प्रदान कर उच्च शिक्षण संस्थानों में नामांकन कराने का प्रयास करेगा। इस संबंध में डीसी शशि रंजन ने कहा कि आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत खूंटी के छात्र-छात्राओं को उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर करने के उद्देश्य से एक अनोखी पहल का परिणाम अब सकारात्मक रूप से प्रदर्शित हो रहा है। सपनों की उड़ान कार्यक्रम के माध्यम से जिले की छात्राओं के लिए सुदृढ शिक्षण व्यवस्था सुनिश्चित करने का प्रयास है। इसके लिए खूंटी जिले के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की 11वीं एवं 12वीं की छात्राओं को भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान और गणित विषयों में सुदृढ़ करते हुए आईटीआई और मेडिकल परीक्षा में उत्तीर्ण कराने के उद्देश्य से ऑनलाइन-ऑफलाइन शिक्षा प्रदान की जा रही है।

### उत्तीर्ण हुई छात्राओं ने साझा किये अपने अनुभव

परीक्षा में सफल छात्राओं ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि किस प्रकार सपनो की उड़ान अभियान से जुड़कर डीसी के निरंतर सहयोग से उन्होंने अपने उज्ज्वल भविष्य का सपना देखा। छात्रा निशा कुमारी ने कहा कि उसने कभी नहीं सोचा कि ये सपना पूरा होगा। बताया कि वह अपने घर की पहली इंजीनियर बनेगी। उन्होंने जिला प्रशासन की इस पहल पर आभार व्यक्त किया। एंजल बताती हैं कि सूदुर क्षेत्र से निकलकर आज जेईई क्वालीफाई किया है, ये मेरे लिए उपलब्धि है। वहीं, डीसी ने शनिवार को विद्यालय की बालिकाओं से मिलकर उनके बेहतर भविष्य के लिए उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### अड़की में 3.5 किलोग्राम गांजा बरामद, बाइक जब्त



खूंटी (आजाद सिपाही)। जिले के अड़की थानांतर्गत हेमरोम गांव के समीप शुक्रवार की रात एसएसबी 26वीं वाहिनी एफ कंपनी के असिस्टेंट कमांडेंट अजीत कुमार उपाध्याय के नेतृत्व में अड़की पुलिस और एसएसबी जवानों द्वारा संयुक्त रूप से चलाए गए एमसीपी ड्यूटी के दौरान 3.5 किलोग्राम गांजा बरामद किया। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने शनिवार को विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी। बताया कि अभियान के दौरान एक बाइक सवार को पुलिस के जवानों ने रोकने का प्रयास किया, पर वह बाइक छोड़कर भाग निकला। ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा बल के जवानों द्वारा बाइक में रखे बैग की तलाशी ली गई, तो वहां से 3.4 किलो अवैध गांजा बरामद हुआ। इसके साथ ही बैग के अंदर रखे एक काला रंग के पर्स में धनबाद के विकास हाड़ी का आधार कार्ड, पेन कार्ड, वोटर आईडी कार्ड और दो एटीएम कार्ड आदि बरामद किये गए हैं। पुलिस ने बाइक की जब्त कर ली गयी है। अड़की थाने में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### शांति एवं सद्भाव झारखंड की सबसे बड़ी विशेषता, इसे बरकरार रखेंगे : बंधु तिर्की

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि शांति एवं सद्भाव झारखंड और राजधानी रांची की सबसे बड़ी पहचान है। इसे हर हाल में बरकरार रखेंगे। श्री तिर्की ने कहा कि अनेक तत्व आपसी वैमनस्य फैलाकर झारखंड की मिट्टी में समाहित आपसी प्यार एवं सौहार्द को कमजोर करना चाहते हैं। लेकिन उनकी यह कोशिश कभी भी सफल नहीं होगी। शनिवार को मोरहाबादी स्थित आवास पर ईद मिलन समारोह में आमंत्रित अतिथियों के बीच अपने सम्बोधन में श्री तिर्की ने कहा कि सद्भाव और सौहार्द के साथ ही मिल जुलकर आगे बढ़ने की भावना झारखंड की स्वाभाविक पहचान है। यही कारण है कि यहां सभी पर्व-त्यौहार को आपसी प्रेम एवं भाईचारे के साथ मनाया जाता है। लेकिन अपने छुद्र स्वार्थ के लिए अनेक तत्व उसमें बाधा डालने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि वैसे प्रयासों को कभी भी सफल नहीं होने दिया जा सकता क्योंकि यह समाज में जहर घोलने का काम करता है। इस ईद मिलन समारोह में शामिल होनेवाले प्रमुख अतिथियों में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, जय सिंह यादव, मांडर की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, हाजी हलीम, डॉ प्रणव कुमार बब्बू, सरफराज अहमद, इबरार अहमद, शकीलुरह्मण, राजीव रंजन प्रसाद, दीपू सिन्हा, मचकूर आलम, नफीस अहमद, प्रो शाहिद हसन, अमूल्य नीरज खलखो, आभा सिन्हा, राखी प्रियदशीर्नी, रमा खलखो, परवेज आलम, अब्दुल कुद्दूस, शहाबुद्दीन, तबरेज आलम तब्बू आदि शामिल हुए।

## खलारी स्टेशन में हरी झंडी दिखाकर इंटरसिटी एक्सप्रेस को किया रवाना



खलारी (आजाद सिपाही)। खलारी रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार की रात 18611/18612 रांची-बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। मालूम हो कि सांसद संजय सेठ व विधायक समरीलाल के प्रयास से कोरोना काल के बाद शुक्रवार को फिर से इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव खलारी स्टेशन पर शुरू हुआ है। शुक्रवार को 18611 अप व 18612 डाउन दोनो ट्रेनों का रात करीब 11.45 बजे पहला ठहराव था। देर रात भी दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता इस घड़ी का गवाह बनने के लिए स्टेशन पर मौजूद थे। विधायक समरीलाल, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुन्दर सिंह जिला ग्रामीण सचिव प्रीतम साहू व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर दोनो एक्सप्रेस ट्रनों को रवाना किया। इससे पूर्व ट्रेन के चालकों को फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा रेल मंत्री, सांसद और विधायक आदि का धन्यवाद किया। भारत माता की जय और जय श्रीराम के नारे भी लगाए गए। ट्रेन ठहराव को लेकर कार्यकर्ता खासा उत्साहित थे। इस मौके पर एसीएम धनबाद रेल मंडल पंकज नयन, डीएसटीई बरकाकाना, रेल यातायात निरीक्षक उमेश कुमार, खलारी स्टेशन अधीक्षक जॉन सोरेन, हेमलाल यादव, संजय खलखो के अलावा भाजपा कार्यकर्ताओं में अरविंद सिंह, अनिल गंझू, रामसूरत यादव, आनंद सिंह, कृष्णा चौहान, प्रदीप ठाकुर, मुन्नु शर्मा, विनोद विश्वकर्मा, मिथिलेश प्रजापति, रविभूषण सिंह, अभिषेक चौहान, दीपक वर्मा, नागदेव सिंह आदि मौजूद थे।

## ऐतिहासिक होगा प्रधानमंत्री के मन की बात का 100वां एपिसोड : कोचे मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा विधानसभा क्षेत्र के 100 स्थानों पर 100-100 लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100वां एपिसोड सुनेंगें। प्रधानमंत्री का यह कार्यक्रम ऐतिहासिक होगा। मन की बात के 100वें एपिसोड को लेकर भाजपा ने खास तैयारियां की हैं। उक्त बातें तोरपा के विधायक कोचे मुंडा ने कही। वे शनिवार को तोरपा में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एपिसोड का प्रसारण रविवार



को सुबह 11 बजे से होगा। कहा कि वे खुद अपने पैतृक गांव ममरला स्थित सांस्कृतिक भगवन में 100 ग्रामीणों के साथ कार्यक्रम को सुनेंगे। विधायक ने कहा कि मन की बात बात कार्यक्रम के 100वें एपिसोड पर पूरी दुनिया की निगाहें हैं। ऐसा पहली बार होगा कि किसी नेता को करोड़ों लोग एक साथ एक ही समय पर बैठकर सुनेंगे। यह एक विश्व रिकॉर्ड बनने वाला है। उन्होंने बताया कि तोरपा क्षेत्र में पड़ने वाले सभी पांच मंडलों में ग्रामीण और भाजपा कार्यकर्ता कार्यक्रम को सुनेंगे। भाजपा के जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष सहित कई कार्यकर्ता भी अलग-अलग स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे। इस मौके पर जिलाध्यक्ष चद्रशेखर गुप्ता और किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामानंद साहू भी मौजूद थे।

## अवैध कोयला ले जा रही छह बाइक जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी थाना क्षेत्र के बमने बुढ़मू मुख्य पथ से अवैध कोयला ले जा रहे छह बाइक को पुलिस ने पकड़ लिया। खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी को गुप्त सूचना मिल रही थी कि बमने क्षेत्र से बाइक की मदद से अवैध कोयला की तस्करी बुढ़मू एवं आस-पास के क्षेत्रों में की जा र ही है। इसी आधार पर शानिवार को बमने बुढ़मू मुख्य पथ पर खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी के नेतृत्व में छापामारी अभियान चला कर पुलिस बल की ओर से अवैध



कोयला लदे छह बाइक को जब्त किया गया। जिसपर 2.5 टन अवैध कोयला लगा हुआ था। हालांकि छापामारी के दौरान बाइक चालक पुलिस के जवानों को देखते ही कोयला लदे अपनी-अपनी बाइक वहीं छोड़ कर भाग निकले। इस संबंध में खलारी डीएसपी अनिमेष नैथानी ने बताया कि खलारी क्षेत्र में बाइक से की जा रही अवैध कोयला की तस्करी को रोकने के उद्देश्य से यह विशेष अभियान चलाया गया है। उन्होंने बताया कि बुढ़मू व आसपास के ईंट भट्ठों सहित रातु और काठीटांड में ये अवैध कोयला बेचा जाता है। साथ ही उन्होंने बताया कि खलारी क्षेत्र में हो रहे अवैध कोयला तस्करी के खिलाफ पुलिस का यह अभियान लगातार जारी रहेगा। लगे हाथ उन्होंने कोयला लदे बाइक को खलारी थाने को सौंप दिया। दूसरी ओर, पुलिस की इस कार्रवाई से कोयला तस्करों में हड़कंप मच गया है।

### श्रमदान कर बुंडू के ग्रामीणों ने शुरू किया सड़क निर्माण कार्य



पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार कोयलांचल के निकटवर्ती बुंडू गांव के ग्रामीणों ने अपने निजी खर्च एवं श्रमदान से किरीगढ़ा दामोदर नदी तक मिट्टी मोरम सड़क और सरैया नाला में कल्वट बनाने का लिया निर्णय है। शनिवार को स्थानीय ग्रामीणों के सामूहिक प्रयास के बाद इसकी शुरूआत की गयी। इस बाबत ग्रामीणों ने बताया कि केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के सुदूरवर्ती बुंडू पंचायत विकास से कोसों दूर है। इस पथ को बनाने के लिए कई बार सरकारी पदाधिकारी एवं स्थानीय जन प्रतिनिधि का ध्यान आकृष्ट कराया गया, लेकिन सरकार के उदासीन रवैये के कारण अभी तक कोई कार्य ही नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने कहा कि बरसात के मौसम में यह सड़क काफी भयावह हो जाती है, जिसमें लोग गिरकर घायल भी होते हैं। इस कार्य में लगभग एक से डेढ़ लाख रुपये खर्च होने की संभावना है। इस सड़क के बनने से हजारीबाग, चतरा और रांची जिला के लोगों का आवागमन होगा। इस सराहनीय कार्य में बुंडू की मुखिया तुलसी तुरी, नरेश कुमार साहू उर्फ गब्बर, लक्ष्मण मंडल, मनीजर साव, रवि साव, संतोष यादव, लखन साव, भोला साव, मदन मोहन साव, मोहन कुमार, नारायन साव, अशोक साव, रंजीत तुरी आदि का सराहनीय योगदान है।

### जेइइ मेंस में अभिजीत और उमंग को मिली सफलता



बुंडू (आजाद सिपाही)। साउथ प्वाइंट के पूर्ववर्ती छात्र अभिजीत गोराई और उमंग राज ने जेइइ मेन्स में शानदार सफलता अर्जित की है। अभिजीत ने जेईई मेन्स में 96.8 परसेंटाइल अंक और उमंग राज ने 92.5 परसेंटाइल अंक प्राप्त किया है। अभिजीत और उमंग ने बताया कि साउथ प्वाइंट में कक्षा 9वीं से ही हमें लगातार एनटीएसई और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मार्गदर्शन दिया जा रहा था। इस कारण हमें आगे की तैयारियों और चुनौतियों से निपटने में आसानी हुई। दोनों छात्रों ने विद्यालय के शिक्षकों व विशेष तौर पर प्राचार्य का आभार जताया। दोनों छात्रों की सफलता पर साउथ प्वाइंट पब्लिक स्कूल के प्राचार्य सुभाष कुमार पाटनी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अभिजीत व उमंग को शुभकामनाएं दी है। वहीं, बुंडू के प्रबुद्धजनों ने दोनों छात्रों की कामयाबी पर उनकी, उनके पारिवारिक जनों की, शिक्षकों की प्रशंसा की है।

### डीडीसी की अगुवाई में जिला स्तरीय स्वच्छता पखवाड़ा विषयक कार्यशाला का आयोजन




खूंटी (आजाद सिपाही)। डीडीसी सह उपाध्यक्ष जिला जल एवं स्वच्छता समिति नीतीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को डीआरडीओ सभागार में जिला स्तरीय स्वच्छता पखवाड़ा विषयक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जो 15 मई तक चलेगा। डीडीसी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन, ग्रामीण पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा ग्राम स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन और विभिन्न तरह की संरचनाओं का निर्माण किया जाना है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के साथ मनरेगा-ग्रामीण विकास और 15वें वित्त आयोग मद, पंचायती राज विभाग में इस प्रावधान को शामिल किया गया है। उन्होंने इन तीनों विभागों के अधिकारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर गांव स्तर पर ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के तहत विभिन्न कार्यों को उत्कृष्ट स्तर पर क्रियाविंत करने का निर्देश दिया। इस मौके पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा मिशन के उद्देश्य, विभिन्न विभागों की सहभागिता, सहयोग और जिम्मेदारियां सहित अन्य विषयो पर विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारी, मुखिया, पंचायत सेवक, रोजगार सेवक, आदि थे।

### बालू के अवैध उत्खनन व परिवहन के खिलाफ चला विशेष अभियान

## अवैध बालू लदे छह हाइवा, एक जेसीबी और सात ट्रैक्टर जब्त, तीन गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन के खिलाफ जिला स्तरीय टास्क फोर्स की ओर से शुक्रवार-शनिवार तो खूंटी जिले के सभी थाना क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया गया। जिला खनन पदाधिकारी मो नदीम शफी, डीसीएलआर जितेंद्र मुंडा और खनन निरीक्षक सुबोध कुमार सिंह द्वारा संबंधित अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी के साथ मिलकर चलाए गए इस अभियान के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से अवैध बालू लदे छह हाइवा, छह ट्रैक्टर, एक जेसीबी मशीन और अवैध पत्थर लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया गया। वहीं, खूंटी में भी दो ट्रैक्टर चालकों और कर्रा में एक हाइवा चालक को गिरफ्तार किया गया। बालू के अवैध परिवहन के दौरान पकड़े गए उक्त वाहनों में 4000



सीएफटी बालू लदा पाया गया है, जिसे वाहन सहित जब्त कर संबंधित थाने में रखा गया है। इस संबंध में विभिन्न थानों में खनन निरीक्षक और संबंधित अंचलाधिकारी के बयान पर अलग-अलग मामला दर्ज किया गया है। यह जानकारी खनन निरीक्षक सुबोध कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस अभियान के दौरान तोरपा थाना क्षेत्र से बालू लदे तीन हाइवा और एक जेसीबी, कर्रा थाना क्षेत्र से बालू लदे दो हाइवा, जरियागढ़ थाना क्षेत्र से बालू लदा एक हाइवा, रनिया थाना क्षेत्र से बालू लदा दो ट्रैक्टर, तपकरा एवं अड़की थाना क्षेत्र से बालू लदा एक-एक ट्रैक्टर और खूंटी थाना क्षेत्र से बालू लदे दो ट्रैक्टर और पत्थर लदा एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया। जिला प्रशासन एवं खनन विभाग द्वारा चलाए गए इस विशेष अभियान से बालू के अवैध कारोबार में जुड़े माफिया में हड़कंप मच गया है।

### डेढ़ किलो अफीम और 501 किलो अफीम डोडा बरामद, एक गिरफ्तार

खूंटी (आजाद सिपाही)। जिला मुख्यालय से सटे मुरहू थाना क्षेत्र के इठे गांव में शनिवार को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापामारी कर एक किलो 595 ग्राम अवैध अफीम बरामद किया है। लगे हाथ पुलिस ने उसी गांव के परमेश्वर महतो नामक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उसके विरुद्ध मुरहू थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह जानकारी एसडीपीओ अमित कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को गुप्त सूचना मिली थी कि इठे गांव के परमेश्वर महतो ने अपने घर में बिक्री के लिए अवैध अफीम को छिपा कर रखा है। सूचना के सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए गठित पुलिस टीम द्वारा परमेश्वर महतो के मकान में छापामारी कर पुआल की गांज में छिपाकर रखे गए अवैध अफीम को बरामद किया। एसडीपीओ अमित कुमार के नेतृत्व में चलाए गए छापामारी अभियान में मुरहू थाना प्रभारी चूड़ामणि टुडू सहित मुरहू थाना के अन्य पुलिस अधिकारी और जवान शामिल थे।

### विधायक सुदेश महतो ने किया वाचनालय भवन और पीसीसी सड़क के निर्माण का शिलान्यास



राहे (आजाद सिपाही)। विधायक सुदेश महतो ने राहे गांव के सोनार दुकान गली के सामने 150 फीट पीसीसी और सर्वोदय स्कूल परिसर में वाचनालय भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि गांव की जरूरत को पूरा किया जायेगा। पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य पर वृहत पैमाने पर काम किये जा रहे है। इस मौके पर प्रखंड प्रभारी संजय सिद्धार्थ, प्रमुख लीलमनी देवी, उप प्रमुख उमेश महतो, प्रखंड अध्यक्ष रंग बहादूर महतो, प्रकाश सिन्हा, सुभाष महतो, महावीर प्रजापति, प्रमोद सिंह, वीरेंद्र बैठा, हराधन महतो, सुनील महतो, ज्ञान महतो, संजय शेखर, मनोज चटर्जी, कमलाकांत सिंह, सुशांत सिंह, सुरेंद्र प्रजापति और रामपति मुंडा आदि मौजूद थे।

### सायको के जंगल से 501 किलो अफीम डोडा बरामद

खूंटी (आजाद सिपाही)। गुप्त सूचना के आधार पर सायको थाना की पुलिस ने शनिवार को बाड़ेडीह जंगल में अभियान चलाकर जंगल के एक हिस्से से तस्करों द्वारा 25 प्लास्टिक बोरों में भर कर रखे गए 501 किलो अवैध अफीम डोडा बरामद किया। इस संबंध में सायको थाना में अज्ञात अपराधियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। पुलिस जंगल में अफीम डोडा रखने वालों की पहचान में जुटी है। यह जानकारी एसडीपीओ अमित कुमार ने दी।

### लोक अदालत में 12 मामलों का हुआ निष्पादन, 12 लाख रुपये का सेटलमेंट

खूंटी (आजाद सिपाही)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में शनिवार को व्यवहार न्यायालय में लोक अदालत सह मध्यस्थता विषय पर विशेष कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डालसा के सचिव मनोरंजन कुमार ने कहा कि सभी सुलहनीय और दीवानी मामले को न्यायालय मध्यस्थता के माध्यम से सुलह कराता है। लोक अदालत में विभिन्न मामलों के निष्पादन के लिए तीन बेंचों का गठन कर न्यायालय में लंबित मामलों और प्रीलिटिगेशन से संबंधित मामलों का निस्तारण किया गया। डालसा सचिव ने बताया कि लोक अदालत में 12 मामलों का निष्पादन किया गया और दो लाख 28 हजार 88 रुपये राशि का सेटलमेंट किया गया। इस अवसर पर जिला जज प्रथम संजय कुमार, जिला जज द्वितीय सत्यकाम प्रियदर्शी, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सत्यपाल, एसडीजेएम दिनेश बाउरी, न्यायिक दंडाधिकारी तुषार आनंद, स्थायी लोक अदालत के सदस्य, डालसा के स्टाफ अनीश भारद्वाज डालसा के पीएलवी नरेश कुमार महतो, अंजू कच्छप आदि उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 30 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in



## शारीरिक शिक्षक अजय झा विश्व मलखंब चैंपियनशिप के लिए तकनीकी अधिकारी नियुक्त



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय, सेक्टर-2 धुर्वा रांची के शारीरिक शिक्षक अजय झा को भूटान देश में आयोजित द्वितीय विश्व मलखंब चैंपियनशिप 2023 प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए झारखंड से एकमात्र तकनीकी अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया है। द्वितीय विश्व मलखंब प्रतियोगिता दिनांक 9 मई से 12 मई तक भूटान में आयोजित है। अजय झा को 8 मई को रिपोर्ट करना है। वे झारखंड के पहले तकनीकी अधिकारी हैं जो लगातार दो बार खेलो इंडिया यूथ गेम्स एवं नेशनल गेम्स गुजरात में भी अहम भूमिका निभा चुके हैं। अजय झा आगामी 6 मई को रांची से भूटान देश के लिए रवाना होंगे। ये झारखंड में मलखंब खेल के संस्थापक हैं तथा वर्तमान में झारखंड राज्य मलखंब संघ के महासचिव के रूप में अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। वे पूरे झारखण्ड में इस खेल को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्हें तकनीकी अधिकारी नियुक्त किए जाने पर बंगीय सांस्कृतिक परिषद के अध्यक्ष सुकृत भट्टाचार्य, महासचिव विकास कुमार राय, विधालय सचिव सजल बनर्जी, कल्याण सचिव मोनी पोद्दार, विधालय की प्रधानाध्यापिका मंजू रानी डे, जगदीश सिंह जग्गू, आशुतोष द्विवेदी, अवधेश ठाकुर, गौरव अग्रवाल, अपराजिता मिश्रा, वंदना चौबे, डॉ. मंजू कुमारी सिन्हा, अखिलेश्वर उपाध्याय, चंद्रकांत लाल सहित अन्य लोगों ने बधाई दी है।

## टास्क फोर्स गठित कर चुट्टूपालू के क्रशरों में मारा छापा

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** चुट्टूपालु में संचालित अवैध क्रशरों में खनन पदाधिकारी द्वारा टास्क फोर्स गठित कर छापेमारी की गई। जिसमें क्रशरों में चलने वाले दस से अधिक ट्रैक्टर, हाइवा, डंपर आदि पकड़े गए। जानकारी के अनुसार 15 लोगों को भी पकड़ा गया है। प्राथमिकी की जानकारी के लिए थाना प्रभारी को फोन करने पर फोन रिसीव नहीं किया गया।

## अवैध खनन से संबंधित वाहनों की जांच की



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** नगड़ी के अंचलाधिकारी संतोष कुमार शुक्ला और डीएसपी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में नगड़ी के सतीश चौक और टिकरा टोली के पास अवैध खनन से संबंधित वाहनों की जांच की गई। जिसमें अवैध रूप से लदे तीन हाइवा गिट्टी और एक टर्बो बालू गाड़ी को जब्त कर नगड़ी थाने लायी और अवैध तरीके से बालू और गिट्टी का उत्खनन और परिवहन को लेकर सीओ ने नगड़ी थाना में गाड़ी और गाड़ी मालिकों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है .इनमे गाड़ी सं (जे एच 02 ए भी 2162), (जेएच 01 डीपी 7007),(ओडी ओ 9 पी 1999) तीनो हाइवा और (जेएच 01 इए 3254) जो टर्बो ट्रक है सभी वाहनों में अवैध बालू और गिट्टी से भरा था। चारो गाड़ी के ड्राइवर और खलासी गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहे। काफी देर के बाद जब वाहन के मालिक नहीं आये तो गाड़ी में रखे कागजात की जांच की गई तो सभी के कागजात अवैध मिले इसके बाद गाड़ी को खनिज सहित नगड़ी थाने लायी गयी। इस संबंध में नगड़ी सीओ ने बताया कि नदी का बालू एक राष्ट्रीय सम्पति है बालू एवं पत्थर लघु खनिज है इसका अवैध तरीके से उत्खनन एवं परिवहन करना गंभीर एवं संज्ञेय अपराध है इससे राजस्व की क्षति होती है ऐसे लोगों पर उचित कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

## गेतलसूद शिव मंडा पूजा में दहकते अंगारे पर चल शिव भक्तों ने दिखायी आस्था



**अनगड़ा।** गेतलसूद में शुक्रवार की रात शिव मंडा पूजा में पिछ्ले 10 दिनों से आराधना में लीन शिव भक्तों ने दहकते अंगारों पर चलकर भगवान शिव के प्रति अपने आस्था का परिचय दिया। शनिवार की रात में झूलन हुआ। इससे पूर्व लोटन पूजा की गई। मंडा पूजा में रात भर मेले का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य जैलेन्द्र कुमार ने फीता काटकर छऊ नृत्य अखड़ा का उदघाटन किया। रातभर बंगाल से आये दो छउ नृत्य टीमों के बीच मुकाबला हुआ। जैलेन्द्र कुमार ने कहा कि झारखंड की संस्कृती से जुड़ी मंडा हमारे आस्था को मजबूती प्रदान करता है। आस्था इतनी मजबूत होती है की अंगारे भी फूल बन जाते है। अध्यक्ष संजय नायक ने बताया की शनिवार की रात झूलन में शिव भक्त आस्था के फूल बरसायेंगे साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस मौके पर अनगड़ा प्रमुख दीपा उरांव, मुखिया शांति मुंडा, सचिव भोला महतो, कार्तिक नायक, उपमुखिया शंकर बैठा, गौरीशंकर मुंडा, राजेश लोहरा, गणेश लोहरा, राजदेव पाहन, फलेंद्र लोहरा, संदीप लोहरा, विक्की नायक, जीतून महतो, अनिल मुंडा, मनोज नायक, वरुण ठाकुर और दुबराज महतो आदि उपस्थित थे।

# प्रभारी और बीपीएम नर्सों के साथ करते हैं मनमानी

### ओरमांझी सीएचसी के बीपीएम प्रमोद कुमार एवं प्रभारी को हटाने के लिए नर्सों ने रखी मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** ओरमांझी सीएचसी के बीपीएम प्रमोद कुमार के द्वारा नर्स के साथ काम करने के दौरान छेड़ छाड़ की गयी थी। जिसकी शिकायत नर्स के द्वारा सीएचसी प्रभारी डॉ रेणू बाखला द्वारा की गयी। प्रभारी के द्वारा मामले को दबाने का प्रयास किया गया। इस बार नर्सों ने एकता का परिचय देते हुए प्रभारी डॉ रेणू बाखला और बीपीएम प्रमोद के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। शिकायत लेकर प्रखंड द्वारा गठित कमिटी के समक्ष अपनी शिकायत को रखा। शिकायत के बाद ही समिति हरकत में आकर प्रमुख अनुपमा देवी के नेतृत्व में बैठक बुलायी। बैठक में प्रभारी डॉ रेणू बाखला, बीपीएम प्रमोद कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ मनोज कुमार, डॉ रूबी के अलावा नर्सें शामिल हुई। सीएचसी के सभी नर्सें एक सुर में प्रभारी और बीपीएम के विरोध में जमकर आग उगला। नर्सों में एक सुर में कहा कि तबादला और सैलरी रोकने की बात से डरा कर छेड़छाड़ इसके लिए आम बात हो गई थी। सैलरी बनाने के नाम पर ऊपर के अधिकारियों को देने के नाम पर पैसा भी लिया जाता रहा है। प्रमुख ने बैठक में बीपीएम से जब अपना पक्ष रखने को कहा गया तो उन्होंने कहा कि मुझे ऐसे गंदे माहौल में काम नहीं करना है। मेरा तबादला कर दिया जाये। प्रभारी से जब इस बावत अपनी बात रखने को कही गई तो उन्होंने कहा कि मुझे नर्सों के साथ हुई किसी भी घटना की जानकारी नहीं मिलती है। यहां तक कि इस घटना की भी जानकारी नहीं है। जबकि सच्चाई इससे परे है। नर्सों का कहना है कि प्रभारी बीपीएम की प्यादा बनी बैठी है।



### बहुत जल्द इन दोनों अधिकारियों के सस्पेंशन की जानकारी दी जायेगी: प्रमुख

**बैठक में प्रमुख ने जिला परिषद पूर्वी, पश्चिमी के सरिता देवी, कमिश्नर मुंडा, उप प्रमुख रिजवान अंसारी, पंसस ललिता देवी,पंसस रश्मि रेखा मुंडा के समक्ष अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि प्रभारी और बीपीएम को सस्पेंड करने के लिए विभागीय सचिव को लिखित दिया जायेगा। पत्रकारों ने प्रमुख मैडम से कहा कि कहीं सेटिंग कर प्रखंड कार्यालय के बीपीएम मुकेश कुमार के तरह ही इस मामले को भी दबाने का प्रयास तो नहीं किया जायेगा। प्रमुख और उप प्रमुख ने आश्वस्त किया कि नहीं आपलोगों को बहुत जल्द इन दोनों अधिकारियों के सस्पेंशन की जानकारी दी जायेगी। प्रखंड कार्यालय के बीपीएम मुकेश कुमार पर भी कार्रवाई होगी।**

## सिंचाई के लिए किसानों के खेत तक पानी पहुंचाना मेरी प्राथमिकता है: राजेश कच्छप



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** लघु सिंचाई विभाग के राज्य संपोषित योजना अंतर्गत नामकुम प्रखंड के तीन सिंचाई योजनाओं का शिलान्यास शनिवार को खिजरी विधायक राजेश कच्छप ने नारियल फोड़कर किया। जिसमें ग्राम तेतरी में मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कार्य, ग्राम बुतियो में बुतियो नाला पर एकल चेकडैम का निर्माण एवं ग्राम करकट्टा के टकरा नाला में एकल चेकडैम का निर्माण किया जाना है। मौके पर विधायक ने कहा कि समय पर किसानों के खेत में सिंचाई के लिये पानी पहुंचे यह मेरा प्रयास रहा है। हम किसी को नौकरी दे नहीं सकते है लेकिन किसानों को सही समय पर सिंचाई के लिये पानी पहुंचा कर उन्हें आत्मनिर्भर बना सकते है। हम सभी कृषि पर निर्भर करते है। सिंचाई की व्यवस्था होने पर हम खेतों में सालों भर खेती कर अपनी आमदनी बढ़ा सकते है। दोनों चेकडैम बन जाने से 150 हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई हो सकती है। जिससे किसान सालों भर फसल उपजाऊ कर सकते है। शिलान्यास कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप, जिप सदस्य रीता होरो, कुटियातु मुखिया निशा उरांव, हुड़वा मुखिया शिवचरण कच्छप, पंसस रोजलिन मिंज, पंसस करण मुंडा, पंसस कल्याण लिंडा, वार्ड सदस्य सीता देवी, सुनीता देवी, बिरसा महली, सतीश पंडा, माधो कच्छप, मनोहर सिंह, देवराज सिंह, भीम सिंह, बबलू सिंह, रतन उरांव, मोतीलाल मुंडा, प्रेमचंद मुंडा, किष्टो सिंह मुंडा, दिनेश चंद्र प्रमाणिक के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

## नगर उंटारी: जीप पलटने से नौ लोग हुए घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**नगर उंटारी।** भोजपुर रोड स्थित भोजपुर गांव में कमांडर जीप पलटने से 9 लोग घायल हो गए। सभी का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद वाहन चालक फरार है। घटना शनिवार रात 7:45 बजे की है। ये सभी सगमा प्रखंड के कटहर कला गांव तिलक चढ़ाने जा रहे थे। घायलो ने बताया कि हमलोग सभी पांडु(पलामू) के झरना गांव से कटहरकला तिलक चढ़ाने जा रहे थे। चालक काफी तेज गति से गाड़ी चला रहा था। भोजपुर में एक मोड़ पर अनियंत्रित होकर कमांडर जीप पलट गई। जिसके बाद बड़ी संख्या में स्थानीय लोग घटनास्थल पर जमा हो गए। स्थानीय लोगो की मदद से सभी को इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। घायलो में रघु चंद्रवंशी, अंशु कुमारी, राजू राम, अखिलेश राम, शम्भू राम, नाथुन राम, अक्षय कुमार, शखड़ू राम, नागेंद्र चंद्रवंशी, बेबी राम का नाम शामिल है। घायलो में चार को सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## पिठोरिया गांव में मंडा पूजा का आयोजन



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** महादेव मंडा पूजा समिति पिठोरिया के द्वारा पिठोरिया गांव में भव्य मंडा पूजा का आयोजन किया गया है। शुक्रवार की रात फूलखूंदी मैं सैकड़ों भोक्ताओं ने जलते अंगारे पर चलकर देवाधिदेव महादेव के प्रति अपनी भक्ति भावना को प्रकट किये। इसमें पुरुषों के साथ महिलाओं एवं युवतियों की संख्या भी अच्छी खासी थी। तत्पश्चात भक्ति जागरण संस्कृति कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें बबन छैला, सिमरन और छाया सिंह के द्वारा भजन कार्यक्रम की प्रस्तुति की गई। वहीं बंटी झांकी के द्वारा भगवान शंकर की भाव-भंगिमाओं पर आधारित झांकी की प्रस्तुति मनमोहक थी। पिठोरिया एवं आसपास के सनातन धर्मावलंबियों रातभर भारी संख्या में उपस्थित थे। शनिवार को बाजार टांड़ स्थल में झूलन सह मेले का आयोजन हुआ। बनस पर झूलते भोक्ताओं ने मंगल कामना के उद्देश्य से पुष्प वर्षा किये। बाद में रातभर सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन में गीत-नृत्य की आकर्षक प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम के दौरान आयोजन समिति के सभी पदाधिकारी एवं सक्रिय कार्यकर्ता मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## डाक बंगला में आजसू पार्टी ने की बैठक आज काफी संख्या में कार्यकर्ता होंगे जमा



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** राज्य सरकार की गलत नियोजन नीति सहित अन्य जनविरोधी फैसलों के खिलाफ 30 अगस्त को आजसू पार्टी द्वारा रांची में आहूत राज्य स्तरीय सामाजिक न्याय मार्च को सफल बनाने के लिए शनिवार को डाक बंगला अनगड़ा में आजसू पार्टी की एक बैठक हुई। बैठक के मुख्य अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव राजेंद्र शाही मुंडा थे जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर वरिष्ठ नेता वीरेंद्र सिंह भोगता, पारसनाथ उरांव, रोशनलाल मुंडा, जलनाथ चौधरी, राजेश पाहन आदि उपस्थित हुए। बैठक में कहा गया कि इस न्याय मार्च को ऐतिहासिक बनाना है, इसको लेकर भारी संख्या में लोगों की भागीदारी सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया गया। मौके पर पारसनाथ उरांव ने कहा कि आजसू प्रखंड कमिट के नेतृत्व में अनगड़ा से सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण इस मार्च के लिए 30 अप्रैल की सुबह गोंदलीपोखर में जमा होंगे और फिर रांची के लिए कूच करेंगे। बैठक की अध्यक्षता जगरनाथ महतो ने किया। मौके पर प्रखंड सचिव धर्मेंद्र सिंह, अर्जुन राम, किशुन महतो, किशोर मुंडा, आशाराम महतो, संजय महतो, पारसनाथ महतो, महावीर महतो आदि उपस्थित थे।

## युवती के शव की शिनाख्त हुई

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** विगत दिनों थाना क्षेत्र के कनकट्टा पाड़ा टुंगरी जंगल से बरामद युवती के लाश की शिनाख्त हो गइ है। युवती का नाम मंजू कुमारी था और वह खलाड़ी थाना क्षेत्र की रहने वाली थी। वहीं प्रेम प्रसंग में युवती की हुइ हत्या के इस मामले में पुलिस ने थाना क्षेत्र के सताकी सिरखा टोली के रहने वाले पशुपति महतो नाम के एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस हत्या की इस गुत्थी को सुलझाने के लिए युवक से पूछताछ कर रही है।

## तृतीय अंतर सेक्टर योगा प्रतियोगिता का समापन



**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** सीआरपीएफ समूह केंद्र सेमबो में 26 अप्रैल से 29 अप्रैल तक आयोजित तृतीय अंतर सेक्टर योगा प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग का विजेता राजस्थान सेक्टर एवं उप विजेता का पुरस्कार टीएफ सेक्टर को दिया गया जबकि महिला वर्ग की विजेता टीम राजस्थान सेक्टर और उप विजेता के रूप में कर्नाटक केरल सेक्टर को दिया गया। योगा प्रतियोगिता में पुरुष में सर्वश्रेष्ट खिलाड़ी के रूप में जीडी तन्मय और महिला वर्ग में कुमारी पिंकी को सर्वश्रेष्ठ खिलाडी के खिताब से नवाजा गया। इस अवसर पर मुख्य तिथि के रूप में सीआरपीएफ के उप महानिरीक्षक झारखंड सुमन कांत तिग्गा ने विजेता सेक्टर और खिलाड़ियों को पदक और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विभिन्न सेक्टर से आये 181 खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इन्होंने कहा प्रत्येक अनुशासित बल में खेलों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। योगा सेना के लोगो के लिये काफी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि यह बल के सदस्यों में मानसिक और शारीरिक दक्षता में बढ़ोतरी करता है। विजेताओं को पदक वितरण करने के उपरांत प्रतियोगिता में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के सभी सेक्टरों से आये कुल 181 खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए आशीर्वचन दिया। सुमन कुमार तिग्गा, पुलिस उप महानिरीक्षक ने कहा कि प्रत्येक अनुशासित बल में खेलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, विशेष रूप से अर्धसैनिक बलों में योगा उनकी दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और यह बल के सदस्यों के मानसिक और शारीरिक दक्षता में बढ़ोत्तरी करता है। प्रतियोगिता के समापन समारोह में विशन स्वरूप शर्मा, उप महानिरीक्षक, समूह केंद्र, केरिपुबल, रांची, नरेंद्र कुमार सिंह, कमांडेंट, समूह केंद्र, रांची, चितेश कुमार (शौर्य चक्र), उप कमांडेंट पंकज कुमार, उप कमांडेंट, अमित कुमार, सहायक कमांडेंट, तेज पवन कुमार टोप्पो, सहायक कमांडेंट के साथ-साथ स्कूल ऑफ योगा, रांची विश्वविद्यालय, रांची के निर्णायक एवं तकनीकी अधिकारीगण तथा केंद्रीय योगा टीम, केरिपुबल के कोच एवं वरिष्ठ खिलाड़ी आदि उपस्थित थे।

## श्रीमद्भागवत महापुराण कथा कलश यात्रा के साथ शुरू



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** ओरमांझी के मतातु ग्राम स्थित नवनिर्मित श्रीश्री 108 शिव मंदिर का सात दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा सह यज्ञ समारोह एवं संगीतमयी श्रीमदभागवत महापुराण कथा का आयोजन शनिवार को कलश यात्रा के साथ शुरू हुआ। पुरोहित सतुनारायन तिवारी द्वारा 501 महिलाओं को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्वर्णरेखा नदी से जल का उठाव कर मंदिर परिसर लाकर जलाभिषेक किया गया। मौके पर पूर्व सांसद रामटहल चौधरी, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार, अमरनाथ चौधरी, बालक महतो, जिला परिसद सदस्य सरिता देवी, दीपक बड़ाइक, राजेश गुप्ता, दिलीप मेहता, अध्यक्ष बिसेसर महतो,बंगाली करमाली, बैजनाथ महतो, सनोज महतो,मनोज महतो, जनक किशोर महतो आदि उपस्थित रहे। रामटहल चौधरी ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान भक्त और इश्वर को जोड़ने का काम करती है। जैलेंद्र कुमार ने कहा पूरा क्षेत्र भक्ति भाव मे डूबा है ये अच्छे भारत निर्माण का सूचक है।

### बेड़ो में चार दिवसीय 24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ संपन्न

# यज्ञ स्थल एक बनेंगे, नेक बनेंगे, हम सुधरेंगे, युग सुधरेगा के नारों से गूंज उठा क्षेत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** महादानी मैदान में अखिल विश्व गायत्री परिवार,प्रज्ञा मंडल बेड़ो के तत्वाधान में चल रहे चार दिवसीय 24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ शनिवार को हवन,प्रवचन व टोली विदाई के साथ संपन्न हो गया। महायज्ञ के समापन के अवसर पर यज्ञ परिसर में बने 24 कुंड में सैकड़ों की संख्या में गायत्री परिवार के साधक, सदस्य एवं श्रद्धालुओं ने महायज्ञ में पूर्णाहुति दी। गायत्री महामंत्र ऊं भूभुर्वः स्वः तत्सवितुर्वरेण्यं से बेड़ो गूंज उठा। यज्ञ की आहुति से वातावरण सुगंधित हो उठा। वहीं यज्ञ स्थल




एक बनेंगे, नेक बनेंगे, हम सुधरेंगे, युग सुधरेगा के नारों से गूंज उठा। शांतिकुंज हरिद्वार से आये गायत्री परिवार के पंडित परमेश्वर दर्शनाचार्य वर्मा के नेतृत्व में आये दल के विनोद शुक्ला, नागेश शास्त्री, हुकुम चंद ने यज्ञ कार्यक्रम में हवन कार्य को संपन्न कराया। श्रद्धालुओं पर अक्षत व पुष्पवृष्टि कराकर सुखमय जीवन और उज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। वहीं परमेश्वर दर्शनाचार्य वर्मा ने बताया कि जीवन को सफल, सुखमय एवं शांतिमय बनाने के लिए पूज्य गुरूदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य के बताए गए सूत्रों को जीवन में अपनाना आवश्यक है। गायत्री साधना से मोक्ष की प्राप्ति के साथ जीवन सफल होता है। सारे संसारिक दुख-कष्ट दूर हो जाते हैं। इसके पूर्व 24 कुंडीय महायज्ञ के अंतिम दिन योग व्यायाम, प्राणायाम और विभिन्न संस्कारों का आयोजन किया गया। हरिद्वार से गायत्री परिवार के टोली को यज्ञ समिति बेड़ो के राजेश्वर सिंह, रमेश प्रसाद गुप्ता, विश्वनाथ गोप एवं अंजू देवी के द्वारा फूल माला पहनाकर और तिलक लगाकर गायत्री परिवार के सदस्यों ने भावभीनी विदाई दी। इसके पूर्व शुक्रवार की रात को लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत, राकेश भगत, धनंजय कुमार राय एवं वाणी कुमार राय यज्ञ में शामिल हुए। इधर समापन के अवसर पर यज्ञ परिसर में आयोजित पुस्तक मेला में गुरूदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा लिखित पुस्तक, हवन सामग्री, पूजन सामग्री आदि की लोगों ने खरीदारी की।

### इन्होंने अपना योगदान दिया

वहीं महायज्ञ को सफल बनाने में संयोजक एवं व्यवस्थापक रमेश प्रसाद गुप्ता राजेश्वर सिंह, जगदीश प्रसाद, विश्वनाथ गोप, जगरनाथ भगत, अंकित सोनी, शिवेंद्र सौरभ फौजदार पांडेय, विजय कुमार,लक्ष्मण प्रसाद, राजेश प्रसाद, आदित्य, केशरी, संदीप सोनी, करुणानिधि, राजेंद्र साहू, अंजू देवी,कमला देवी व चंपू देवी समेत दर्जनों ग्रामीणों ने सराहनीय योगदान दिया।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण, कदाचारमुक्त संपन्न

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** जपला स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय द्वितीय में में शनिवार को वर्ग 6 में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा ली गयी। जिसमें विश्रामपुर, ऊंटारी, पांडु, नावा बाजार, छतरपुर, नवडीहा, हरिहर गंज, पिपरा, हुसैनाबाद, हैदरनगर, मोहम्मदगंज के 1551 परीक्षार्थी शामिल हुए। इसकी जानकारी प्राचार्य सह जिला पर्यवेक्षक ए रूमी ने दी। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के लिये 1930 परीक्षार्थियों ने निबंधन कराया था। परीक्षा के पांच केंद्र बनाए गए थे। जिसमें कुल 379 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कदाचारमुक्त व शांति पूर्ण परीक्षा संचालन में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी रामनरेश राम, प्रतिनियुक्ति पर्यवेक्षक शालिनी तिग्गा, आरपी सिंह, नसीम आलम मल्लिक, शोभा भट्टाचार्य, पुनम पांडेय, नैंसी कुमारी, मनीता कुमारी, अरमान अहमद,आरके मीना, जया दत्ता, मोजामिल खान, निकिता राही, अमन अहमद, नितिन कुमार पांडेय , हार्वे उच्च विद्यालय के केंद्राधीक्षक डॉ सुजाउल हक वीक्षक राहुल सिंह, अजित प्रताप सिंह,कुलदीप साह, अखलेश्वर कुमार सिंह, नशिम अहमद, प्रमोद वात्सयायन, संजय कुमार राम आदि सक्रिय रहे।

## बेहतर तकनीक से पढ़ाई के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए तत्पर : निदेशक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर के जपला आवासीय ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल गणेशपुरी के प्रांगण में नए सत्र की बेहतर तैयारियों के अवलोकन को लेकर शनिवार को अभिभावक एवं शिक्षकों की बैठक हुई। विद्यालय के चेयरमैन मनोज कुमार प्रजापति ने कहा कि आवासीय ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा और उच्च संस्कार प्रदान करने के लिए प्रारंभिक दौर से ही प्रतिबद्ध रहा है। सभी शिक्षक बच्चों की मनोदशा को समझते हुए अपने शिक्षण पद्धतियों में नए-नए तकनीक विकसित करें, ताकि बच्चों से संबंधित विषय में रुचि के साथ ज्ञान प्राप्त कर सकें। साथ ही अभिभावकों से अनुरोध किया कि अपने बच्चों के किसी भी मुद्दे पर स्कूल के संबंधित शिक्षक से अवश्य संपर्क करें। प्रधानाचार्य विनय सिंह ने कहा कि ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल प्रबंधन स्थापना के प्रारंभिक दौर से ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

## आरसीयू के कुलपति डॉ कल्याण कुमार को मिला इनसो एक्सीलेंस सर्विस अवार्ड




**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** पॉडिंचेरी में आयोजित इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस फॉर अवॉर्ड विनर इन इंजीनियरिंग साइंस एंड मेडिसिन कार्यक्रम में विश्रामपुर आरसीयू के कुलपति डॉ कल्याण कुमार ने भाग लिया। जहां डॉ कल्याण कुमार को विज्ञान एवं चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए इनसो एक्सीलेंस सर्विस अवार्ड से सम्मानित किया गया। विदित हो कि यह कार्यक्रम पांडिचेरी में 15-16 अप्रैल को आयोजित की गई थी। कुलपति कल्याण कुमार ने बीटेक बीआईटी सिंदरी, कनाडा एमटेक यूनिवर्सिटी ऑफ सस्कैचवान, पीएचडी आईआईटी आईएसएम से सस्कैंचवान, कनाडा के सहयोग से विद्युत संकाय में किया था।

### पलामू में उत्सव के माहौल में होगा पीएम के मन की बात के 100वें संस्करण का प्रसारण

# 550 से अधिक केंद्रों पर सुनी जायेगी पीएम के मन की बात : पलामू सांसद

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम का 100वां संस्करण उत्सव के माहौल में सुना जाएगा। भाजपा संगठन की ओर से सभी पांच विधानसभा के 100-100 मिलाकर कुल 500 बूथों पर कार्यक्रम का प्रसारण किया जाना है। उक्त जानकारी पलामू सांसद विष्णुदयाल राम ने दी है। वे शनिवार को भाजपा के पलामू जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इस उत्सव के साथ संसदीय क्षेत्र के गरीब व मेघावी बच्चों की शिक्षा का खर्च वहन करने की योजना तैयार की गई है। बताया कि जिला मुख्यालय के नगर भवन सहित 47 बूथों में उनके द्वारा अलग से प्रसारण होगा। पलामू सांसद ने बताया कि मन की बात आकाशवाणी पर प्रसारित किये जाने वाला एक लोकप्रिय कार्यक्रम है। यह कार्यक्रम इतना लोकप्रिय है कि 27 जनवरी 2015 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति बराक ओबामा ने भी प्रधानमंत्री के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया था। इसका उद्देश्य राष्ट्र निर्माण के साथ चरित्र निर्माण करना भी है। प्रधानमंत्री ने देश के सुदूर स्थानों की हमारी संस्कृति, कहानियों व परंपराओं के बारे में बात की है। झारखंड के साथ तो प्रधानमंत्री का विशेष लगाव रहा था। पलामू संसदीय क्षेत्र रंका के हीरामन कोरवा को पीएम की सराहना मिल चुकी है। इस कार्यकम के माध्यम से प्रधामंत्री ने सफलतापूर्वक विभिन्न पीढ़ियों के बीच एक पुल बनाकर सभी को एक मंच पर लाने का प्रयास किया । सेल्फी विद डाउटर व बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं की सफलता इसका एक उदाहरण है। यहीं नहीं कभी चीन पर निर्भर खिलौना उद्योग अब घरेलू उद्योग बन गया है। जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ी है व पर्यावरण संरक्षण एक आंदोलन बना है। उन्होंने बताया कि मन की बात से लगभग 96 फीसदी लोग परिचित है। इस कार्यक्रम को 100 करोड़ से ज्यादा लोग एक बार सुन चुके हैं। 23 करोड़ लोगों ने कार्यक्रम को नियमित रूप से देखा या सुना है। एक सर्वे के अनुसार 60 फीसदी ने राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करने में रुचि दिखाई है। 55 फीसदी राष्ट्र के एक जिम्मेदार नागरिक बनने की पुष्टि करते हैं। इस मौके पर विजय ओझा, शिकु मिश्रा, सोमेश सिंह, ईश्वरी पांडेय, संजय गुप्ता, अलख दूबे, मनोरंजन दूबे, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।


पत्रकारों को जानकारी देते पलामू सांसद विष्णुदयाल राम व अन्य।

## शानदार तरीके से बने महाराजा जरासंध की प्रतिमा और चौक : अरुणा शंकर




आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने महाराजा जरासंध चौक के शिलापट का शनिवार को अनावरण किया। इस अवसर पर कहा कि मैं हमेशा सोचती थी सभी समाज के सभी लोगों द्वारा अपने-अपने महान विभूतियों की याद में कहीं चौक चौराहे, तो कहीं भगवान की स्मृति में मंदिर बनाया जा रहा है। लेकिन महाराजा जरासंध की याद में अब तक किसी ने कुछ नहीं किया। लेकिन मुझे खुशी है महाराजा जरासंध जी की याद में विनय चौक का नाम महाराजा जरासंध चौक करने का सौभाग्य मिला। महापौर ने कहा कि इस चौक के नामकरण के बाद कई लोग महाराजा जरासंध के नाम पर मंदिर बनाने के लिए जमीन दान करना चाहते हैं, जो खुशी की बात है। मेरा प्रयास होगा कि महाराजा जरासंध चौक और प्रतिमा शानदार बने। मुझसे जो सहयोग समाज मांगेगा जरूर करूंगी। हालांकि इस मौके पर समाज के अध्यक्ष के अलावा अन्य गणमान्य अनुपस्थित थे।

## उंटारी रोड स्टेशन पर अब होगा रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** रांची-सासाराम इंटरसिटी एक्सप्रेस का ठहराव अब उंटारी रोड स्टेशन पर भी होगा। इसके लिए जिला पार्षद अरविंद सिंह की अगुवाई में उंटारी प्रखंड के लोगों ने दो साल तक लंबी लड़ाई लड़ी थी। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने उंटारी की जनता के भावनाओं को समझते हुए रेल मंत्री से बात कर ट्रेन का ठहराव सुनिश्चित कराया।

## एक-दूसरे के सम्मान से होगा बेहतर समाज का निर्माण : विधायक

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हैदरनगर के भाई बिगहा स्थित निकाह भवन में शनिवार को ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एनसीपी अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष हाजी मो अब्बास अंसारी और संचालन हैदरनगर अध्यक्ष जाफर हवारी ने किया। इस अवसर पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने लोगों से गले मिलकर ईद की बधाई दी। कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज क्षेत्र में गंगा-जमुनी तहजीब का माहौल कायम है। आगे भी इसे बरकरार रखना सभी का कर्तव्य है। एक दूसरे के सम्मान से ही बेहतर समाज का निर्माण होगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने हमेशा स्वच्छ और ईमानदारी के साथ राजनीति की है। ईद-दीपावली व होली एक-दूसरे के साथ मिलकर मनाएं। उन्होंने निकाह भवन के सुंदरीकरण, सोलर लाइट व पंखा लगाने की घोषणा की। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि ईद मिलन का आयोजन आपसी सौहार्द और भाईचारा की अनूठी मिसाल है। समारोह का मकसद समाज के सभी तबके व समुदाय को आपस में जोड़ना है। इस मौके पर अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मन्नान खान, सज्जू खान, हुसैनाबाद बीस सूत्री अध्यक्ष योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, उपाध्यक्ष जिशान हसन, हैदरनगर अध्यक्ष बिमलेश सिंह, मोहम्मदगंज अध्यक्ष ज्याउद्दीन खान, खलील अंसारी, राजू खान, अलीम अंसारी, शमीम खान, संजय सिंह, आफताब खान, इशहाक अंसारी, शमीम अंसारी, राशिद खान आदि थे।



## बलरा में 8 अवैध क्रेशरों पर एसडीओ ने की औचक छापामारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू।** जिले के हरिहरगंज प्रखण्ड क्षेत्र के सरसोत पंचायत अंतर्गत बलरा में शनिवार को छत्तरपुर एसडीओ नरेंद्र कुमार गुप्ता ने वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एक ही स्थान पर संचालित 8 स्टोन क्रेशर पर औचक छापेमारी की।छापेमारी दल में हरिहरगंज सीओ वासुदेव राय भी शामिल थे।वहीं छापेमारी टीम को देख क्रेशर संचालकों में हड़कंप मच गयी और मौके से फरार हो गए। एसडीओ ने बताया कि हरिहरगंज में 25 क्रेशर संचालित है । जिसमें एक का भी वैध लीज नहीं है। इस दौरान बलरा में राजा स्टोन चिप्स प्रोपराइटर चंदन सिंह, बंदे पुरुषोत्तम स्टोन चिप्स संचालक संतोष सिंह, जय मां शक्ति स्टोन चिप्स संचालक हरेंद्र सिंह, जय गुरु स्टोन चिप्स संचालक दिल रंजन सिंह, आनंद स्टोन चिप्स संचालक आनंद कुमार सिंह ,बाबा मुक्तेश्वर स्टोन चिप्स संचालक प्रभात सिंह के अलावा

## डंडिला की बेटी ने राज्य स्तरीय थांग-ता चैंपियनशिप में जीता गोल्ड



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर नगर परिषद अंतर्गत वार्ड नौ के डंडिला खुर्द की बेटी बॉबी शुक्ला ने राज्य स्तरीय थांग-ता चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। बताते चलें कि रांची में आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में झारखंड के सभी जिलों से प्रतिभागी शामिल हुए थे। पलामू जिला का नेतृत्व बॉबी शुक्ला ही कर रही थी। वह युवा समाजसेवी विष्णु शुक्ला डुलडुल की बेटी है। बॉबी के इस उपलब्धि से पूरा पलामू जिला गर्वित है। बॉबी ने कहा कि उसका लक्ष्य राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतना है। बॉबी की इस सफलता पर डंडिला खुर्द में उत्सव का माहौल है। पदक जीतकर आयी बॉबी का ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। वहीं, बॉबी शुक्ला को सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, प्रो नंदलाल शुक्ला, भाजपा नेता शुशील शुक्ला, समाजसेवी लालबाबू शुक्ला, राजेश शुक्ला, प्रभात रंजन दूबे और चंदन गुप्ता आदि ने बधाई दी है।

## रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय में हुई बैठक में लिये गये कई निर्णय

**विश्रामपुर/पलामू ( आजाद सिपाही)।** विश्रामपुर स्थित रामचंद्र चन्द्रवंशी विश्वविद्यालय साभागार में शनिवार को अकादमिक परिषद की 10वीं बैठक हुई। कुलसचिव डॉ देबाशीष मंडल ने बैठक की कार्यवाही प्रारंभ की। जबकि बैठक की अध्यक्षता कुलपति डॉ कल्याण कुमार ने किया। इस दौरान कई अहम निर्णय लिये गए।






























## फैसला : सजा के खिलाफ झारखंड हाइकोर्ट में अपील करेगा दोषी परिवार

# दहेज हत्या दोषी को 10 वर्ष सश्रम कारावास की सजा

23 मार्च 2019 को दहेज के लिए महिला का गला घोंट कर हत्या के बाद खुदकुशी दिखाने के लिए फंदे पर लटकाने का आरोप

## दोषी सास और ससुर को भी सात-सात साल की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**तेनुघाट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज दितीय अनिल कुमार ने दहेज हत्या के दोषी पति संतोष रजक को 10 वर्ष, जबकि ससुर विसुन रजक और सास कारी देवी को सात साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। बतातें चलें कि गिरिडीह जिला के बगोदर थाना क्षेत्र निवासी राजू रजक ने नावाडीह थाने में बयान दर्ज कराते हुए बताया था कि उसकी बहन पुष्पा देवी की शादी साल 2013 में नावाडीह थाना क्षेत्र स्थित बोदरो निवासी संतोष रजक के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल में उसके पति संतोष रजक, ससुर विसुन रजक और सास कारी देवी दहेज को लेकर शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे थे। इस बीच 23 मार्च 2019 को फोन कर जानकारी दी गयी कि उसकी बहन की तबीयत बहुत ज्यादा खराब है। सूचना पाकर जब वे लोग बहन के ससुराल बोदरो पहुंचे तो देखा कि घर में कोई भी नहीं है। केवल उसकी बहन पलंग पर अचेत पड़ी थी। जब नजदीक जाकर देखा तो पुष्पा मृत पड़ी थी। उसके गले पर लाल-काले रंग का निशान और शरीर पर नाखून से खरोंच के दाग थे। यह देख पूरा विश्वास हो गया कि उसकी बहन पुष्पा देवी को उसके पति संतोष रजक, ससुर विसुन रजक और सास कारी देवी ने मिलकर हत्या कर दी है। इस बाबत थाने में एफआइआर के बाद पुलिस ने तीनों आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ आरोप पत्र समर्पित होने के बाद मामला स्थानांतरित होकर तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज दितीय अनिल कुमार की अदालत में आया। न्यायालय में उपलब्ध गवाहों के बयान एवं उभय पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद जिला जज द्वितीय अनिल कुमार ने दहेज हत्या के आरोपी पति संतोष रजक, ससुर विसुन रजक और सास कारी देवी को दोषी पाया। इसके बाद पति संतोष रजक को 10 साल की सश्रम कारावास की सजा सुलाई। लगे हाथ सास कारी देवी एवं ससुर विसुन रजक को सात-सात साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई। सजा सुनाने के बाद तीनों अभियुक्तों को तेनुघाट जेल भेज दिया गया। वहीं, अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साहू एवं सूचक पक्ष के अधिवक्ता डीएन तिवारी ने बहस की। अधिवक्ता प्रसाद महतो ने बताया कि अदालत के आदेश का मैं सम्मान करता हूं। मगर मेरे मुवक्किल इस आदेश के खिलाफ झारखंड उच्च न्यायालय में अपील दायर करेंगे ।

## सिंडिकेट की जेब गर्म रखने के लिए बीसीसीएल जीएम जारी रखना चाहते है मशीन से लोडिंग : अरूप चटर्जी

मैनुअल लोडिंग को लेकर मधुबन कोल वाशरी में लाल झंडा का धरना जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा/कतरास।** बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र अंतर्गत संचालित मधुबन कोल वाशरी में मशीन से स्लरी उठाव हो रहा है, जबकि बीसीसीएल के ही पाथरडीह सहित कई अन्य वाशरी में मैनुअल लोडिंग किया जा रहा है। बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र के जीएम चितरंजन कुमार पुरानी पद्धति से लोडिंग कार्य जारी रखना चाहते हैं, ताकि कुछ ही गिने चुने और सिंडीकेट के लोगों की जेब गर्म होती रहे। उक्त आरोप निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी ने लगाया। वे शनिवार को मधुबन वाशरी में मैनुअल लोडिंग की मांग को लेकर चल रहे धरना को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि एक-दो दिनों के भीतर कोयला भवन के अधिकारी या बीसीसीएल के सीएमडी से वार्ता कर इस समस्या का समाधान निकालते हुए आपकी मांग को उनके समक्ष रखूंगा। जल्द ही मैनुअल लोडिंग कार्य प्रारंभ कराने का प्रयास करूंगा। चाहे इसके लिए किसी भी अधिकारी से मिलना पड़े।



### इंसान का सबसे बड़ा दुश्मन मशीन है : विनोद सिंह

बगोदर विधायक विनोद सिंह ने कहा कि आदमी का सबसे बडा दुश्मन मशीन ही है। मजदूर अभी से मन बना लें की उन्हें हर वक्त पेलोडर का विरोध करना है। अरूप चटर्जी और बलदेव जी से अक्सर हमारी बातें होती रहती है। मैं सभी मजदूर वर्ग के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने के लिए तैयार हूं। मजदूरों की इस मांग के समने बीसीसीएल प्रबंधन को झुकना ही पड़ेगा।

### सिंह मेंशन के युवराज के बयान पर प्रशासन ले स्वत: संज्ञान, करे कार्रवाई : हलधर महतो

वहीं, मासस के केंद्रीय नेता हलधर महतो ने कहा कि मजदूर को किसी बाघ-सियार से डरने की जरूरत नहीं है। लाल झंडा हमेशा आपके साथ है। सिंह मेंशन का युवराज शायद कल-परसो बाघमारा में आकर मीडिया के समक्ष बयान देता है कि पत्थर का जबाव हमलोग गोली-बम से देना जानते है। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि स्वत: उनके इस बयान को संज्ञान में लेकर कानूनी कार्रवाई करे। कहा कि जब तक मैनुअल लोडिंग की मांग नहीं मानी जाती, तब तक मजदूरों का आंदोलन जारी रहेगा। इस बीच डीओ लेप्स होता है तो उसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन और डीओ होल्डरों की होगी। इस मौके पर बलदेव वर्मा, भोला सिंह,लखिंद्र पासवान, मीनू मिश्र, सुड्डू रवानी, रोशन पासवान, रामेश्वर साव, नरेश भुइयां, पार्वती देवी और पारो देवी आदि मौजूद थीं।

## हरिणा-बाघमारा चेंबर का चुनाव संपन्न, मिथिलेश बने अध्यक्ष



**बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)।** हरिना-बाघमारा चेंबर ऑफ कॉमर्स का चुनाव शनिवार को संपन्न हो गया। जिला चेंबर ऑफ कॉमर्स चुनाव पदाधिकारी कुमोद कुमार पाठक, नागेंद्र साव एवं दिलीप कुमार गुप्ता की देखरेख में प्रक्रिया पूरी हुई। विगत 25 अप्रैल से नॉमिनेशन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई थी। शनिवार को नामांकन की अंतिम तिथि के साथ चुनाव हुआ, जिसमें मिथिलेश कुमार निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए। वहीं, उपाध्यक्ष शशिकांत शरण, दीपक कुमार, ओमप्रकाश रवानी, सचिव सुबोध कुमार गुप्ता, सह सचिव संजय कुमार साव, रोहित कुमार, गुड्डू कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष सीताराम हेलीवाल, सह कोषाध्यक्ष सुमन कुमार, बालेश्वर साव, पवन कुमार वर्मा, मीडिया प्रभारी राजेश कुमार रवानी, नवल किशोर सिंह एवं प्रवक्ता संजय कुमार रवानी भी चुने गए। इस मौके पर चेंबर के सुरेंद्र वर्णवाल, अधीर वर्णवाल, रामचंद्र साव, लक्ष्मण रवानी, मुन्ना साव, महेंद्र वर्णवाल, अजय हेलीवाल, मुन्ना वर्णवाल, उमेश साव, उमेश वर्णवाल, सुधीर वर्णवाल आदि मौजूद थे।

## कार्यक्रम आयोजित कर बीएसएल से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गयी विदाई



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट से अप्रैल महीने में सेवानिवृत होने वाले कर्मियों के लिए शनिवार को मानव संसाधन विकास केंद्र के मुख्य प्रेक्षागृह में विदाई समारोह आयोजित की गयी। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक कार्मिक हरि मोहन झा सहित महाप्रबंधक (कार्मिक) सोनी सिंह एवं कार्मिक विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। समारोह के आरंभ में वरीय प्रबंधक (कार्मिक-सेवाएं) डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने आगंतुकों का स्वागत किया। डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को अंतिम निपटारा एवं मैत्री भवन से संबंधित जानकारी दी और प्रत्येक सेवानिवृत कर्मियों का बायोडाटा पेश किया. हरि मोहन झा ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को उनके निष्ठापूर्ण सेवा के लिए बधाई देते हुए उनके सुखमय जीवन की कामना की। साथ ही सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को सेवा प्रमाण पत्र और उपहार भेंट किये। बतातें चलें कि बीएसएल से कुल एक अधिशासी और 39 अनधिशासी सेवानिवृत्त हो रहे हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ नंदा प्रियदर्शिनी ने किया।

## हमने ऐसे लोगों के हाथों में सत्ता सौंपी, जिसे जनता के सुख-दु:ख से कोई मतलब नहीं: प्रदीप महतो

40 किलोमीटर पदयात्रा कर महिलाओं ने किया राधानगर को प्रखंड बनाने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**महुदा।** राधानगर को अलग प्रखंड बनाने की मांग को लेकर समाजसेवी प्रदीप महतो के नेतृत्व में राधानगर प्रखंड बनाओ समिति के बैनर तले शनिवार को सिजुआ स्थित शहिद शक्ति नाथ महतो स्थल पर माल्यापर्ण करने के बाद पदयात्रा शुरू की गई। जो 40 किलोमीटर की दूरी तय कर महुदा मोड़ स्थित स्व बिनोद बिहारी महतो चौक पहुंची। पदयात्रा में सैकड़ों महिला-पुरुष और बच्चे शामिल थे। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि राधानगर को प्रखंड बनाना ही होगा। इसके बाद प्रदीप महतो ने समस्त ग्रामीणों के साथ बाघमारा के बीडीओ को ज्ञापन सौंपते हुए जल्द से जल्द राधानगर प्रखंड का निर्माण करने और ग्रामीणों को सभी सरकरी योजनाओं का लाभ दिये जाने की मांग की। पदयात्रा में सिंगड़ा पंचायत के मुखिया सूर्यकांत महतो, उमेश महतो, रमेश रजक, आन्नद महतो, अशोक महतो, वीरेंद्र महतो, भीम नापित, मूरली महतो, मालती देवी, सावीत्री देवी, सुनिता देवी, भुनेश्वरी देवी, अनिता देवी, लक्ष्मी देवी, निवेद केटियार, साजिद शेख, दीपा देवी, मालती देवी, बेवी देवी, अंजू देवी, मीरा देवी और कैलाश महतो सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

वहीं, राधानागर प्रखंड बनाओ समिति के संयोजक प्रदीप महतो ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती, तब तक न मैं चैन से बैठूंगा और न ही सरकार को चैन से बैठने दूंगा। कहा कि दुर्भाग्य की बात है कि हमने ऐसे लोगों के हाथों में सत्ता की बागडोर सौंपी है। जिसे ग्रामीणों और आम जनता के सुख-दु:ख से कोई सरोकार नहीं है। पदयात्रा में शामिल भारी संख्या में महिलाओं की भीड़ यह बता रही हैं कि राधानागर प्रखंड बनकर रहेगा। महुदा के सुदूर गांव से 40 किलोमीटर दूरी तय कर महिलाओं को बाघमारा प्रखंड जाना पड़ता हैं, जिससे काम ठीक से नहीं होता है।

## राजापुर परियोजना के बंगाली कोठी मार्ग पर बना गोफ, मचा हड़कंप

**धनसार (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल बस्ताकोला क्षेत्र के राजापुर परियोजना के बंगाली कोठी मुख्य मार्ग के समीप शनिवार को 8 फुट चौड़ा गोफ बन गया। इससे लोगों में हड़कंप मच गया। घटनास्थल पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। उक्त मार्ग बस्ताकोला से बंगाली कोठी, भेड़ाकाटा, सहाना पहाडी, दोबारी बस्ती जाने का मुख्य मार्ग भी है। घटना के घंटों बाद भी मौके पर कोई भी बीसीसीएल अधिकारी नहीं पहुंचे। जिससे लोगों में आक्रोश हैं। समाचार लिखे जाने तक गोफ की भराई शुरू नहीं हुई थी। वहीं, परियोजना पदाधिकारी डी सिंह ने कहा कि क्षेत्र अग्नि प्रभावित हैं। गोफ होने की सूचना नहीं मिली हैं। जानकारी ल रहे हैं। गोफ की भराई की जायेंगी।

## गोशाला विद्युत कार्यालय से चोरों ने उड़ायी बैटरी, बाइक और केबल

**सिंदरी (आजद सिपाही)।** गोशाला ओपी क्षेत्र स्थित विद्युत आपूर्ति कार्यालय परिसर के मेन गेट, स्टोर रूम और कार्यालय के दरवाजे का ताला तोड़कर चोरों ने बैटरी, बाइक और केबल चोरी कर लिया। घटना शुक्रवार देर रात की है। ऑपरेटर सूरज सिंह व हेल्पर अनूप विश्वकर्मा ने बताया कि वे लोग आगे वाले रूम में सोए थे। शनिवार तड़के तीन बजे शौच के लिए उठे, तो देखा कि स्टोर और ऑफिस के पिछले रूम के दरवाजे का ताला टूटा है और वहां से 200 मीटर केबल, बैटरी सेट और परिसर में लगी फील्ड स्टाफ जयनंदन पटेल की बाइक चोरी हो गई है।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची

ई0 प्रोक्योरमेन्ट अति–अल्पकालीन निविदा सूचना
(4th call)
T. Reference No. :- Different Tolas SVS-CLU - 25/2022-23 (PR NO 285972)
Date 28.04.2023

| Si.No. | Name of Work | CLUSTER NAME | BLOCK | Estimated Cost (LAKH.) | Bid Security (LAKH) | Cost of BOQ (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of Solar Based Mini Water Supply Scheme (SVS) in Different Block comprising of suitable R.C.C./ Framed structure ESR Distributi on line, Source (as required) and FHTC all complete job in the Different Block of District Ranchi under Drinking Water & Sanitation, Division, Ranchi East, Ranchi. | TAMAR (18B) | TAMAR | 648.20000 | 6.49000 | 10000.00 |
| 2. | Time of Completion | 9 Months + 1 months (Trial and run) | | | | |
| 3. | Date of Tender Uploading on Website | 06.05.2023/04.00 PM. | | | | |
| 4 | Document Download / Sale Start Date | 06.05.2033/04.00 PM | | | | |
| 5 | Bid Submission Start Date | 06.05.2023/11.00 AM | | | | |
| 6 | Document Download / Sale End Date | 12.05.2023/04.00 PM. | | | | |
| 7 | Bid Submission End Date | 12.05.2023/04.00 PM. | | | | |
| 8 | Last date of Submission of Cost of BOQ and EMD (in Hard Copy) | 13.05.2023/01.00 PM. | | | | |
| 9 | Date of Opening of Tender | 15.05.2023/04.00 PM. | | | | |
| 10 | Name & Address of Office Inviting Tender | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. | | | | |
| 11 | Name & Address of Opening Officer | Executive Engineer, Drinking Water & Sanitation Division, Ranchi East, Ranchi. | | | | |
| 12 | Contact No. Of Procurement Office | 0651-2480155 | | | | |
| 13 | Helpline No. Of e-procurement cell | 0651-2480345 | | | | |

नोट:– 1. विशेष जानकारी के लिये वेबसाईट –http://jharkahndtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, रॉंची पूर्व, रॉंची।

PR.NO.296243 Drinking Water and Sanitation(23-24):D

## अवैध खनन और कोयला तस्करी रोकने को लेकर जिला प्रशासन ने सख्त तेवर अपनाया

# धनुडीह और गोशाला ओपी क्षेत्र में झरिया सीओ ने की छापामारी, लदे हुए 4 ट्रक , 150 टन अवैध कोयला जब्त





आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया/सिंदरी।** कोयला तस्करी और अवैध खनन पर अंकुश लगाने को लेकर जिला प्रशासन सख्त हो गया है। जिले के विभिन्न स्थानों में जारी अवैध खनन पर ताबड़तोड़ छापामारी की जा रही है। वहीं, प्रशासनिक कार्रवाई से तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है। इसी क्रम में शुक्रवार और शनिवार को झरिया के सीओ प्रमेश कुशवाहा के नेतृत्व में धनुडीह और सिंदरी के टासरा प्रोजेक्ट के समीप छापामारी कर अवैध कोयला लदे चार ट्रक सहित भारी मात्रा में भंडारण किए गए अवैध कोयले को जब्त किया। हालांकि कोयला तस्कर मौके का फायदा उठाकर वहां से फरार होने में सफल रहे। लेकिन सीओ ने पुलिस को अवैध कार्यो में संलिप्त लोगों को चिन्हित कर मामला दर्ज करने का निर्देश दिया है। लगे हाथ जब्त ट्रकों के मालिक-चालक पर मामला दर्ज कराया है।

### तस्करी में लिप्त लोगों पर मामला दर्ज

गोशाला ओपी क्षेत्र स्थित सेल के टासरा प्रोजेक्ट से लगातार कोयले की तस्करी जारी है। शनिवार की सुबह भी झरिया सीओ प्रवेश कुशवाहा और गोशाला ओपी प्रभारी विकास कुमार महतो के नेतृत्व में छापामारी कर प्रोजेक्ट के पास से अवैध कोयला लदा चार ट्रकों को पकड़ा गया। सीओ ने बताया कि ट्रक चालक, मालिक व संलिप्त लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी।

### लगातार कार्रवाई के बाद भी धनुडीह ओपी क्षेत्र में जारी है कोयला तस्करी

जानकारी के मुताबिक झरिया क्षेत्र के घनुडीह ओपी अंतर्गत मोहरिबांध खेल मैदान व सीके डब्ल्यू साइडिंग में शुक्रवार की शाम झरिया अंचल अधिकारी प्रमेश कुशवाहा के नेतृत्व में सीआइएसएफ की क्यूआरटी टीम एवं घनुडीह पुलिस ने संयुक्त रूप से छापामारी कर भारी संख्या मे अवैध कोयला जब्त किया। सीओ ने बताया कि लगभग 150 टन अवैध कोयला का भंडारण जजब्त किया गया है। हालांकि पहले से सूचना पाकर कोयला तस्कर वहां से फरार हो गए। उन्हें चिन्हित किया जा रहा है। किसी को भी निरंकुश नहीं छोड़ा जाएगा। वहीं, स्थानीय लोगों की मानें तो क्षेत्र के मोहरीबांध खेल मैदान व सीकेडब्ल्यू साइडिंग में इससे पहले भी दो बार छापामारी की गई थी। लेकिन स्थानीय पुलिस, बीसीसीएल व सीआईएसएफ कोयला चोरी रोकने में नाकाम साबित हुई। बार-बार छापामारी के बावजूद कोयला चोरों के हौसले बुलंद होते जा रहा है। बताते चलें कि झरिया सीओ परमेश कुशवाहा ने कोयला चोरी पर हस्तक्षेप करते हुए बस्ताकोला गेस्ट हाउस में बीसीसीएल प्रबंधन और कई थाना प्रभारी के साथ बैठक की थी। तब स्पष्ट तौर पर कहा था कि क्षेत्र में कोयला चोरी पर तत्परता के साथ अंकुश लगाना चाहिए। इसके लिए जो भी ठोस कदम उठाने होंगे उसे उठाया जाएगा। उसके बाद भी धड़ल्ले से घनुडीह ओपी क्षेत्र में बाइक और साइकिल की मदद से कोयले का अवैध भंडारण किया जा रहा है।

DISTRICT LEGAL SERVICES AUTHORITY, SIMDEGA
Email id:- dlsasimdega@gmail.com

CORRIGENDUM (EXTENSION OF TIME)

PR 295177 Law(23-24) D Extension of time for applying for providing service of Sweepers/Safaikarmi from Reputed Outsourcing Empanelled Agency on Outsourcing Basis. Refer to DLSA, Simdega Office earlier notice dated 13/04/2023.

**DATE:-28.04.2023**

This is to inform that in pursuance to the directions contained in Letter No. 895 dated 18.03.2023 of the Hon'ble Jharkhand State Legal Services Authority (JHALSA), Ranchi, the District Legal Services Authority, (DLSA) Simdega invites applications for providing "Service of **two (02) Sweepers/ Safaikarmi** on Outsourcing Basis" on the terms and conditions mentioned below from reputed Outsourcing Empanelled Agencies which provide similar services to other Government Department.

**Terms & Conditions.**

1. The application should be addressed to the **Principal District & Sessions Judge cum Chairman, District Legal Services Authority, Civil Court Simdega, Pin Code-835223, Simdega** in a sealed envelope clearly mentioning therein "**Application for Outsourcing Service of SWEEPERS/ SAFAIKARMI**" and the same shall be submitted to the office of DLSA, Simdega, through speed post or personally in the office of the Secretary, DLSA. **Last date for applying has been extended till 12th May, 2023, 17:00 Hrs.**

2. The nature of services to be procured shall be purely on **temporary basis**. The human resource assigned to the above post will be the sole responsibility of the agency and in any condition or circumstances the human resources deployed for the services will not claim for their services to be permanent or demand directly from the department (Civil Court/DLSA Simdega) for extending facilities during their services.

3. The application should be accompanied by the following documents:-
a) Self-attested copies of Registration of firm/company,
b) Experience certificate issued by the other Government department,
c) Self-attested copy of PAN card of firm/company/individual,
d) Self-attested copy of the ITR,
e) An affidavit of Non-Blacklisting on Non-Judicial Stamp paper,
f) Self-attested copy of Goods and Service Tax (GST) registration and GST Return,
g) Mobile Number & e-mail address
i) Self declaration & signature.

4. The shortlisted application shall be called for interview through e-mail/mobile number provided by them.

5. Applying for engagement does not create any right/assurance whatsoever and the undersigned reserves his right to accept or to reject any application.

6. Agencies applied earlier in reference to the DLSA, Simdega notice dated 13/04/2023 need not to apply again.

For further details or query, please contact the office of the District Legal Services Authority, Civil Court, Simdega. (Email id:- dlsasimdega@gmail.com.)

Sd/-
Principal District & Sessions Judge-cum-Chairman
District Legal Services Authority,
Simdega.

PR 296204 Law(23-24)D

### मुख्यमंत्री ने श्री जगन्नाथ मंदिर में पूजा-अर्चना कर झारखंड वासियों की उन्नति, सुख-शांति-समृद्धि की प्रार्थना की

# झारखंड में भी कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज जैसे संस्थान खोलने की दिशा में सरकार करेगी पहल : हेमंत सोरेन

**नक्सली संगठन काफी हद तक हो चुके हैं कमजोर, सभी राज्य मिलकर नक्सल गतिविधियों पर अंकुश लगाने में होंगे कामयाब**

आजाद सिपाही संवाददाता





**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को अपनी धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना सोरेन संग श्री जगन्नाथ मंदिर, पुरी, ओडिशा के दर्शन किये इस मौके पर उन्होंने पारंपरिक विधि-विधान से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की पूजा-अर्चना कर झारखंड और झारखंडवासियों की उन्नति, सुख-समृद्धि-शांति, खुशहाली और स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर उन्होंने आशीर्वाद के रुप भगवान जगन्नाथ का भोग ग्रहण किया। इससे पहले मुख्यमंत्री के यहां आगमन पर मंदिर प्रबंधन की ओर से उनका पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया और प्रतीक चिन्ह के रूप में श्री जगन्नाथ मंदिर की तस्वीर सप्रेम भेंट की गयी।

**कलिंग इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज आकर बहुत कुछ जानने-समझने और देखने का मिला मौका :** पुरी में मुख्यमंत्री ने स्थानीय मीडिया के साथ संवाद करते हुए कहा कि शुक्रवार को कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइसेंज के समारोह में शामिल होने का मौका मिला था। इस संस्थान के संस्थापक डॉ अच्युत सामंता यहां गरीब और वंचित आदिवासी समुदाय के 40 हजार से ज्यादा बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देकर उनका उज्ज्वल भविष्य गढ़ रहे हैं। वे जिस तरह इनोवेटिव और क्रिएटिव कार्य कर रहे हैं, इसे जानने- समझने और देखने के लिए यहां आया। इस दौरान यहां पढ़ रहे बच्चों से संवाद कर बहुत कुछ सीखने को मिला। हमारी इच्छा है कि डॉ सामंता जी के साथ मिलकर झारखंड के बच्चों के लिए भी इसी तरह का संस्थान स्थापित करें, ताकि यहां के आदिवासी बच्चे-बच्चियों को बेहतर शिक्षा दे सकें और वे हर क्षेत्र में कामयाबी हासिल करें।

**नक्सली गतिविधियां अब अंतिम पड़ाव पर :** मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सली गतिविधियां अब अंतिम पड़ाव पर है। नक्सली बहुत हद तक कमजोर हो चुके हैं। हालांकि, कुछ नक्सल घटनाएं भी हो रही है, लेकिन मुझे विश्वास है कि सभी राज्य मिलकर निश्चित तौर पर नक्सली गतिविधियों पर अंकुश लगाने में कामयाब होंगे।

**हर किसी को मिले बेहतर स्वास्थ्य सेवा :** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिले, इस दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में एयर एंबुलेंस सेवा की शुरुआत की गयी है। ताकि आपातकालीन परिस्थियों में मरीजों को बेहतर इलाज के लिए दूसरे शहरों के बेहतर अस्पतालों में भेजा जा सका। उन्होंने कहा कि एयर एंबुलेंस सेवा सिर्फ अमीरों अथवा पैसे वालों के लिए नहीं है, बल्कि समाज के गरीब और बीपीएल भी इसका लाभ ले सकें, सरकार ने इसे सुनिश्चित किया है।

**सभी को सामाजिक सुरक्षा देना सर्वोच्च प्राथमिकता :** मुख्यमंत्री ने कहा- समाज के हर वर्ग को सामाजिक सुरक्षा मिले, यह सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि चाहे वह सरकारी कर्मी हो या फिर बुजुर्ग अथवा दिव्यांग, परित्यक्ता अथवा एकल महिला। हर किसी को सामाजिक सुरक्षा कवच देने के लिए यूनिवर्सल पेंशन स्कीम और ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू कर सरकार ने ऐतिहासिक कदम उठाने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पेंशन किसी के भी बुढ़ापे की लाठी होती है। यह उन्हें आर्थिक रुप से मजबूत करता है और सरकार उन्हें इसका लाभ देने के लिए सदैव से प्रयासरत रही है।

## सीएमडी ओपी सिंह ने कर्मचारियों की कुशलक्षेम जानी



संबलपुर (आजाद सिपाही)। ओपी सिंह, अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक, महानदी कोल्फीड्स लिमिटेड ने गर्जनबहल परियोजना में ड्यूटी पर दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल एमसीएल एचइएमएम ऑपरेटरों डोलमणि प्रधान और निरंजन मुंडा की कुशलक्षेम के बारे में जानकारी ली, जो हैदराबाद के एक सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल में स्वस्थ हो रहे हैं। इलाज कर रहे विशेषज्ञ सर्जन से बीते शाम सीएमडी ने श्री प्रधान और श्री मुंडा के स्वस्थ होने की स्थिति के बारे में विस्तार से जानकारी ली। सीएमडी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से श्री प्रधान से उनके स्वास्थ्य और उपचार के बारे में भी बात की। सीएमडी ने कहा कि उन्हें किसी बात की चिंता करने की आवश्यकता नहीं, क्योंकि पूरा एमसीएल परिवार उनके और उनके परिवार के साथ है। सीएमडी ने मरीजों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की। गौरतलब है कि कम्पनी ने गरजनबहल खदान में हुई दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल आपरेटरों डोलमणि प्रधान और निरंजन मुंडा को 11 अप्रैल को विमान द्वारा बेहतर उपचार के लिए हैदराबाद भेजा था।

## एमसीएल में विश्व दिवस मनाया गया




संबलपुर (आजाद सिपाही)। महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के कार्यस्थल पर सुरक्षा और स्वास्थ्य के लिए विश्व दिवस हर्ष के साथ मनाया गया। अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक ओपी सिंह द्वारा कंपनी मुख्यालय, संबलपुर में 'सुरक्षा ध्वज' फहराया गया। इस अवसर पर केशव राव, निदेशक, एके बेहुरा, निदेशक, पीके पटेल, मुख्य सतर्कता अधिकारी सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। सीएमडी ने अनिवार्य सुरक्षा मानकों का पालन करने हेतु सुरक्षा शपथ दिलायी। इस अवसर पर श्री सिंह ने अपने संबोधन में उपस्थित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को विगत वित्तीय वर्ष में एमसीएल की रिकॉर्ड कोयला उत्पादन और प्रेषण पर शुभकामनाएं दी।

# चैंप स्क्वॉयर के प्रतिक रतन को जेइइ मेंस 2023 में एआइआर-613

## जेइइ मेंस परीक्षा में चैंप स्क्वॉयर के कुल 391 बच्चों का शानदार प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जेइइ मेन परीक्षा का परिणाम घोषित हुआ। इसमें चैंप स्क्वॉयर के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ठ सफलता अर्जित की है। इस संस्थान का अस्तित्व 2015 में आया और प्रथम वर्ष से ही यहां के विद्यार्थी जेइइ मेंस और एडवांस में बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। यह संस्थान सामान्य क्षमता वाले छात्र-छात्राओं को भी उच्चस्तरीय ज्ञान एवं उच्च मानक समर्थन के बल पर उनके अंदर रिजल्ट ओरियेंटेड भावना को जागृत कर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवाने में सक्षम रहा है। चैंप स्क्वॉयर का झारखंड में सर्वश्रेष्ठ चयन अनुपात रहा। इसके साथ प्रतिक रतन ने एआइआइ - 613 लाकर संस्थान और शहर का मान बढ़ाया। इन शिष्यों ने अपने गुरुजनों एवं चैंप स्क्वॉयर में कार्यरत सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों के प्रति आभार प्रकट करते हुए अपनी सफलता को अपने अभिभावक एवं शिक्षकों को समर्पित किया है। चैंप स्क्वॉयर संस्थान उनकी पढ़ाई के लिए सर्वोत्तम रहा। उनका कहना है कि चैंप स्क्वॉयर ने उनका सर्वांगीण विकास किया है। यहां की पढ़ाई एवं टेस्ट उनके लिए काफी लाभदायक रहा। बच्चों का उत्साह अप्रतीम था। वे अपने शिक्षकों को धन्यवाद दे रहे थे। इस संस्थान ने 12वीं पास बच्चों का सर्वश्रेष्ठ रिजल्ट दिया। अब उनका लक्ष्य जेइइ मेन का दूसरा सेशन एवं एडवांस की तरफ है। पिछले कई वर्षों के छात्रों के अध्ययन से यह पता चलता है कि जिन छात्रों की उपस्थिति का प्रतिशत 85 या उससे अधिक है, उनके विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में सफलता का प्रतिशत 95 रहा है। इसके अलावा भूमि पोद्दार, सौम्य कुमार सिंह, प्रियांशु, दिपांशु, सृजन, अभिराज, उत्कर्ष, चंद्रप्रकाश, अभिनव, उत्कर्ष गर्ग, अभिज्ञान, अनवेशा एवं अन्य छात्राओं का उत्कृष्ठ प्रदर्शन रहा। चैंप स्क्वॉयर में छात्रों की व्यक्तिगत समस्या निराकरण हेतु नियमित रूप से ऑनलाइन दिन में 10 से रात के 8:30 तक भौतिक शास्त्र रसायन शास्त्र एवं गणित के शिक्षक उपलब्ध रहते है, जिनसे किसी भी वर्ग के छात्र अपनी समस्या का निराकरण करा सकते हैं।










# जेइइ मेंस 2023 में ब्रदर्स ऐकेडमी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

## ब्रदर्स ऐकेडमी के 400 से अधिक छात्रों ने जेइइ मेंस परीक्षा में पायी सफलता

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** किसलय (एआइआर-554) और निशांत (एआइआर-638) ने अपने शानदार प्रदर्शन से ब्रदर्स एकडेमी का गौरव बढ़ाया है। ब्रदर्स ऐकेडमी के कुछ छात्र, जिन्होंने उक्त परीक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, उनके नाम इस प्रकार हैं : किसलय, निशांत कुमार, पलक चौधरी, आशना, अभिजीत, कनिष्क सकरवार, अर्नव प्रतिव, इशिता बेदी, आरुषि शर्मा, निशांत मौर्य, प्रियांशु मिश्रा, अंश जालान, निश्चल कुमार साहू, सृजन स्वप्निल, आलोक यादव, साकेत कश्यप, अक्षण सिंह, प्रत्युष अग्रवाल एवं अन्य छात्रों के झूमते समूह ने एक स्वर में अपनी सफलता का श्रेय ऐकेडमी के अनुशासित शैक्षणिक परिवेश और शिक्षकों के छात्रों के प्रति समर्पण को दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन ने ही हमें सफलता की राह पर ला खड़ा किया है। सारगर्भित शिक्षण, शिक्षकों का दिशा-निर्देश, उच्चस्तरीय पाठ्य सामग्री, क्विज संचालन और इनका विश्लेषणात्मक मूल्यांकन, संस्थान का उद्देश्य के प्रति समर्पण बहुत उच्च कोटि का है। सिलेबस की समाप्ति के बाद ऐकेडमी द्वारा संचालित टेस्ट सीरिज बैट्स ने हमारे डर को पूरी तरह समाप्त कर दिया और आइआइटी की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने में बहुत मददगार रहा है। संस्थान के निदेशक पारस अग्रवाल, प्रेम प्रसून और शुभेंदु शेखर ने कहा कि एक बार फिर हमारे छात्रों की सफलता ने ऐकेडमी का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आइआइटी एडवांस परीक्षा में भी इन छात्रों से विशिष्ट प्रदर्शन अपेक्षित है, क्योंकि बच्चों ने पूरे वर्ष जी-तोड़ मेहनत कर अपनी क्षमता को निखारा है। सफलता परीक्षा के दिन नहीं, बल्कि तैयारी के दौरान गढ़ी जाती है। निदेशकों ने छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए आगामी परीक्षाओं के लिए उन्हें शुभकामनाएं दीं। सफल छात्रों के अभिभावकों ने भी ब्रदर्स एकेडमी के शिक्षकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि एकेडमी के शिक्षकों के सतत परिश्रम ने इन बच्चों को ज्ञान और ऊर्जा से भरे मार्ग की दिशा दिखायी और बच्चों के सघन अध्ययन का परिणाम आशा जनक रहा।



# न्यूटन ट्यूटोरियल के अनन्ये एआइआर 270 और एआइआर 379 रैंक लाकर अंकित अव्वल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** इस वर्ष जेइइ मेंस 2023 की परीक्षा में हरिओम टावर, सरकुलर रोड, रांची स्थित न्यूटन ट्यूटोरियल प्राइवेट लिमिटेड के छात्रों ने गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी उत्कृष्ट प्रदर्शन यहां के शिक्षकों के उचित मार्गदर्शन में किया। संचालक इमरान अली के अनुसार इस वर्ष न्यूटन ट्यूटोरियल्स से कुल 215 छात्रों ने जेइइ मेंस में सफलता विभिन्न कोर्सो में पायी है। न्यूटन ट्यूटोरियल्स सें सबसे अच्छा रैंक अलग-अलग केटेगरी में, जिसका रैंक 15000 के अंदर है, अनन्ये 270, अयनिप्रीति 287, अंकित कुमार 379, अनिकेत कुमार 1537, शिवम कुमार 1940), मो. ए 7175, मोहित कुमार 7518, शिवम मोदी 8845, पायल सोनी 585, प्रदीप मोदक 8544, पल्लवी कुमारी 9874, सरबजीत राणा 9955, आदित्य आर्यन 10874, अर्पित आनंद 11808, अरमान राज 11809, पीयूष कुमार 12423, राहुल राज 13804, प्रिंस कुमार 14255, अनुभूति 16101(सी), सना परवीन 16797, करण कुमार 17304, स्वीटी कुमारी 17863, सिकंदरा 18868, विपुल विनीत 37092 आदि छात्रों का जेइइ मेंस 2023 में मिला है। इतने सारे छात्रों के सफल होने के संबंध में पूछने पर निदेशक इमरान अली ने बताया कि यहां का स्टडी पैकेज जेइइ मेंस एवं जेइइ एडवांस के अनुरूप ही बनाया गया है। यहां शिक्षक एवं छात्रों के बीच बहुत ही मिलनसार सबंध है, इसलिए छात्र बिना किसी संकोच के शिक्षक से अपना डाउट का समाधान करते हैं। यहां डाउट सौल्व करने के लिए एक अतिरिक्त शिक्षकों का दल सुबह 10 बजे से संध्या सात बजे तक उपलब्ध रहता है।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**